सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
18.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
SURJABASHA
epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 125

12 आतंक के खिलाफ एकजुट होंगे भारत समेत 80 देश

# पूछताछ के बाद सीएम आवास लौटे हेमंत

## पत्नी कल्पना सोरेन लेने गयी थीं, करीब सवा 9 घंटे इडी आफिस में रहे सीएम

### दोपहर में घर से मंगा कर खाना खाया
### बसंत सोरेन इडी दफ्तर छोड़ने गये थे
### आसपास थी कड़ी सुरक्षा, धारा 144

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन घोटाले मामले में इडी ने सीएम हेमंत सोरेन से बुधवार को करीब 9.15 घंटे तक पूछताछ की। इडी ने अवैध खनन से जुड़े कई मामलों में उनसे जानकारी ली। पूछताछ के बाद रात 9.40 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इडी कार्यालय से बाहर निकले और अपने काफिल के साथ सीएम आवास रवाना हुआ। दिन के 12 बजे श्री सोरेन से पूछताछ शुरू हुई, जो रात के 9.40 बजे तक चली। रात करीब 8.48 मिनट पर सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन उन्हें लेने इडी कार्यालय पहुंची थी। लगभग एक घंटा इडी दफ्तर में रहने के बाद कल्पना सोरेन के साथ ही सीएम इडी दफ्तर से बाहर निकले। दोपहर में सीएम के लिए उनके घर से खाना इडी ऑफिस आया था। खाने में रोटी, चावल, दाल और सब्जी थी। अगली पूछताछ कब होगी, ये अभी साफ नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सो सीएम पार्टी कार्यकर्ताओं से बात कर सकते हैं। इडी के बुलावे पर गुरुवार को मुख्यमंत्री दोपहर 11.55 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच सीएम इडी कार्यालय पहुंचे थे। उनके छोटे भाई बसंत सोरेन उन्हें ईडी दफ्तर तक छोड़ने आये थे। तब से इडी की टीम ने उनसे लगातार पूछताछ की। मुख्यमंत्री से पूछताछ के लिए इडी कार्यालय के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी थी। सीएम के पहुंचने के पहले रांची जिला प्रशासन ने इडी ऑफिस समेत संवेदनशील जगहों पर धारा 144 लगा दिया था, ताकि राजनीतिक दल के कार्यकर्ता शक्ति प्रदर्शन न कर सके। इडी ऑफिस के बाहर 500 से अधिक सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी थी। सीएम से पूछताछ के लिए बकायदा दिल्ली से अफसरों की टीम रांची पहुंची है। इडी ने दूसरी बार समन भेजकर मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले उन्हें 3 नवंबर को बुलाया था, लेकिन व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देते हुए सीएम ने समय की मांग की थी। इसके बाद इडी ने 17 नवंबर का समय दिया था।

### बोले बसंत सोरेन, हेमंत ही रहेंगे सीएम

इससे पहले सीएम के साथ उनके भाई विधायक बसंत सोरेन भी इडी ऑफिस पहुंचे थे, लेकिन वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने बंसत सोरेन को बाहर ही रोक दिया। सीएम हेमंत सोरेन अंदर चले गये। सीएम के अंदर जाते ही इडी ऑफिस का गेट बंद कर दिया गया। ऑफिस के बाहर बसंत सोरेन ने मीडिया को बताया कि झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन नहीं होने जा रहा है। हेमंत सोरेन ही हमारे सीएम हैं और रहेंगे।




## सीएम ने कहा, मुझ पर लगे सभी आरोप निराधार

# षडयंत्रकारियों को राज्यपाल का संरक्षण

**रांची (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि उनके ऊपर लगे सभी आरोप निराधार हैं। पूछताछ के लिए इडी दफ्तार जाने से पूर्व गुरुवार को सीएम, कांके रोड स्थित सरकारी आवास पर पत्रकारों से मुखातिब थे। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में रेवेन्यू की भारी वृद्धि हो रही है। राज्यहित में सरकार के विकास कार्य षडयंत्रकारियों को पच नहीं रहा है। वे सरकार को खिलाफ षडयंत्र रच रहे हैं। वहीं कहीं न कहीं राज्यपाल भी राजनीति से प्रेरित हो रहे हैं। वे विपक्षी दलों के षडयंत्र को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल, राज्य में पटाखे-बम फोड़ने की बात करते हैं। उनके बयान के बाद इडी का समन आ जाता है। इसके बाद सत्ता पक्ष के विधायकों पर छापामारी शुरू हो जाती है। इससे कोई भी राजभवन की भूमिका पर सवाल उठा जाता है। सीएम ने कहा, मुझे जो खबर मिल रही है, कई और सत्ताधारी विधायकों पर छापामारी होगी। उन्होंने कहा, पूर्व की सरकारों पर लगे आरोपों को देखेंगे, तो रेवेन्यू में नुकसान हो रहा था। कार्रवाई की गति काफी धीमी थी। हमारी सरकार राज्य के संसाधन को हम बढ़ा रही है। राज्य के समग्र विकास की लंबी लकीर खींची जा रही है। हमारी सरकार पर जनता ने जो विश्वास किया है, वह विपक्षियों को रास नहीं आ रहा है। उन्हें यकीन हो गया है कि वे राजनीतिक हाशिये पर जा चुके हैं। (शेष पेज 11 पर)



### राजभवन की भूमिका पर उठाये सवाल

सीएम ने कहा कि राज्यपाल ने अब तक लिफाफा को नहीं खोला है। मुझे लगता है कि वो भी किसी समय का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से राज्यपाल ने दूसरा मंतव्य मांगा है, जो पूरी तरह से असंवैधानिक है। इस संबंध में जब मैंने चुनाव आयोग से जानकारी मांगी, तो हमें बताया गया कि राज्यपाल ने कोई मंतव्य नहीं मांगा है। सीएम ने आरोप मढ़ा कि इससे कहीं न कहीं राजभवन की भूमिका भी राजनीति से प्रेरित है। राज्यपाल ने विपक्षी दलों के षडयंत्र को संरक्षण दे रखा है।

### इडी को लिखे पत्र में सीएम ने जांच पर उठाये सवाल, कहा

## सिर्फ साहिबगंज में 1000 करोड़ का अवैध उत्खनन संभव नहीं



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने गुरूवार को ईडी को खुला पत्र भेजा है। साथ ही उन्होंने पत्र की प्रति मीडिया को भी उपलब्ध करायी। उन्होंने कहा है कि झारखंड से अवैध खनन को समाप्त करने के लिए कृत संकल्पित हूं। इस दिशा में किसी भी एजेंसी के ईमानदार प्रयास का स्वागत करता हूं। 29 दिसंबर 2019 को मेरी सरकार के कार्यभार संभालने के बाद पत्थर खनन से प्राप्त होने वाली रॉयल्टी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी है। पिछले 2 सालों में कोरोना के कारण खनन कार्य प्रभावित होने के बावजूद रॉयल्टी 270 करोड़ रुपए से बढ़कर 360 करोड़ रुपये राज्य को मिला। लगभग 20 प्रतिशत पत्थर खनन का रॉयल्टी साहिबगंज से आता है, लेकिन आपके स्टेटमेंट से ऐसा लगता है कि साहिबगंज में हजार करोड़ रुपए का अवैध खनन स्कैम हुआ है। सीएम ने कहा, सिर्फ साहिबगंज में ऐसा होना संभव नहीं लगता है। इडी को बगैर तथ्यों एवं आंकड़ों का सत्यापन किये हजार करोड़ रुपये का अवैध खनन संबंधी सनसनीखेज बयान जारी करना शोभा नहीं देता है। वह भी तब जब पिछले करीब एक साल से जांच की जा रही है और 50 से अधिक रेड किए जा चुके हैं। साहिबगंज में पत्थर के अवैध खनन से हजार करोड़ के राज्य को राजस्व नुकसान के आप के आरोपों के संबंध में निम्नलिखित तथ्य विचारणीय है। उन्होंने कहा है कि खनन विभाग के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार पिछले 2 सालों में पूरे झारखंड राज्य में लगभग 9 करोड़ मैट्रिक टन पत्थर का खनन हुआ है। इसमें 60 परसेंट बोल्डर 35 परसेंट स्टोन चिप्स और 5 परसेंट स्टोन डस्ट इत्यादि हैं। 9 करोड़ मीट्रिक टन में से करीब 20 प्रतिशत पत्थर का खनन साहिबगंज जिला में हुआ है। इसके अलावा राज्य को 95 प्रति मीट्रिक टन रॉयल्टी बोल्डर पर, 175 रुपए प्रति मैट्रिक स्टोन चिप्स पर और 18 प्रति मैट्रिक टन स्टोन डस्ट पर रॉयल्टी मिलता है। (शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### मंच पर ही फिर बिगड़ी गडकरी की तबीयत

**सिलीगुड़ी।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में शिरकत करने के दौरान अचानक तबीयत खराब हो गयी। डॉक्टरों ने उनकी स्वास्थ्य जांच की। भाजपा के विधायक नीरज जिम्पा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गडकरी की तबीयत बाद में ठीक हो गयी और वह अपनी कार में सवार होकर रवाना हो गये। पश्चिम बंगाल के दौरे पर आये गडकरी ने सिलीगुड़ी में 1,206 करोड़ रुपए की तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

### आफताब का होगा नार्को टेस्ट

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के महरौली में श्रद्धा वालकर की जघन्य हत्या मामले में आरोपित आफताब को साकेत कोर्ट ने पांच दिन की दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया है। वहीं, कोर्ट ने नार्को टेस्ट की भी मंजूरी दे दी है। पुलिस ने अदालत को बताया कि वह जांच के लिए आरोपित को उत्तराखंड और हिमाचल ले जायेगी। आफताब की वीडियो कान्फेंस के जरिए पेशी हुई। आरोपित की पांच दिन की रिमांड बृहस्पतिवार को खत्म हो गयी थी, इसलिए पुलिस ने कोर्ट से जांच के लिए आफताब की कस्टडी बढ़ाने की मांग की थी। आरोपित पर संभावित हमले के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए आफताब की पेशी की।

### मकान का मलबा गिरा तीन श्रमिकों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सोलन में भवन निर्माण के दौरान कल देर रात मलबा गिरने से तीन श्रमिकों की मौत हो गयी। हादसा सोलन जिले के धर्मपुर के पास सिहरडी में हुआ। जिस वक्त मलबा गिरा उस समय श्रमिक वहां काम कर रहे थे। हादसे में तीन मजदूर मलबे की चपेट में आ गये। हादसे का पता चलते ही जेसीबी की मदद से मलबा हटाया गया,तब तक दो मजदूर दम तोड़ चुके थे। उनके शव को बाहर निकाल लिया गया है। तीसरे मजदूर ने भी बाद में दम तोड़ दिया। जिला प्रशासन को मामले की जांच के आदेश भी दिए हैं।

### नेपाल चुनावः राजीव कुमार अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक बने

**नयी दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार को नेपाल चुनाव आयोग ने आगामी चुनावों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक के रूप में आमंत्रित किया है। इसीआइ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मतदान पैनल ने एक विज्ञप्ति में कहा कि संघीय संसद के 275 सदस्यों और सात प्रांतीय विधानसभाओं की 550 सीटों के चुनावों के लिए नेपाल में बीस नवंबर को मतदान निर्धारित है। विज्ञप्ति के अनुसार श्री कुमार 18 से 22 नवंबर तक नेपाल में राजकीय अतिथि के रूप में ईसीआई अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे एवं श्री कुमार इस दौरान काठमांडू और आसपास के इलाकों में मतदान केंद्रों का दौरा करेंगे।

### पलामू में चार हथियार तस्कर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** जिला पुलिस ने हुसैनाबाद में हथियार बेचने जा रहे चार तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से पुलिस ने दो राइफल और 8 गोली बरामद किया है। चारों तस्कर गढ़वा के रहने वाले हैं। हुसैनाबाद के पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है जिसके बाद कई खुलासे होने की उम्मीद है।

# नीट काउंसलिंग के राउंड-1 का शेड्यूल जारी

### 25 से 28 तक कर सकेंगे लाइव च्वॉइस फिलिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) 22 नवंबर से नीट सुपर-स्पेशियलिटी (नीट एसएस) काउंसलिंग 2022 राउंड 1 रजिस्ट्रेशन के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट शुरू करेगी। नीट एसएस 2022 राउंड 1 और 2 के लिए काउंसलिंग शेड्यूल आधिकारिक वेबसाइट एमसीसी डॉट एनआईसीडॉट इन पर उपलब्ध है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर पूरा शेड्यूल देख और डाउनलोड कर सकते हैं।

**28 नवंबर तक होंगे रजिस्ट्रेशन :** अब मेडिकल काउंसलिंग कमेटी द्वारा जारी किए गए आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, नीट एसएस काउंसलिंग 22 नवंबर से शुरू होगी और 28 नवंबर 2022 तक आयोजित की जाएगी। एमसीसी के अनुसार, पहले दौर की फीस भुगतान सुविधा 22 नवंबर से 28 नवंबर तक जारी रहेगी। च्वॉइस फिलिंग विंडो 25 से 28 नवंबर तक लाइव होगी और च्वॉइस लॉकिंग सुविधा 28 नवंबर (रात 11:55 बजे) तक उपलब्ध होगी। नीट एसएस सीट अलॉटमेंट प्रक्रिया 29 से 30 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। इसके रिजल्ट 1 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। उम्मीदवारों को 2 से 7 दिसंबर, 2022 तक अलॉटेड कॉलेज में रिपोर्ट करना होगा। (शेष पेज 11 पर)

### नीमडीह एसआइ 5000 रु. घूस लेते गिरफ्तार

**चांडिल/जमशेदुपर।** गुरुवार को कोल्हान की एसीबी टीम ने सरायकेला खरसावां जिले के नीमडीह अंचल कार्यालय के अंचल निरीक्षक खेला राम मुर्मू को 5000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम उसे ले कर जमशेदपुर के सोनारी स्थित एसीबी कार्यालय लेकर पहुंची। वहां उससे पूछताछ की जा रही है। अंचल निरीक्षक खेलाराम मुर्मू पर नीमडीह थाना क्षेत्र के शिवपुरी कालोनी निवासी प्रशांत कुमार ने रिश्वत मांगने की शिकायत एसीबी में दी थी। म्यूटेशन के लिए अंचल निरीक्षक ने सात हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। पांच हजार रुपए देने की बात हुई। शिकायत को एसीबी की टीम ने सही पाया। गुरुवार को वे प्रशांत कुमार अंचल कार्यालय पहुंचे। रिश्वत मांगने वाले अंचल निरीक्षक को 5000 रुपए दिया।


## ज्ञानवापी केस में मुस्लिम पक्ष को एक और झटका

# शिवलिंग की पूजा को लेकर याचिका स्वीकार

**एजेंसी**

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर मामले में गैर मुस्लिम का प्रवेश वर्जित करने, वजूखाने में मिले शिवलिंग की पूजा-पाठ, राग-भोग की अनुमति और परिसर हिंदुओं को सौंपे जाने की मांग को लेकर गुरुवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया है। इससे मुस्लिम पक्ष को एक और झटका लगा है। वहीं वादी किरण सिंह बिसेन द्वारा दायर याचिका पर कोर्ट ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा है कि यह मामला सुनवाई योग्य है। अब इस मामले पर आगे सुनवाई की जायेगी। किरण सिंह की तरफ से दाखिल वाद सुनवाई योग्य है या नहीं इस पर सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में सुनवाई हुई है।

**राइट टू प्रॉपर्टी का दिया गया हवाला :** अधिवक्ता ने दलील दी गयी कि विशेष धर्म स्थल विधेयक 1991 इस वाद में प्रभावी नहीं है।



ज्ञानवापी के स्ट्रक्चर का पता नहीं है कि वह मस्जिद है या मंदिर। इसके ट्रायल का अधिकार केवल सिविल कोर्ट के पास है। इस दौरान कहा गया कि मुगल शासक औरंगजेब नें मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनाने का आदेश दिया था। हिंदू पक्ष पर वक्फ एक्ट लागू नहीं होता है। इसलिए यह वाद सुनवाई योग्य है और मुस्लिम पक्ष यानि की अन्जुमन की तरफ से पोषणीयता के बिंदु पर दिया गया आवेदन खारिज करने योग्य है। (शेष पेज 11 पर)

### हिंदू पक्ष की ओर से की गयी तीन मांगें

गत 15 अक्टूबर को इस मामले पर दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी थी। तब से आदेश में पत्रावली लंबित है। इससे पहले इस मामले पर 8 नवंबर को आदेश आना था, लेकिन अदालत के पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण अगली तारीख 14 नवंबर को तय की गयी थी। जिसके बाद अब 17 नवंबर को मामले पर सुनवाई की गयी। किरण सिंह के अधिवक्ताओं ने दलील देते हुए कहा था कि मुस्लिम पक्ष की तरफ से मामला सुनवाई योग्य है या नहीं, इस पर जो आपत्ति जाहिर की थी, वह साक्ष्य और ट्रायल की विषय है। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी का गुंबद छोड़कर सब मंदिर का है और जब इसका ट्रायल होगा तो पता चल जायेगा कि वह मस्जिद है या मंदिर। वहीं दीन मोहम्मद के फैसले पर बात करते हुए कहा गया कि उस केस में कोई हिंदू पक्षकार नहीं था। इसलिए यह हिंदू पक्ष पर लागू नहीं होगा।

## झारखंड नगर निकाय चुनाव : आरक्षण की घोषणा, अधिसूचना जारी

# रांची नगर निगम मेयर का पद एससी के खाते में

### राज्य निर्वाचन आयोग ने 9 नगर निगम, 20 नगर परिषद के मेयर/महापौर व अध्यक्ष पद के लिए किया आरक्षित और अनारक्षित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव को लेकर नगर निगमों के महापौर तथा नगर परिषदों के अध्यक्ष के पदों का आरक्षण तय कर दिया है। आयोग ने गुरुवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। राज्य के 9 नगर निगम, 20 नगर परिषद के क्रमशः मेयर/महापौर और अध्यक्ष के पदों को आरक्षित और अनारक्षित कोटे में बांट दिया गया है। अधिसूचना के मुताबिक रांची नगर निगम के मेयर पद को अनुसूचित जाति के कोटे में शामिल किया गया है। आयोग ने झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा-27 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन 2022 के उद्देश्य से नगर निगम व नगर परिषद के महापौर व अध्यक्ष के पद आरक्षित व अनारक्षित में बांटने की अधिसूचना जारी की है। इसमें छह नगर निगम के महापौर के पद अनारक्षित श्रेणी में रखे गये हैं, जबकि एक नगर निगम के महापौर के पद अनुसूचित जाति तथा दो नगर निगम के यह पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किये गये हैं।



| नगर निगम | मेयर-महापौर के आरक्षण में बदलाव |
|---|---|
| रांची नगर निगम | अनुसूचित जाति (पुरुष और महिला कोई भी लड़ सकते हैं ) |
| मेदिनीनगर नगर निगम | अनारक्षित (पुरुष और महिला कोई भी लड़ सकते हैं चुनाव) |
| हजारीबाग नगर निगम | अनुसूचित जनजाति (पुरुष और महिला कोई भी लड़ सकते हैं ) |
| गिरिडीह नगर निगम | अनारक्षित (पुरुष और महिला कोई भी लड़ सकते हैं चुनाव) |
| देवघर नगर निगम | अनारक्षित (केवल महिला के लिए) |
| धनबाद नगर निगम | अनारक्षित (केवल महिला के लिए) |
| चास नगर निगम | अनारक्षित (केवल महिला के लिए) |
| आदित्यपुर नगर निगम | अनुसूचित जनजाति (केवल महिला के लिए) |
| मानगो नगर निगम | अनारक्षित (पुरुष और महिला कोई भी लड़ सकते हैं चुनाव) |

### नगर परिषद के निर्वाचन क्षेत्रों की सूची

| | |
|---|---|
| गढ़वा नगर परिषद | अनारक्षित (महिला और पुरुष कोई भी लड़ सकते हैं चुनाव) |
| विश्रामपुर नगर परिषद | अनारक्षित (महिला के लिए) |
| चतरा नगर परिषद | अनारक्षित (महिला और पुरुष कोई भी लड़ सकते हैं चुनाव) |
| झुमरीतिलैया नगर परिषद | अनारक्षित (महिला और पुरुष कोई भी लड़ सकते हैं चुनाव) |

शेष पेज 11 पर

# तीन माह में एलपीजी पर लगेंगे क्यूआर कोड

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) जल्द ही क्यूआर कोड(क्विक रिस्पांस कोड) के साथ आयेंगे, जो घरेलू सिलेंडरों को रेगुलेट करने में मदद करेंगे। रेगुलेट से मतलब है कि उपभोक्ता सिलेंडर के बारे में सबकुछ जान पायेंगे, मसलन, उसे कब रिफिल किया गया, उसमें वजन कितना है और गैस चोरी तो नहीं हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि आने वाले 3 महीनों में सभी गैस सिलेंडरों पर

### स्कैन करते ही सिलिंडर की पूरी जानकारी मिल जायेगी

### कब रिफिल हुआ, गैस चोरी तो नहीं की गयी

क्यूआर कोड लग जायेगा। पेट्रोलियम मंत्री ने अपने ट्विटर प्रोफाइल पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, फ्यूलिंग ट्रेसिबिलिटी! एक उल्लेखनीय इनोवेशन। यह क्यूआर कोड मौजूदा सिलेंडरों पर लगाया जायेगा और नये सिलेंडरों पर वेल्ड किया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 49,800 रु./10 ग्राम
चांदी : 65,000 रु./प्रति किलो

## स्पीड न्यूज

### तीन दिन गुजरात दौरे पर रहेंगे रघुवर दास

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास शुक्रवार से 3 दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। श्री दास गुजरात विधानसभा के चुनाव प्रचार में शामिल होंगे। उनके साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुखभाई मांडवीया भी रहेंगे।

### वेलफेयर एसोसिएशन का गठन

रांची। सीसीएल मुख्यालय में (ओबीसी) बैकवर्ड क्लास कोल एम्पलॉइज वेलफेयर एसोसिएशन का गठन हुआ है। यह सीसीएल ओबीसी अध्यक्ष दीपक कुमार, प्रभारी ननकु महतो के देख रेख में किया गया।

# सीएम हेमंत सोरेन ने विकास की लंबी लकीर खींची है : सुप्रियो

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र सीएम हेमंत सोरेन ने विकास की लंबी लकीर खिंची है। श्री भट्टाचार्य गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीएम ने लंबे संघर्ष को एक मुकाम तक पहुंचाने का काम किया है। सीएम ने खतियान से आधारित स्थानीयता को स्वरुप देने का काम किया है। यह राज्य जब अलग हुआ था तब यहां के पिछड़ों के पास 27 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार था। बाबूलाल मरांडी ने सरकार गठन करने के साथ-साथ 2001 में सुदेश महतो के सहयोग से 27 आरक्षण को विलुप्त करते हुये 14 प्रतिशत करने का काम किया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जब जनता के बीच पहुंच रही है तो भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है।

### सीएम आवास के बाहर झामुमो कार्यकर्ता जुटे रहे

रांची। खनन लीज मामले में सीएम हेमंत सोरेन ईडी कार्यालय में पूछताछ के मद्देनजर झामुमो कार्यकर्ताओं का कांके रोड पर जमावडा रहा। गुरूवार देर शाम तक सीएम आवास के बाहर भारी संख्या मे कार्यकर्ता जुटे हुये थे। अस्थायी मंच के चारों ओर घेरकर कार्यकर्ता बैठे थे।


**e-Procurement Cell**
**JHARKHAND STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD., RANCHI**

**Short Term e-Procurement Notice**
**Date : 16/11/2022**

| Sl. No | Tender Reference No. | Work Name | Amount in (Rs) | Completion Time | Call No. | Advt. PR. No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JSBCCL/132/2022-23 | Construction of New International Astroturf Hockey Stadium in Simdega District | Rs. 8,20,18,882/- | 12 Months | 5th | 275277 |
| 2 | Date of Publication of Tender on Website | | 22.11.2022 at 11:00 AM | | | |
| 3 | Start Date of Submission of Bids | | 22.11.2022 at 11:00 AM | | | |
| 4 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 12.12.2022 at 05:00 PM | | | |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bid Security Money and Tender Fee | | 14.12.2022 upto 11:30 AM | | | |
| 6 | Date/Time of opening of Bid | | 14.12.2022 at 12:00 PM | | | |
| 7 | Name & Address of office Inviting tender | | e-Procurement Cell, Jharkhand State Building Construction Corporation Ltd., Ranchi. | | | |
| 8 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 0651-2446259 | | | |
| 9 | e-mail ID | | jsbccljharkhand@gmail.com | | | |

Any change can be seen on Website http:// Jharkhandtenders.gov.in.
*Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in*

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Jharkhand State Building Construction
Corporation Ltd., Ranchi

PR.NO.282584 Jharkhand State Building Construction Corp. ltd.(22-23):D



**कार्यालय : जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग**

पत्रांक 1670 (DHS) दिनांक 17.11.2022

**Walk in Interview**

अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 128(MD), दिनांकः– 15.01.2022 के आलोक में हजारीबाग जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में चार अटल मुहल्ला क्लीनिक की स्थापना व संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र.सं. | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री। |
| 2 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगी)। |
| 3 | मानदेय | रू0 36400.00 (1400.00/– प्रति दिन)। |
| 4 | कार्य का समय | 8.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक। |
| 5 | सूचीबद्ध किये गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 6 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता नहीं होगा। | |

इच्छुक उम्मीदवार Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण पत्र की छाया प्रति के साथ सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल परिसर, हजारीबाग में दिनांक 25.11.2022 को अपराह्न 12:00 बजे से 04:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग

PR.NO.282544 Health Med Edu and Family Welfare(22-23):D



**कार्यालय जिला गव्य विकास पदाधिकारी हजारीबाग**

**आम सूचना**

सरकार के सचिव , कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड रांची के राज्यादेश संख्या 23रा0 वि0 दिनांक 07.011.2022 के आलोक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर युवाओं / महिलाओं को स्वनियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनुदानित / लाभुक अशंदान (स्वंय या बैंक ऋण) पर संचालन हेतु गव्य प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं से लाभन्वित होने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति के तहत् विहित प्रपत्र मे आवेदन का आमंत्रित किया जाता हैः–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | इकाई लागत प्रति युनिट | लक्ष्य: 50 प्रतिशत अनुदान | लक्ष्य: 75 प्रतिशत अनुदान | लक्ष्य: 90 प्रतिशत अनुदान | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 02 गाय की योजना | 135050/- | 0 | 45 (OSP) | 60(OSP) | केवल महिलाओं के लिए। |
| 2 | 05 गाय की योजना | 337625/- | 3 (OSP) | 2(SCSP) | 0 | |
| 3 | 10 गाय की योजना | 675250/- | 1(OSP) | 1(SCSP) | 0 | |
| 4 | हस्तचालित चैफ कटर | 8000/- | 0 | 15 (OSP) | 7(SCSP) | |
| 5 | विधुत चलित चैफ कटर | 20000/- | 0 | 4 (OSP) | 3(SCSP) | |
| 6 | मिल्किंग मशीन | 120000/- | 0 | 2 (OSP) | 1(SCSP) | |
| 7 | वर्मी कम्पोस्ट युनिट | 25000/- | 0 | 15 (OSP) | 8(SCSP) | |
| 8 | पनीर एवं खोवा मेकिंग युनिट | 100000/- | 0 | 2(OSP) | 1(SCSP) | |
| 9 | काउ मैट 6.5'X4' | 5200/- | 0 | 16(OSP) | 8(SCSP) | |
| 10 | डीप बोरिंग युनिट | 100000/- | 0 | 3(OSP) | 3(SCSP) | |
| 11 | संतुलित पशुआहार | RS-24/KG | 0 | 32000 KG (OSP) | 20000 KG (SCSP) | |
| 12 | मिनरल मिक्स्चर | RS- 120/KG | 0 | 8000 KG (OSP) | 4000 KG ( SCSP) | |
| 13 | शीतवर्द्वक सप्लीमेन्ट | RS- 60/KG | 0 | 800 KG (OSP) | 500 KG (SCSP) | |

**चयन हेतु अहर्ताए एवं प्रकियाः–**

- जिला के लाभुको का चयन ग्राम सभा द्वारा किया जायेगा ।
- योजनावार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने पर योजना का लाभ दिया जायेगा ।
- जिला स्तरीय चयन समिति से अनुमोदन उपरांत लाभुक अंशदान राशि एक माह के अंदर संबंधित खाता में जमा कराना होगा।
- सभी योजनाओं का अनुदान राशि DBT के माध्यम से लाभुकों के Escrow Account में हस्तांतरित की जायेगी ।

**02 गाय की योजना :–**

- इस योजना में सिर्फ महिलाओं को आच्छादित किया जाना है।
- 75% के अनुदान की योजना सभी वर्ग के महिलाओं / स्वंय सहायता समुह के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुडे को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा ।
- 90% के अनुदान की योजना दिव्यांग /आपदा/ अगलगी/ सडक दुर्धटना / परित्यक्ता ग्रामीण महिलाओं के लाभुकों को योजना का लाभ दिया जायेगा ।(प्रमाण पत्र अनिवार्य)

**05 /10 गाय योजना :–**

- 50% के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला–पुरूष / स्वंय सहायता समुह /सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुडे को प्राथमिकता के आधार पर योजना का का लाभ दिया जायेगा ।
- 75% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों को योजना से आच्छादित किया जाना है।(प्रमाण पत्र अनिवार्य)

**अन्य योजनाए :–**

- 75% के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला–पुरूष / स्वंय सहायता समुह /सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुडे को प्राथमिकता के आधार प्रर योजना का का लाभ दिया जायेगा ।
- 90% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों को योजना से आच्छादित किया जाना है।(प्रमाण पत्र अनिवार्य)

**नोट :–** उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने एवं जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी /भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/ जिला गव्य विकास कार्यालय हजारीबाग से सम्पर्क करेंगे ।

निवेदक :–
जिला गव्य विकास पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 282528 Animal Husbandry(22-23)#D


रांची में आजसू पार्टी के एक कार्यक्रम में बोले केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो

# ओबीसी को राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्र में भागीदारी रोकने की सोची समझी साजिश

खबर मन्त्र संवाददाता




रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि सोची समझी साजिश के तहत ओबीसी को राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भागीदारी और प्रतिनिधित्व से रोकने के लिए सरकार हर हथकंडे अपना रही है। पंचायत चुनाव के बाद निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण से वंचित किया जाना इसका स्पष्ट प्रमाण है। साथ ही, राज्य सरकार ओबीसी हितों को लेकर जो भी दुहाई देती है, वह झूठ और फरेब के सिवाय कुछ नहीं होता।

सरकार की नीति और नीयत ओबीसी के खिलाफ है। ओबीसी वर्ग के लिए निकाय चुनाव में आरक्षण लागू नहीं किये जाने के मसले पर आज रांची में पार्टी के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों के लिए आरक्षित सीटों को अनारक्षित किया जाना अनुचित है। सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ओबीसी अपने हक और अधिकार के लिए अब तक संघर्ष करते आये हैं। आजसू पार्टी इस आवाज को बड़े आंदोलन का रूप देने के लिए तैयार है। पंचायत चुनाव के बाद नगर निकाय चुनाव में भी ओबीसी के सीटों को सामान्य करना, महज संयोग नहीं हो सकता। यह पिछड़ों को राजनीतिक एवं सामाजिक रुप से दरकिनार का षड्यंत्र है। इससे पहले आज इस विषय पर आजसू पार्टी की ओर से जिला मुख्यालयों में जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को एक मांग पत्र सौंपा गया। रांची में मोराबादी मैदान से कार्यकताओं ने जुलूस की शक्ल में राजभवन मार्च किया। राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा। मार्च का नेतृत्व डॉ देवशरण भगत, बनमाली मंडल, भरत काशी, संजय महतो, ज्ञान सिन्हा, बंटी यादव, वर्षा गाड़ी ने किया।

### नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण से वंचित कर सरकार ने अपने पैर में कुल्हाड़ी मार ली है : राजेंद्र

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने पिछड़ी जातियों को नगर निकाय चुनाव में आरक्षण नहीं दिए जाने पर कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि झारखण्ड सरकार पिछड़ों और सदानों के अधिकारों के खिलाफ खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा एक तरफ सरकार पिछड़ों के आरक्षण को बढ़ाने की बात करती है और जब पिछड़ी जातियों को अधिकार देने की बात आती है तो सरकार पीछे हट जाती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है। प्रसाद ने कहा की पंचायतों में पिछड़ों को आरक्षण दिए बिना चुनाव कराया गया और अब नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण दिए बिना चुनाव कराने से साबित हो गया कि झारखण्ड सरकार पिछड़ी जातियों को उनके अधिकारों से वंचित कर यह साबित कर दिया है कि पिछड़ी जातियों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात करना सिर्फ धोखा है। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार झारखंडियों के हित में कुछ अच्छा काम करती है तो सामाजिक संगठन के नाते मोर्चा ने उसका स्वागत भी किया है। लेकिन झारखंड की 55 प्रतिशत आबादी वाली पिछड़ी जातियों की उपेक्षा करेगी तो मोर्चा इसका घोर विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में पिछड़ी जातियों की और सदानों की उपेक्षा बन्द नहीं हुई तो फिर आने वाले समय में इसकी खामियाजा सरकार में शामिल दलों को भी भुगतना पड़ेगा। प्रसाद ने कहा कि निकाय चुनाव में पिछड़ी जातियों को हर हाल में आरक्षण दिया जाना चाहिए था।

## बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव कराना धोखा : राजेश गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के गठबंधन की सरकार ने शहरी नगर निकाय चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के अधिसूचना जारी कर 52% ओबीसी समुदाय के साथ धोखा किया है। बावजूद ओबीसी के हकों के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लगातार संघर्ष करेगा। उक्त बातें मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए जबरदस्त आंदोलन किया था। यह मामला न्यायालय में गया तो सरकार ने हलफनामे में कहा कि अगली चुनाव ओबीसी आरक्षण के साथ की जाएगी। लेकिन अगली चुनाव नगर निकाय मैं बिना ओबीसी आरक्षण का अधिसूचना जारी कर ओबीसी समुदाय के साथ धोखा किया है और न्यायालय के साथ भी। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए कई आंदोलन किए। धरना प्रदर्शन के साथ सेमिनार, मंत्री विधायकों के घर घंटा बजाओ नींद से जगाओ आदि कार्यक्रम के माध्यम से ट्रिपल टेस्ट की कार्यवाही पूरे कर सुप्रीम कोर्ट को सौंपने की मांग की गई थी। लेकिन गठबंधन की सरकार पूरी तरह से ओबीसी समुदाय के हितों की अनदेखी कर नगर निकाय चुनाव की घोषणा की।

दूसरी तरफ ओबीसी का आरक्षण 14% से 27% करने की विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया लेकिन उससे ओबीसी समुदाय को कोई फायदा होने वाला नहीं है क्योंकि यह मामला 9वीं अनुसूची में डालने हेतु केंद्र सरकार के पाले डाल दी गई है, जबकि यह काम राज्य सरकार के जिम्मे था कि वह ओबीसी का आरक्षण तुरंत लागू कर सकती थी।

## रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन के आदेश को हाइकोर्ट ने किया रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने रांची के बजरा मौजा ( हेहल ) रांची के खाता नंबर 140 की 7.16 एकड़ जमीन की जमाबंदी खोलने के रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन के आदेश को रद्द कर दिया। छवि रंजन ने रवि सिंह भाटिया व श्याम सिंह के पक्ष में आदेश पारित किया था। सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में हुई। जागेश्वर साहू व श्याम सिंह की ओर से मामले में याचिका दाखिल की गई थी।

### धनबाद एसएसपी हाइकोर्ट में हुए सशरीर उपस्थित

रांची। धनबाद में एक ट्रक में रखे 32 टन कोयला को रिलीज करने से संबंधित एक क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। इस दौरान धनबाद एसएसपी और सरायढेला थाना प्रभारी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। मामले में उनकी ओर से अदालत में अपना पक्ष रखा गया। कोर्ट ने धनबाद एसएसपी और सरायढेला थाना प्रभारी को कोर्ट में उपस्थिति से छूट प्रदान करते हुए मेरिट पर सुनवाई के लिए 14 दिसंबर की तिथि निर्धारित की।

## समरी लाल के गवाह ने कोर्ट में कहा- अंग्रेज यहां लेकर आये और बसाया, इसका प्रमाण नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से उपस्थित गवाह सजना राम का बयान अदालत के समक्ष दर्ज हुआ।

गवाही के दौरान सजना राम से पूछा गया कि आपको राजस्थान से अंग्रेज यहां लेकर आए और तब से आप यहीं रह रहे हैं, क्या इसका कोई प्रणाम आपके पास है। जिस पर उन्होंने बताया कि ऐसा कोई प्रणाम उनके पास नहीं है। इसके साथ ही उनसे और भी कई सवाल किए गए। अब अगले गवाह की गवाही शुक्रवार को होगी। याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा और अविनाश अखौरी ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। वहीं समरी लाल की ओर से अधिवक्ता अमर कुमार सिन्हा ने पक्ष रखा। हाइकोर्ट में विधायक समरी लाल के निर्वाचन को चुनौती दी गयी है।

### भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क करवाई पर हाइकोर्ट ने लगायी रोक

रांची। भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट के उनके खिलाफ किसी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया है। निशिकांत दुबे की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा। अब अदालत 8 जनवरी को इस मामले में सुनवाई करेगा।

## सीए सुमन कुमार, राम विनोद सिन्हा की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद पूजा सिंघल, सीए सुमन कुमार और बर्खास्त जेई राम विनोद प्रसाद सिन्हा की न्यायिक हिरासत अवधि 14 दिन तक बढ़ा दी गई है। गुरुवार को तीनों आरोपियों को वीडिया कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख एक दिसंबर निर्धारित की है। मालूम हो कि खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले की ईडी जांच कर रही है। ईडी ने पूजा सिंघल के खिलाफ कार्रवाई करते हुये सीए सुमन कुमार के आवास से 19 करोड़ रुपये बरामद किए थे। इसके बाद ईडी ने दोनों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया था। इससे पहले कनीय अभियंता राम विनोद प्रसाद सिन्हा को इस मामले में बर्खास्त कर दिया गया। फिलहाल वह भी जेल में है।

### सीए सुमन के डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई 24 को

रांची। मनी लांड्रिंग मामले की आरोपी आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर 24 नवंबर को सुनवाई होगी। गुरुवार को ईडी कोर्ट में अर्जी पर सुनवाई की तारीख सूचीबद्ध थी। लेकिन, याचिकाकर्ता की ओर से समय की मांग की गई। अदालत ने एक सप्ताह का समय दिया। मामले में पूजा सिंघल एवं सुमन कुमार के खिलाफ आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई होनी है। इससे पूर्व सुमन कुमार ने दो नवंबर को अपने आप को मामले में निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की है। मालूम हो कि सुमन कुमार को ईडी ने बीते 7 मई को गिरफ्तार किया था। ईडी की तलाशी कार्रवाही में उसके आवास से 17 करोड़ 49 लाख 87 हजार 200 रुपये एवं उसके कार्यालय परिसर से 29.70 लाख रुपये की राशि बरामद की गई थी।

## एक ही क्लास रूम में चल रही दो विषयों की पढ़ाई

रांची। झारखंड में शिक्षा व्यवस्था की रोज नई जानकारी प्रकाश में आ रही है। ताजी जानकारी एक ही क?लास रूम में दो विषयों की पढ़ाई होने की मिली है। इसका खुलासा निरीक्षण के दौरान हुआ है। शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने इसपर नाराजगी जताई है। इसमें सुधार करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा सचिव ने 12 नवंबर, 2022 को इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र लिखा है। उन्होंने इसमें हजारीबाग और पलामू जिले के स्कूल का निरीक्षण का जिक्र किया है। सचिव ने लिखा है कि पलामू जिले के सतबरवा के आदिवासी टोला मध्य विद्यालय और हजारीबाग सदर के मटवारी मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में पाया गया कि एक ही क्लास रूम में दो शिक्षकों द्वारा बच्चों को दो विषय पढ़ाया जा रहा था। सचिव ने लिखा है कि यह पढ़ाई की दृष्टिकोण से कतई उचित नहीं है।

## खबर एक नजर में

### कोर्ट फीस पर अगली सुनवाई एक दिसंबर को

रांची। झारखंड स्टेट बार काउंसिल द्वारा राज्य सरकार की कोर्ट फी अमेंडमेंट एक्ट को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से बनाई गई 3 सदस्य वाली कमेटी की रिपोर्ट कोर्ट को सौंपी गई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण एवं एमिकस क्यूरी वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया कि यह रिपोर्ट समिति की अनुशंसा है, जब तक इस पर राज्य सरकार का कोई निर्णय नहीं होता है और इस पर कानून नहीं बनता है तब तक इसका कोई महत्व नहीं है। कोर्ट को बताया गया कि नए कोर्ट फीस कानून में 2 अनुसूची है। जिसमें समिति ने केवल अनुसूचित एक (निचली अदालतों में दिए जाने वाले कोर्ट फीस) के बारे में ही अनुशंसा की है। मगर अनुसूचित दो, जो हाईकोर्ट की कोर्ट फीस से संबंधित है उसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहा है। बहस के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने राज्य सरकार के निर्णय को कोर्ट के सामने प्रस्तुत करने के लिए समय की मांग की। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 1 दिसंबर निर्धारित की। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने कहा था की नए कानून के हिसाब से अगर कोर्ट फीस वसूल किया जाता है तो वह केस के अंतिम निर्णय से प्रभावित होगा।

### जगदीश साहू को 5.98 लाख मिलेगा मुआवजा

रांची। सड़क हादसे में 45 प्रतिशत तक स्थायी विकलांगता का सामना कर रहे लोहरदगा के सेन्हा निवासी जगदीश प्रसाद साहू को 5.98 लाख रुपये मुआवजा मिलेगा। एमएसीटी के पीठासीन अधिकारी मनीष की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल दावा आवेदन पर सुनवाई के बाद उक्त आदेश दिया है।

# राज्य समन्वय समिति का गठन, शिबू सोरेन होंगे अध्यक्ष

## अधिसूचना जारी, राज्य की विकास योजनाओं के साथ सामंजस्य स्थापित करने को हुआ है गठन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के संतुलित विकास की संभावना तलाशने और जन-आकांक्षाओं के अनुरूप राज्य के विकास योजनाओं के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए झारखंड राज्य समन्वय समिति का गठन किया गया है। झारखंड के पूर्व सीएम सह झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन इसके अध्यक्ष होंगे। समिति में पांच सदस्य बनाये गये हैं। उन्हें मंत्री का दर्जा दिया गया है। इसको लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने गुरुवार को संकल्प जारी कर दिया है। जारी संकल्प में कहा गया है कि राज्य के पिछड़े क्षेत्रों में आर्थिक विकास की गति को तीव्र करने संबंधी योजना और उपायों पर सम्यक विचार करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस कार्य के लिए औद्योगिक विकास एवं क्षेत्रों को चिन्हित कर उसके लिए आधारभूत संरचनाओं की व्यवस्था किया जाना है।

**सरकार को देगी सलाह :** राज्य से होने वाले मजदूरों के पलायन को रोकने के साथ-साथ राज्य की बुनियादी आवश्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित कर उनका सतत विकास किया जाना है। मानव संसाधनों के सम्यक विकास को सुनिश्ति करने के उद्देश्य से किये जाने वाले कार्यों के त्वरित निष्पादन के निमित्त राज्य सरकार को परामर्शित करने के लिए एक उच्च स्तरीय झारखंड राज्य समन्वय समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है।

### राजेश ठाकुर, सरफराज अहमद, फागू बेसरा, योगेंद्र महतो और विनोद पांडेय को मिलेगा मंत्री का दर्जा

समिति का अध्यक्ष पूर्व सीएम सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन होंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सरफराज अहमद, फागू बेसरा, झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो को सदस्य बनाया गया है। उक्त समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता और बंधु तिर्की को भी सम्मिलित किया गया है।

**कार्यकाल 3 साल का होगा :** झारखंड राज्य समन्वय समिति का कार्यकाल 3 वर्षों का होगा। उक्त समिति समय-समय पर राज्य सरकार को परामर्शित करेगी। समिति के अध्यक्ष के आवास में ही समिति का कार्यालय होगा। समिति की बैठकें प्रत्येक माह आयोजित की जा सकेंगी। समिति को अपेक्षित एवं यथावश्यक सचिवालीय सहायता मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी (समन्वय) विभाग द्वारा दी जायेगी।

**इन्हें मिलेगी सुविधाएं :** समिति के सभी सदस्य (शिबू सोरेन, सरफराज अहमद, आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, बंधु तिर्की को छोड़कर) को राज्य के मंत्री को अनुमान्य सभी सुविधाओं के साथ मंत्री का दर्जा दिया गया है।

स्पीड न्यूज

### आज से तीन दिन के गुजरात दौरे पर रघुवर



**जमशेदपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शुक्रवार से तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर रहेंगे। यहां वे गुजरात विधानसभा के चुनाव प्रचार में शामिल होंगे। पूर्व सीएम रघुवर दास कतारगाम विधानसभा में तीन दिन रहेंगे। उनके साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुखभाई मांडवीया भी रहेंगे। श्री दास स्थानीय नेताओं के साथ बैठक के अलावे राजनीतिक सभाओं व विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा डोर टू डोर कैंपेन में भी हिस्सा लेंगे। पूर्व सीएम रघुवर दास 18 नवंबर को दिन के 3 बजे सूरत पहुंचेंगे। जहां वे 18, 19 और 20 को विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

### झामुमो कैडरों को लेकर जा रही बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त



**गम्हरिया।** झामुमो द्वारा रांची में आयोजित शक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं को ले जा रही एक बोलेरो कांड्रा-चौका मार्ग पर लखना सिंह घाटी के समीप एक टेलर से टकरा गई। इस दुर्घटना में बोलेरो पर सवार पांच लोगों में एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई है जबकि चार अन्य लोगों को हल्की चोटें आई और वे बाल- बाल बच गये। वाहन में सवार सभी लोग राजनगर प्रखंड के गोविंदपुर से झामुमो के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।

### गम्हरिया : एचडीएफसी बैंक के एटीएम में चोरी



**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक के समीप बाजार के सटे भालोटिया रोड में बीती रात अज्ञात चोरों ने हरि अग्रवाल के मकान में स्थापित एचडीएफसी बैंक के एटीएम में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। हालांकि कितने की चोरी की गई है इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। बैंक के अधिकारियों के आने के बाद एफआईआर दर्ज कराने के पश्चात ही जांच पड़ताल हो सकेगा। गुरुवार की सुबह जब एक ग्राहक एटीएम में पैसे निकालने घुसा तो उसने जहां एटीएम को क्षत विक्षत देखा और बगैर पैसे निकाले ही बाहर आकर आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी।

### श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल का उद्घाटन आज

**जमशेदपुर।** श्री सत्य साई हेल्थ एंड एजूकेशन ट्रस्ट के द्वारा कांतिभाई गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल परिसर में शुक्रवार की दोपहर 12.30 बजे श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल मदर चाइल्ड हेल्थ सर्विसेज का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल रमेश वैस बतौर मुख्य अतिथि और झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद विद्युतवरण महतो और टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे।

### पद्मा प्रसाद की पुस्तक कस्तूरी काव्य संग्रह का लोकार्पण कल अयोध्या में

**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय साहित्य-कला संस्कृति संगम साहित्योदय के बैनर तले 19-20 नवंबर को श्रीराम लला अंतराष्ट्रीय साहित्योत्सव जन रामायण काव्यार्चन का आयोजन किया जायेगा। इस लौहनगरी से इस महाकुंभ के साक्षी बनने हेतु डॉ प्रतिभा कुमकुम, पद्ममा प्रसाद, डॉ आषा गुप्ता, अनीता निधि, आरती श्रीवास्तव विपुला, वीणा नंदिनी, सुनिता देवी, स्मृति पाण्डेय और माधुरी मिश्रा सभी साहित्यकार बहनें इस समारोह में शामिल होंगी। इस अवसर पर शहर की कवयित्री पद्मा मिश्रा के काव्य संग्रह कस्तूरी का विमोचन भी होगा। शहर की साहित्यकार पद्ममा प्रसाद ने कहा कि आयोजन की पूर्व संध्या पर सभी रचनाकार राम की पैड़ी में दीपदान कर आयोजन की सफलता और जन कल्याण हेतु कामना करेंगे।

# मोटी सेठानी म्हारो बेडो पार लगनो पडसी रे... जैसे भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

➲ कलश शोभा यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों भक्त

■ मंगसीर नवमी महोत्सवः जय दादी की जयकारों से गूंज उठा जुगसलाई का क्षेत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** श्री राणी सती सत्संग समिति जुगसलाई द्वारा आयोजित दो दिवसीय मंगसीर नवमी महोत्सव के प्रथम दिन गुरूवार को जुगसलाई में कलश शोभा यात्रा निकाली गई। सुबह 7 बजे से गणेश और कलश पूजन किया गया। यजमान सरोज-सीताराम खंडेलवाल, मेघा-अंशुल रिंगसिया, सुनीता- संजय कसेरा, दीपा-दिलीप रिंगसिया, प्रियंका-सुरेश अग्रवाल ने पूजा की और पंडित बजरंग शर्मा एवं बिनोद शर्मा ने पूजा करायी। पूजन के बाद कलश शोभा यात्रा निकाली गई। सबसे आगे बैंड बाजा, उसके बाद स्कूल के बच्चो द्वारा निशान और उसके बाद समिति के सदस्य दादी मां का सामूहिक निशान लेकर चल रहे थे। रथ में झुंझनू वाली दादी मां की झांकी सजाई गई थी। शोभा यात्रा के दौरान समिति के कलाकार जगदीश प्रसाद शर्मा, सुधीर शर्मा, बैजनाथ शर्मा, गोविंद भारद्वाज, महिला कलाकार सुनीता और अदिति भारद्वाज द्वारा दी गयी भजनों की प्रस्तुति में श्रद्धालु झूमते रहे। कलश शोभा यात्रा राणी सती दादी मंदिर से निकल कर स्टेशन रोड, गौशाला रोड, नया बाजार, मारवाड़ी पाड़ा रोड़, चौक बाजार, छप्पन भोग रोड़ से गर्ल्स स्कूल रोड़ जुगसलाई होते हुए वापस मंदिर आई। इस दौरान जय दादी की जय दादी मां की जयकारों से जुगसलाई गूंज उठा। कलश शोभा यात्रा में शहर के दादी भक्तों ने खूब बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। भक्तों में शोभा यात्रा के लिए काफी उत्साह दिखा।

**रंगलाल मैरिज हाऊस में भजन संध्या :** कार्यक्रम के दुसरे चरण में रंगलाल मैरिज हाऊस जुगसलाई में रात्रि जागरण एवं भजन संध्या का शुभारंभ दादी जी की पूजन एवं ज्योत प्रज्जवलित से हुई। समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने पत्नी सुधा अग्रवाल संग दादी की ज्योत ली एवं रात्रि जागरण की शुरूआत की। सर्वप्रथम समिति के सदस्यों के बच्चों द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी ने यह मनमोहक नृत्य की काफी प्रशंसा की। भजन संध्या में सर्व प्रथम समिति के कलाकारो द्वारा गणेश वंदना म्हारा प्यारा रे गजानंद आईजो जी... से शुभारंभ किया गया। आमंत्रित कलाकार कोलकाता के आयुष त्रिपाठी, हैदराबाद की प्रियंका गुप्ता, टाटानगर की नेहा कौर समेत समिति के ही सदस्य बैजनाथ शर्मा ने अपने मीठे-मीठे भजनो से सबको खूब झूमाया। कलाकारों ने मोटी सेठानी म्हारो बेडो पार लगनो पडसी रे..., ये तेरा दरबार सजा हैं मां तुझे मनाने के लिए..., तेरा किसने किया श्रृंगार मावड़ी..., दादी दादी बोल दादी सुन ले सी..., दिवाने हम दादी के हम तो मतवाले है हम दादी वाले हैं... लाया थारी चुदड़ी कर लो दादी स्वीकार... आदि भजनों की शानदार प्रस्तुति दी।

# निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण से वंचित रखना अन्याय है : रामचंद्र सहिस

■ आजसू ने जिला मुख्यालय पर दिया एक दिवसीय धरना

■ राज्य सरकार का रुख सदैव निराशाजनक रहा : कन्हैया सिंह

■ आरक्षित सीटों को आनारक्षित कर धोखा दे रही सरकार : प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गुरुवार को आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन दे राज्य में हो रहे निकाय चुनाव पर रोक लगाने और पिछड़ा वर्ग का हक और अधिकार दिलाने की मांग की गई।

धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि राज्य में निकाय चुनाव कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके तहत ओबीसी के लिए आरक्षित विभिन्न स्तर के पदों को समाप्त किए जा रहे हैं। यानी निकाय चुनाव में ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) को आरक्षण से वंचित किया जा रहा है। इससे पिछड़ा वर्ग में भारी रोष है और आजसू पार्टी सदैव इसके लिए संघर्ष किया है और आगे भी करती रहेगी, क्योंकि पिछड़ा वर्ग के इस रोष से और प्रतिनिधित्व तथा भागीदारी के सवाल पर आजसू पार्टी लगातार आवाज उठाती रही है। और राज्य के मुखिया सिर्फ घोषणाओं के दम पर सरकार चलाने और राज्य की जनता को धोखा देने का कार्य रही है और आजसू पार्टी इसे कतई बर्दास्त नही करेगी ।सहिस ने कहा कि इसी वर्ष मई महीने में बिना ओबीसी आरक्षण के झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ और ऐसा झारखंड के इतिहास में पहली बार हुआ है और राज्य में ओबीसी के साथ किए जा रहे धोखा बर्दास्त नही करेगी ,महाधरना में प्रभारी रवि शंकर मौर्या ने कहा कि राज्य में ताजा हालातो के लिए आजसू पार्टी का मानना है कि यह स्थिति पैदा करने के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार जिम्मेदार है। इन चुनावों में ओबीसी को उनका हक और अधिकार मिले, इसके लिए सरकार कभी गंभीर और संवेदनशील नहीं रही और आजसू पार्टी द्वारा लगातार आवाज उठाए जाने के बावजूद ओबीसी के साथ भेदभाव करते हुए जिलों में निकाय चुनाव को लेकर सभी प्रक्रिया पूरी की जा रही है इससे यह साबित होता है की हेमंत सोरेन पिछड़ों के विरोधी है और उनके हक अधिकारों के साथ धोखा देकर उनके हक मारी कर राज्य के विकास में बाधक बन रहे हैं।



धरना के पश्चात राज्यपाल के नाम प्रशासन के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस व सहयोगी।

धरना में जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि पंचायत चुनाव से पहले ट्रिपल टेस्ट कराने तथा पिछड़ों को उनका वाजिब हक दिलाने हेतु आजसू पार्टी ने विभिन्न स्तरों पर आवाज मुखर की। लेकिन हेमंत सरकार ने ट्रिपल टेस्ट कराने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जो राज्य के आधे से अधिक आबादी को धोखा देकर उनके विकास को रोकने का काम कर रहे है और आजसू पार्टी हार हाल में निकाय चुनाव में ओबीसी के अधिकार लेकर रहेगी ।

कन्हैया सिंह ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम श्री रमेश बैस से राजभवन में मिलकर इस मुद्दे पर ज्ञापन सौंपते हुए पिछड़ों के साथ लगातार होती अनदेखी के बारे में विस्तार से चर्चा की है।

## एक नजर में

### शेखर डे को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड



**जमशेदपुर।** प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन का स्थापना दिवस समारोह गत मंगलवार को मिलानी हॉल में आयोजित किया गया। धूमधाम से आयोजित समारोह में समाजसेवा में अग्रणी योगदान देने के लिए श्रीलेदर्स के निदेशक एवं मिलानी के अध्यक्ष शेखर डे को लाइफ टाइम एचिवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। शेखर दा के साथ यह अवार्ड मायाराम, पुलक कुमार,निखिल मंडल और टाटा स्टील के गोताखोर मजहरुल बारी को भी प्रदान किया गया।

### आदिम ट्रस्ट ने मनाया दिशोम सोहराय पर्व




**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था आदिम ट्रस्ट ने दिशोम सोहराय पर्व आदित्यपुर में धूमधाम से मनाया। जिसमें झारखंड समेत विभिन्न राज्यों से आये लगभग 350 से अधिक कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी कला का प्रदर्शन कर खूब ताली बटोरी। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं सांसद गीता कोड़ा और विशिष्ट अतिथि के रूप में आरआईटी थाना प्रभारी तजीर खां एवं ग्लोबल ट्राइबल क्वीन 2022 पूजा लकड़ा उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आये गणमाण्य लोगों को संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के संस्थापक बुधराम बेसरा, अध्यक्ष रामचन्द्र मांझी, सचिव सुषमा कुमारी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण हांसदा, डाथ्टर टुडू का मुख्य योगदान रहा।

### एरियर पर्ची भुगतान होने पर कान्वाई चालकों ने शुरू करायी बुकिंग

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स की चेसिसों को विक्रय केंद्रों तक पहुंचाने वाली कंपनी टीटीसीए के कनवाई चालकों के बुकिंग भविष्य एवं कनवाई बुकिंग यार्ड में धरने पर बैठने के कारण गत बुधवार 16 नवंबर को टाटा मोटर की एक भी गाड़ियां जाने के लिए बुक नहीं हो सकी। किन्तु 17 नवंबर की सुबह 10:00 बजे पहले चालको का एरियर भुगतान पर्ची वितरण किया गया फिर कनवाई बुकिंग आरंभ हुआ। इस क्रम में गुरुवार को 100 चालकों को एरियर भुगतान पर्ची दिया गया और प्रतिदिन 100-100 चालकों को पर्ची दिया जाएगा का आश्वासन टीटीसीए प्रबंधन द्वारा दिया गया। चालकों का दूसरा विवाद सलाना बोनस पर डीएलसी जमशेदपुर द्वारा दो बार जवाब मांगने के बाद भी टाटा मोटर प्रबंधक जवाब नहीं दे सका जो निर्धारित तिथि 16/11/2022 डीएलसी जमशेदपुर श्रम विभाग रखा था। एक और विवाद चालकों को अति कुशल श्रेणी का न्यूनतम मजदूरी भुगतान किया जाए को लेकर डीसी जमशेदपुर द्वारा डीएलसी जमशेदपुर को श्रम विभाग झारखंड सरकार के दिए निर्देश का पालन करने को कहा है। जिस आदेश में पहले ही सरकार तय कर चुके करवाई चालक अति कुशल श्रेणी के मजदूर हैं जिसके प्रति उपलब्ध करा दी गई है। जमशेदपुर में प्राय: कंपनी में भारी वाहन चलाने वालों चालक है उन्हें अधिक कुशल श्रेणी का मजदूरी 658 रुपये दैनिक भुगतान होता है जबकि कानबाई चालकों के लिए रगड़ घास जारी है, मजेदार बात 24 घंटे कार्य का कानवाई चालको को 370 मजदूरी मिलता है। कान्वाई चालक इस मामले को 21 नवंबर को पूर्वी सिंहभूम की डीसी से मिल कर उठायेंगे और न्याय करने की मांग करेंगे।

## संवाद का तीसरा दिन... माहली और गोलन नृत्य ने लोगों को किया मुग्ध



बंगाल का महाली डांस करतीं महिला नृत्य दल



गोलन आदि वासी नृत्य प्रस्तुत करता दल।

# सम्मान : टाटा स्टील लिमिटेड को मिला रिम्स ईआरएम ग्लोबल अवार्ड ऑफ डिस्टिंक्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदुपर/मुंबई।** द रिस्क मैनेजमेंट सोसाइटीⓇ (रिम्स) ने रिम्स ईआरएम कॉन्फ्रेंस 2022 में प्रतिष्ठित 'ईआरएम (एंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट) ग्लोबल अवार्ड ऑफ डिस्टिंक्श' प्रदान किया है। यह पुरस्कार टाटा स्टील की उत्कृष्ट ईआरएम उपलब्धियों को स्वीकृति प्रदान है, जिसने प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, उद्यम में सहयोग को सुदृढ़ करने तथा रणनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में संगठन को सक्षम बनाया है। टाटा स्टील ने गतिशील और अनिश्चित व्यावसायिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, जोखिम-कुशल सूचित निर्णय लेने तथा अप्रत्याशित परिदृश्यों के लिए सक्रिय रूप से तैयारी करके दीर्घकालिक मूल्य सृजन हेतु अपने ईआरएम ढांचे को विकसित एवं नियोजित किया है। इस ढांचे में मानक उद्योग प्रथाएं, अंतरराष्ट्रीय मानक (सीओएसओ एवं आईएसओ 31000 सहित) शामिल हैं, जबकि व्यवसाय के लिए भी इसे अनुकूलित किया जा रहा है। एक समर्पित टीम द्वारा संचालित, यह ढांचा व्यावसायिक इकाइयों, स्तरों और कार्यों में गहराई से अंतर्निहित है। यह अत्यधिक प्रभावशाली आर्थिक, आपूर्ति श्रृंखला और जलवायु परिवर्तन जोखिमों के प्रबंधन के साथ-साथ संगठन में लचीलेपन बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कारक रहा है। इस पुरस्कार मिलने पर खुशी जताते हुए टाटा स्टील के सीइओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन ने कहा, वैश्विक रूप से विविध परिचालन वाली एक इकाई के रूप में, टाटा स्टील दीर्घकालिक सस्टेनेबिलिटी के साथ विकास एवं लाभप्रदता को संतुलित करने के लिए जोखिम कुशल निर्णय लेने पर निर्भर करती है।




# स्काउट एंड गाइड के जिला मुख्यालय में हुआ झारखंड स्थापना दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की 147 वीं जन्म जयंती और झारखंड राज्य की स्थापना दिवस के उपलक्ष में , आयोजित कार्यक्रम के तहत जमशेदपुर के साक्ची, आम बगान स्थित भारत स्काउट एंड गाइड के जिला मुख्यालय में इस अवसर पर विशेष रूप से रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें जिला के कई विद्यालयों के चयनित 90 स्काउट और गाइड के छात्र- छात्राओं के अलावा स्काउट शिक्षक और गाइड शिक्षिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मौके पर कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्काउट और गाइड के बच्चों के लिए मुख्य रूप से चित्रांकन ,भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि भारत स्काउट एंड गाइड के जिला सचिव चंद्रमणि मोदी, विशिष्ट अतिथि पूर्व स्काउट्स रविंद्र कुमार और गाईडर - संगीता मिश्रा ने संयुक्त रूप से भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर किया। मौके पर उपस्थित शिक्षक , शिक्षिकाओं, स्काउट मास्टर्स , गाइड शिक्षिका , स्काउट और गाइड के बच्चों के द्वारा भी

# एलबीएसएम कॉलेज में पूर्वी क्षेत्रीय कविता उत्सव 19 को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** साहित्य अकादमी और एलबीएसएम कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में 19 नवंबर को कॉलेज सभागार में पूर्वी क्षेत्रीय कविता उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार झा ने बताया कि कार्यक्रम को 3 चरणों में बांटा गया है। पहला उद्घाटन सत्र होगा जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गंगाधर पांडा व विशिष्ट अतिथि साहित्य अकादमी के क्षेत्रीय सचिव देवेंद्र कुमार देवेश, कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव जयंत शेखर और सुबोध सरकार बांग्ला भाषा परामर्श मंडल के संयोजक उपस्थित रहेंगे।



**उर्दू के अहमद बद्र करेंगे कविता पाठ :** कार्यक्रम के प्रथम सत्र वर्ष संताली भाषा के मदन मोहन सोरेन, असमिया के उत्म कुमार बरदले, बंगला के कमल चक्रवर्ती, बोडो के रश्मि चौधरी।

### एसडीओ ने की बिल्डर्स एसो. के प्रतिनिधियों संग बैठक



**जमशेदपुर।** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के तहत 9 नवंबर 2022 से 8 दिसंबर 2022 तक जिले में चलाये जा रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नागरिकों से मतदाता सूची में नाम, पता आदि त्रुटियों को शुद्ध करने, फोटो अपडेट करने आदि से संबंधित कार्य किये जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र में पूर्व के चुनावों में मतदान का कम प्रतिशत को देखते हुए 48 जमशेदपुर पूर्वी एवं 49 जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के गेटेड कम्यूनिटी यथा सोसायटी, अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों के मतदाता सूची में शत प्रतिशत नाम निबंधन, पलायन/स्थानांतरित या मृत मतादाताओं का नाम हटाते हुए त्रुटिहीन मतदाता सूची निर्माण में सहयोग को लेकर बिल्डर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक समाहरणालय सभागार में की गई । बैठक में एसडीएम धालभूम पियूष सिन्हा, अपर उपायुक्त सौरभ सिन्हा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री कानू राम नाग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, कार्यपालक दण्डाधिकारी सुमित प्रकाश मौजूद रहे।

# जमशेदपुर : सूर्य मंदिर समिति के महामंत्री बने अखिलेश चौधरी, लक्ष्मीकांत मंदिर प्रभारी


➲ अध्यक्ष भूपेंदर सिंह ने किया मंदिर कमेटी का विस्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भुपेन्दर सिंह ने गुरुवार को मंदिर समिति का विस्तार कर दिया। दो संरक्षक वाली समिति में एक मंदिर प्रभारी, एक महामंत्री, चार उपाध्यक्ष एवं चार मंत्री बनाये गए हैं। इसके अतिरिक्त एक कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी एवं सह मीडिया प्रभारी बनाये गए हैं। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भुपेन्दर सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर कमेटी सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यों के प्रति यूं ही सजग होकर धर्म जागरण, विश्व कल्याण और संस्कृति संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य करती रहेगी।

**नवगठित कमेटी इस प्रकार है -** मुख्य संरक्षक : रघुवर दास, संरक्षक : चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष : भूपेंदर सिंह, उपाध्यक्ष : अमरजीत सिंह राजा, संतोष यादव, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, महामंत्रीः अखिलेश चौधरी, मंत्रीः रूबी झा, कृष्ण मोहन सिंह, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, कोषाध्यक्षः अधेन्दू बनर्जी, मंदिर प्रभारीः लक्ष्मीकांत सिंह, मीडिया प्रभारीः प्रेम झा एवं सह-मीडिया प्रभारीः प्रमोद मिश्रा।





अध्यक्ष भूपेंद्र सिह और महासचिव अखिलेश चौधरी।

इसके अलावे कमेटी में 16 लोगों को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। जिनमें मिथिलेश सिंह यादव, कमलेश सिंह, रामबाबू तिवारी, संजीव सिंह, दिनेश कुमार, पवन अग्रवाल, चन्द्रशेखर मिश्रा, गुरुदेव सिंह राजा, गुंजन यादव, खेमलाल चौधरी, कुलवंत सिंह बंटी, संजय सिंह (बारीडीह बस्ती), सुशांतो पांडा, कमलेश साहू, ईश्वर लाल तिवारी एवं सरयू गोस्वामी शामिल हैं।

कमेटी में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मुन्ना अग्रवाल, शिवशंकर सिंह, महेंद्र यादव, अप्पा राव, बोल्टू सरकार, राकेश कुमार, सत्यप्रकाश सिंह (टुनटुन), दीपक कुमार (बागुननगर), संजय सिंह (विद्यापति नगर), संतोष ठाकुर, बबलू गोप, सुरेश शर्मा।

### स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में टाटा स्टील के कैडेट्स ने जीते 16 पदक



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ट्रेनिंग सेंटर के कैडेटों ने 10 से 12 नवंबर, 2022 के बीच चतरा में आयोजित द्वितीय झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 16 पदक जीतकर सेंटर का नाम रोशन किया है। पदकों में विभिन्न आयु वर्गों में छह स्वर्ण, दो रजत और आठ कांस्य शामिल थे। सभी छात्रों ने पूर्वी सिंहभूम जिला टीम के हिस्से के रूप में इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। टाटा स्टील के हेड, स्पोर्ट्स, आशीष कुमार ने पदक विजेताओं से मुलाकात की और सेंटर का नाम रोशन करने के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विजेता छात्रों से बातचीत के दौरान कोच अपूर्वा दासगुप्ता और वरिष्ठ खिलाड़ी दिनेश रक्षित भी मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### मेयर ने किया पूर्व सीएम का स्वागत



**मेदिनीनगर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास के पलामू आगमन पर नगर निगम क्षेत्र के हेरिटेज स्कूल के समीप मेयर अरुणा शंकर ने भव्य स्वागत किया। मेयर ने गुलदस्ता भेंटकर रघुवर दास का अभिवादन किया। कहा कि नगर निगम क्षेत्र में आपका हार्दिक स्वागत है। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, मेयर अरूणा शंकर, विधायक आलोक चौरसिया, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह, विभाकर नारायण पांडे, नरेंद्र पांडे, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, आनंद सिंह, जय दुबे, शिव कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, अनुज पांडे, संतोष पांडे, कृष्ण विजय सिंह, विजय शर्मा, पंकज, अमित आनंद तिवारी, भोला पांडे, संदीप कुमार, अरुण प्रसाद, मनीष कुमार, अशोक साहू, बैजनाथ प्रसाद आर्य, महेश्वर सिंह, आशीष सिन्हा, रवि प्रसाद, मुकद्दर प्रसाद, राणा प्रताप कुशवाहा, रोहू प्रसाद , मुखिया शंभु राम, शंभु मेहता, राजेंद्र सिंह चेरो, राजेश कुमार शामिल थे।

### सांसद ने किया रघुवर का स्वागत



**सतबरवा पलामू।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को पलामू संसदीय क्षेत्र में प्रवेश करते ही सतबरवा में सांसद बीडी राम ने कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पगुच्छ भेंटकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके बाद सांसद के साथ शामिल कार्यकर्ताओं ने रघुवर दास का अभिवादन किया। मौके पर भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक चौरसिया, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह, विभाकर नारायण पांडे, नरेंद्र पांडे, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, आनंद सिंह, जय दुबे, शिव कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, अनुज पांडे, संतोष पांडे, कृष्ण विजय सिंह आदि शामिल थे।

### कार्यकर्ताओं ने किया दास का स्वागत

**सतबरवा पलामू।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को पलामू आगमन पर गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से सतबरवा के ब्रह्म स्थान पर भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्री दास ने ब्रह्म बाबा का पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व विधायक हरे कृष्ण सिंह, जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, मनोज सिंह, दुर्गा जौहरी, ज्योति सिंह, विनोद सिंह, लवली गुप्ता, अरविंद तिवारी, सुधा कुमारी, मनीष कुमार, राणा प्रताप कुशवाहा, रिंकी देवी, आशीष सिन्हा, विजय शर्मा, सोनू सिकंदर, भीष्म चौरसिया, महेश्वर सिंह आदि उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद में भी रघुवर का भव्य स्वागत



**हुसैनाबाद, पलामू।** गुरुवार को झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास के पलामू दौरा पर हुसैनाबाद के वरिष्ठ भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह ने जोरदार स्वागत किया। विदित हो कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एक विशेष दौरा पर पलामू पहुंचे थे, जिससे पलामू जिला के कई बड़े नेता उनके आवभगत एवं स्वागत करने के लिए जुटे हुए हैं। उसी दौरान हुसैनाबाद विधानसभा की ओर से श्री सिंह ने मेदिनीनगर के दुबियाखाड़ चौक पर रघुवर दास को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर भाजपा पलामू के जिला प्रभारी विनय जयसवाल, विधायक आलोक चौरसिया, मनोज सिंह, लवली गुप्ता आदि मौजूद थे।

### हर वार्ड में हुआ चौतरफा विकास : शशि



**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड एक में गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार व उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी एवं वार्ड पार्षद अखिलेश यादव ने आरसीसी नाली का शिलान्यास किया। अध्यक्ष ने कहा कि यह नाली शिवपुरी कॉलोनी मोबाईल टॉवर से लेकर आचार्य सिधेश्वर पाठक के घर तक बनना जो इस क्षेत्र के जनता की डिमांड थी आगे उन्होंने यह भी कहा कि मैं बिना भेद भाव के हर क्षेत्र मुहल्ला और वार्ड में चौतरफा विकास किया हूं। मौके पर सुशील सिंह, पंकज सिंह, गोपाल चौधरी, विजय पासवान, उदय पासवान, रंजीत पासवान, संजय पासवान आदि थे।

### वाहन चेकिंग : चार अपराधी गिरफ्तार

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल के जपला देवरी मुख्य पथ के देवरी ओपी मुख्य गेट के समीप गुरुवार की सुबह करीब सात बजे वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस को तलाशी के क्रम में स्कार्पियो जेएच14 डी 0949 में एक राइफल, पिस्टल और आठ जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधी गढ़वा जिला के थाना नगर उटारी थाना क्षेत्र के चन्न कला गांव निवासी सुभाष कुमार, आनंद कुमार, तौहीद अंसारी, फिरोज अंसारी के नाम बताया जा रहा हैं। देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया की वरीय अधिकारियों द्वारा हर बिंदुओं पर छानबीन के साथ पकड़ाये लोगों से पूछताछ जारी है।

### खेलो झारखंड का सरकारी विद्यालयों में हुआ कई कार्यक्रमों का आयोजन



**पड़वा पलामू।** खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत राज्य परियोजना निदेशक रांची के निर्देशानुसार पंडवा प्रखंड के लगभग 60 विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, मेंढक दौड़, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता, भाला फेंक प्रतियोगिता सहित लगभग एक दर्जन कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया गया। जिसमें रामवि पंडवा, उमवि गाड़ीखास, उमवि कजरी, मवि लोहड़ा, मवि गोल्हना, उमवि लोहड़ी, उमवि बासु, उमवि बढ़काभीठा, स्तरोन्नत उवि लोहड़ा, उमवि मुरमा सहित सभी विद्यालयों में विद्यालयों के शिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिता में भाग दिलाया। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता 19 नवंबर तक विद्यालय स्तर पर किया जाना है।

# प्रदेश के खिलाड़ियों को अपमानित कर रही राज्य सरकार : रघुवर दास

➲ पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने किया स्व अनिल चौरसिया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मंच पर उपस्थित पूर्व सीएम रघुवर दास, पलामू सांसद, विधायक व अन्य।

**चैनपुर पलामू।** झारखंड की पहचान सिर्फ वन, खनिज व संपदाओं से नहीं बल्कि खेल से भी है। राज्य के खिलाड़ियों ने हॉकी और तीरंदाजी से लेकर अन्य खेलों में देश व विदेश पर झारखंड की पहचान को स्थापित कर गौरव प्राप्त किया है। उक्त बातें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कही। वे चैनपुर प्रखंड के लोकेया में दिनकर स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में राज्य स्तरीय स्व अनिल चौरसिया फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि पुत्र वही जो पिता की आज्ञा का पालन कर उनके बताये मार्ग पर चल काम करता हो। आज आलोक चौरसिया अपने दिवंगत पिता स्व अनिल चौरसिया के बताये मार्ग पर चल खेल को बढ़ावा दे रहे हैं जो प्रशंसनीय है। खिलाड़ी चुनौतियों का सामना कर अपनी प्रतिभा को स्थापित करते हैं। पीएम मोदी खेलो इंडिया के साथ खेल को देश स्तर पर बढ़ावा देकर ओलंपिक खेलों में भारत को स्थापित किये। जहां भारतीय खिलाड़ी विश्व में डंका बजा रहे हैं। खिलाड़ियों का हौसला बुलंद कर उनकी पहचान स्थापित कराने में लगे हैं। झारखंड में जब डबल इंजन की सरकार थी तब राज्य सरकार ने कमल क्लब की स्थापना की थी। इसके तहत गांव, पंचायत स्तर के खिलाड़ियों को प्रखंड, जिला स्तर के खेल प्रतियोगिता में शामिल करते हुए राज्य स्तर पर



उन्हें खिलाड़ी के रूप में पहचान दिलाती थी। इससे गांव, पंचायत व जिला स्तर के खिलाड़ियों के अंदर छिपी प्रतिभा को उजागर करने का मौका मिलता था। वहीं झारखंड की वर्तमान सरकार ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित खेल में झारखंड के खिलाड़ियों को पांच-पांच हजार रुपये देकर अपमानित किया है। इतना ही नहीं खेल को बढ़ावा नहीं दिया जा रहा। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल को खेल भावना से खेलें।

**ये भी रहे उपस्थित :** मौके पर सांसद बीडी राम, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, मेयर अरुणा शंकर, डिप्टी मेयर मंगल सिंह, जवाहिर पासवान, सिटु गुप्ता, रामलव चौरसिया, मनोज सिंह, भीष्म चौरसिया, ज्योति पांडेय, विनोद सिंह, जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, सुरेंद्र विश्वकर्मा, राम बाबू, संटु चौरसिया, श्याम नारायण दूबे, प्रेम सिंह, लवली गुप्ता, मीना गुप्ता, पपलू दूबे, प्रमोद सिंह, व्यास राम, लाल सूरज समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने माता शबरी मंदिर निर्माण का किया शिलान्यास



**मेदिनीनगर।** नगर निगम के बेलवाटिका मुहल्ला स्थित मध्य विद्यालय के बगल में माता शबरी मंदिर निर्माण का झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शिलान्यास किया। मंदिर निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों के साथ पलामू जिले के भुइयां समाज के बीच काफी हर्ष है। शिलन्यास के बाद श्री दास ने कहा कि भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम राम ने अपने वनवास काल के दौरान माता शबरी के जूठे बेर खाये थे। उस समय भी कहीं कोई भेदभाव नहीं था। भाजपा भगवान श्रीराम के पदचिह्नों पर चल समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान में लगी है। पलामू में माता शबरी के मंदिर निर्माण हो जाने से एक सामाजिक समरसता का संदेश जायेगा। वहीं उपेक्षित समझने वाले लोगों को भाजपा अपने साथ आत्मसात कर रही है।

# कांडी प्रखंड के श्रीनगर में हो पुल का उद्घाटन : बीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बिहार के रोहतास में सोन नदी पर पंडुका के पास 210 करोड़ रुपये की लागत से 1.5 किमी लंबाई के 2-लेन उच्चस्तरीय आरसीसी पुल के निर्माण कार्य का उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय जायसवाल, सांसद छेदी पासवान, सांसद बीडी राम, बिहार सरकार के मंत्रीगण तथा सांसदों, विधायकों और अधिकारियों की उपस्थिति में शिलान्यास किया गया।

सभा में सांसद ने मांग की है कि जब इस पुल का उद्घाटन किया जाए तो झारखंड के कांडी प्रखंड के श्रीनगर में किया जाये। उक्त मांग को स्वीकार करते हुए गडकरी ने कहा कि जब स्कूल का उदघाटन किया जायेगा तो कांडी में ही किया जायेगा। इस पुल के बनने से एनएच-19 और एनएच 39 सीधे जुड़ जायेंगे, जिससे बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच आवागमन सुगम हो जायेगा।

वर्तमान में रोहतास जिले के पंडुका और झारखंड के गढ़वा जिले से श्रीनगर पहुंचने में 150 किमी अंतर तय करना पड़ता है, इस पुल के बनने से इस सफर में चार घंटे की बचत होगी। डेहरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा और औरंगाबाद, सासाराम शहरों को जाम की समस्या से भी छुटकारा मिलने में आसानी होगी।

पंडुका क्षेत्र में इस पुल के बनने से आस- पास के क्षेत्रों के और राज्यों के औद्योगिक एवं कृषि और डेयरी उत्पाद की बाजार तक पहुंच आसान होगी। इससे समय और ईंधन की भी बचत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बिहार झारखंड की समृद्धि और विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में केंद्र सरकार निरंतर अग्रसर है।

# सांसद आपकी पंचायत के तहत सांसद बीडी राम पहुंचे सुदूरवर्ती संसदीय क्षेत्र

›› जनसमस्याओं के निदान का दिया भरोसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** सांसद विष्णु दयाल राम ने सांसद आपके पंचायत कार्यक्रम के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के नौडीहा बाजार प्रखंड के पांच पंचायतों क्रमशः लालगाडा, चेराई-2, नावाटांड़, विशुनपुर, लक्ष्मीपुर एवं 16 को छतरपुर प्रखंड के छह पंचायतों क्रमशः कवल, नवडीहा, सुशीगंज, काला पहाड़, पिंडराही व कचनपुर का भ्रमण किया। उक्त ग्राम पंचायतों का भ्रमण के दौरान श्री राम ने ग्रामीण जनता से सीधे रूबरू होकर उनकी जनसमस्याओं यथाः सिंचाई, पेयजल, सड़क निर्माण से अवगत होकर यथा संभव निदान कराने का भरोसा दिया।



**खास बातें :** ग्रामीणों की मांग पर लालगाड़ा पंचायत के कुहकु टोला गोरवाटांड़ उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पेयजल समस्या को देख चापाकल एवं नावाटांड़ बाजार, चराई-2, खजुरी एवं लठेया में सामुदायिक भवन निर्माण, बारा मोड़ से महुअरी वाया लक्ष्मीपुर जर्जर सड़क निर्माण एवं ग्राम पंचायत कवल में मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं होने से जनता को बात करने में हो रही कठिनाइयों को दूर करने हेतु उक्त स्थान पर बीएसएनएल मोबाईल टावर लगवाने, कवलाही नाला निर्माण एवं पंचायत कालापहाड़ के सोलंगा और छुछिया में ट्रांसफार्मर लगवाने की घोषणा की। क्षेत्र भ्रमण के दौरान सांसद को जपला के पत्रकार प्रेमानंद चौधरी के ब्रेन हेंब्रेज होने पर वारणसी स्थित ओरिना अस्पताल में दाखिला होने की सूचना ट्विटर से मिली। जिसमें आयुष्मान कार्ड होते हुए भी उक्त अस्पताल से आयुष्मान के तहत इलाज नहीं किया जा रहा था। उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए श्री चौधरी के परिजनों से संपर्क किया एवं पूरी जानकारी लेकर अस्पताल प्रबंधक से वार्ता कर आयुष्मान के तहत ही इलाज करवाया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रयाग विश्वकर्मा, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, अमरेश श्रीवास्तव, चंद्रशेखर गुप्ता, ईश्वरी पांडेय, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मुखिया पति लालबिहारी यादव, पंसस दिनेश विश्वकर्मा, मुखिया हरेंद्र सिंह, अनुप सिंह आदि भी थे।

### प्रतिष्ठान खुलना शहर के विकास का प्रतीक : मनोज



**मेदिनीनगर।** आढ़त रोड जूता घर का उद्घाटन मेदिनीनगर नगर निगम के भावी प्रत्याशी मनोज सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि शहर में प्रतिष्ठान खुलना विकास का प्रतीक है। दुकान खुलने से शहरवासियों को बाहरी सामान आसानी से उपलब्ध हो जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पर्द्धा का है। अधिक दुकान होने से ग्राहाकों को मनपसंद सामग्री आसानी से उपलब्ध होगा। दुकान प्रोपराइटर अनीस ने कहा कि ग्राहकों को बेहतर क्वालिटी उपलब्ध कराया जायेगा।

### पतरिया पंसस ने गरीबों के बीच बांटा कंबल



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के पतरिया पंचायत की पंसस नीतू देवी पति अमरेश कुमार सिंह (गुड्डू) ने 100 कंबल का वितरण किया। कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य गरीबों की सेवा है। कम ठंड में ही बुजुर्ग ठंड की चपेट में आकर बीमार पड़ते हैं। उन्होंने पंचायत के लोगों से आग्रह किया है कि अपने घर में उपयोग से अधिक गर्म कपड़े हैं तो उन्हें गरीबों के बीच बांटें; ताकि कोई गरीब बिना गर्म कपड़े और कंबल के नहीं रहे। मौके पर उपमुखिया मुखलाल चौधरी, रवि रंजन पांडेय, पंडित दिलीप पांडेय, शशि सिंह, संतोष सिंह, राजमणि पांडेय, शंकर चौधरी, प्रमोद सिंह व अन्य उपस्थित थे।

## रेहला बीसीसीएल जन सेवा ट्रस्ट व कृषि विभाग का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला बीसीसीएल जनसेवा ट्रस्ट व कृषि विकास योजना के तहत रबी फसलों की बुआई एक वन प्रबंधन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां बीसीसीएल जनसेवा ट्रस्ट व गढ़वा कृषि वैज्ञानिक के द्वारा ट्रस्ट ने बेलचंपा स्थित व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र में क्षेत्र के किसानों को उन्नत तरीके से खेती करने का गुर सिखाए गएन। शिविर में गढ़वा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार ने कृषकों को उन्नत खेती की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को खेती के दौरान आने वाली समस्यायों की जानकरी देते हुए उसके समाधान भी किसानों को बताया। प्रशिक्षण शिविर के मुख्य अतिथि मानव संसाधन विकास के एचओडी अजित कुमार तिवारी ने कहा कि जनसेवा ट्रस्ट किसानों को हर संभव मदद देने को तैयार है। ट्रस्ट चाहता है कि किसानों की आय जल्द ही दोगुनी हो जाये। ताकि क्षेत्र के किसान आत्मनिर्भर बन सकें।

## माइंस संचालकों को बेवजह परेशान करने पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीसी

➲ राजस्व संग्रहण को लेकर पलामू उपायुक्त ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने गुरुवार को भू-अर्जन, भू-हस्तांतरण, आधारभूत संरचना व राजस्व संग्रहण को लेकर जिला स्तरीय विभिन्न पदाधिकारियों, एसडीओ, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंताओं, व सभी अंचलाधिकारियों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने बैठक में आये विभिन्न माइंस के प्रतिनिधियों व सीओ से आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों का संपादित करने पर बल दिया। इस दौरान उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि कोई भी राजस्व कर्मचारी माइंस कंपनियों को अनावश्यक परेशान करता पाया गया तो उक्त कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात उपायुक्त ने एनएच 75 व एनएच 98 के तहत आरही परेशानियों को दूर करने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावे उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा किये गये राजस्व संग्रहण की भी समीक्षा की।

# चोर के संरक्षण में राज्य में हो रही है चोरी : रघुवर दास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड की वन खनिज संपदा को लुटेरे लूट रहे हैं और सरकार चुप्पी साधे है। उन्होंने कहा कि चोरी को बढ़ावा दिया जा रहा है। आज देश का पहला झारखंड राज्य होगा, जहां के सीएम को ईडी ने कटघरे में खड़ा किया है। ईडी के डर से सीएम झारखंड में प्रपंच रच रहे हैं। जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। ईडी के सामने दूध का दूध और पानी का पानी साबित हो जायेगा।

श्री दास ने कहा कि सरकार में शामिल लोग इतने आक्रोशित हैं कि उन्हें अपनी मर्यादा का भी ख्याल नहीं है। राजभवन पर भी उंगलियां उठा रहे हैं। तीन वर्षों तक राज्य की खनिज संपदा को खनन माफिया लूटते रहे और सरकार मौन रही। साथ ही धर्मांतरण का खेल भी जारी है।

### सौरभ रंजन ने जेपीएससी की परीक्षा में मारी बाजी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पलामू।** डाल्टनगंज बेलवाटिकर निवासी पिता सुनील सिंह व माता किरण सिंह के संतान सौरभ रंजन का चयन झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में सहायक अभियंता के पद पर हुआ है। सौरभ रंजन को 170 वा रैंक प्राप्त हुआ है। उन्हें पथ निर्माण विभाग मिला है। सौरभ रंजन वर्तमान में केंद्रीय जल आयोग में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत है साथ ही सौरभ रंजन का चयन भारतीय रेलवे में कनिष्ठ अभियंता के पद पर भी हुआ है।

सौरभ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता दोस्तों व गुरुजनों को दी। ज्ञात हो कि सौरभ रंजन हुसैनाबाद क्षेत्र के ग्राम कचरा के रहने वाले हैं उनकी प्रारंभिक शिक्षा डाल्टेनगंज के एमके डीएवी पब्लिक स्कूल से हुई है सौरभ रंजन शुरू से ही मेघावी छात्र रहे हैं। सौरभ रंजन का चयन सहायक अभियंता में होने से परिवार/गांव में खुशी का माहौल है।

### अनियमितता और राशन गबन करने को लेकर मोकहर कला के राशन डीलर पर एफआइआर

■ खाद्यान्नों में अनियमितता को लेकर उपायुक्त सख्त, 25 दिनों के भीतर यह तीसरी कार्रवाई

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने गुरुवार को हैदरनगर के मोकहर कला के राशन डीलर नागेंद्र सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर हैदरनगर अंचलाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया जिसके पश्चात हैदरनगर थाने में नागेंद्र सिंह पर प्राथमिकी दर्ज की गयी। प्रशासन मौन,मुर्दे भी अंगूठा लगाकर उठा रहे राशन शीर्षक खबर छपी थी जिसके आलोक में उपायुक्त ने प्रशिक्षु आइएएस श्रीकांत विसपुते व प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरज ठाकुर से उक्त राशन डीलर की जांच करवायी जांच में पाया गया कि कई लाभुकों का दो अलग-अलग राशन कार्ड निर्गत किया गया है जिसमें से एक कार्ड से लाभुक को राशन दिया जाता है जबकि दूसरे कार्ड के माध्यम से डीलर द्वारा अपवाद पंजी के जरिए ऑफलाइन मोड से राशन निकाल लिया जाता है जो प्रथम दृष्टया अनियमितता एवं गबन प्रतीत होता है जिसके पश्चात उपायुक्त ने यह कार्रवाई की है। ज्ञात हो कि जिले के उपायुक्त श्री दोड्डे खाद्यान्नों में अनियमितता को लेकर गंभीर हैं जिसका नतीजा है कि 22 अक्टूबर को पांकी के कोनवाई में अंगूठा लगाकर लाभुकों को राशन नहीं दिए जाने के मामले में जन वितरण प्रणाली दुकानदार को निलंबित किया गया।

# ग्रामीणों की सभी समस्याओं का होगा शीघ्र समाधान : बिट्टू पाठक

➲ बीस सूत्री कार्यालय से ग्रामीणों को मिलेगा लाभ : बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फीता काटकर उद्घाटन करते पलामू जिलाध्यक्ष व अन्य।

**पड़वा पलामू।** पंडवा प्रखंड में 20 सूत्री कार्यालय खोला गया। कार्यालय का उद्घाटन कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक फीता काट कर किया। मौके पर पड़वा प्रखण्ड के प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित थे। बिट्टू पाठक ने कहा कि सरकार ग्रामीणों के समस्या समाधान को लेकर कई कार्यक्रम चला रही है।

उन्होंने कहा कि पूर्व की तरह अब ग्रामीणों को सरकारी कार्यालय का चकर नही काटना पड़ेगा। 20 सूत्री कार्यालय खुलने से ग्रामीणों की समस्या का समाधान शीघ्र होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण 20 सूत्री कार्यालय में आकर अपनी समस्या को बेझिझक रखे। पड़वा बीडीओ ने कहा कि बीस सूत्री कार्यालय में ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर आये और बतायें। बीस सूत्री अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलेगा।

कार्यक्रम में 20 सूत्री अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, उपाध्यक्ष संदीप भुईया, सदस्य प्रदीप पासवान, चितरंजन मिश्रा, जमुना देवी, प्रेमचंद महतो, कंचन सिंह, कांग्रेसी ईश्वरी प्रसाद सिंह, अशोक पासवान, सत्येन्द्र सिंह, उदय कुमार यादव, अभय पाण्डेय, मुखिया छोटू सिंह, अजय साहू समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# घर-घर यात्रा : भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने किया वार्ड दो का दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोगों से समर्थन की अपील करते भावी प्रत्याशी मनोज सिंह व अन्य।

**मेदिनीनगर।** घर-घर यात्रा का मुख्य उद्देश्य आम आदमी की समस्या को समझने की कवायद है। नगरनिगम सरकार के द्वारा नगरनिगम वासियों को किस हाल में छोड़ दिया गया है। यह देखने की कोशिश के तहत घर घर यात्रा की शुरूआत की गई है। उक्त बातें भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कही। श्री सिंह गुरुवार को वार्ड नंबर दो में आजाद नगर मुहल्ले में जनसंपर्क कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव आते ही विभिन्न प्रत्याशी आम जनता से मुखातिब होने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वो जनता का जनमत नहीं मिलने के बावजूद लगातार जनता के साथ खड़े रहते आए हैं और कई मुहल्ले में अपने निजी खर्च से भी आम आदमी की समस्या के निराकरण करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगरनिगम चुनाव में अगर उन्हें जनमत मिलता है तो सबसे पहले बूनियादी समस्याओं के निराकरण पर पहल की जायेगी। मौके पर उमा शंकर मिश्रा, विनोद पाठक, रौशन उपाध्याय, नवीन दुबे, आनंद दुबे, संजय सिंह, कामख्या सिंह, जूगनू सिन्हा, छोटू सिंह, अमन सिंह व छोटे लाल सहित कई मुहल्ले वासी शामिल थे।

## नीमडीह एसआइ 5000 रुपये घूस लेते गिरफ्तार

**चांडिल/जमशेदुपर।** गुरुवार को कोल्हान की एसीबी टीम ने सरायकेला खरसावां जिले के नीमडीह अंचल कार्यालय के अंचल निरीक्षक खेला राम मुर्मू को 5000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम उसे ले कर जमशेदपुर के सोनारी स्थित एसीबी कार्यालय लेकर पहुंची। वहां उससे पूछताछ की जा रही है। अंचल निरीक्षक खेलाराम मुर्मू पर नीमडीह थाना क्षेत्र के शिवपुरी कालोनी निवासी प्रशांत कुमार ने रिश्वत मांगने की शिकायत एसीबी में दी थी। म्यूटेशन के लिए अंचल निरीक्षक ने सात हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। पांच हजार रुपए देने की बात हुई। शिकायत को एसीबी की टीम ने सही पाया। गुरुवार को वे प्रशांत कुमार अंचल कार्यालय पहुंचे। रिश्वत मांगने वाले अंचल निरीक्षक को 5000 रुपए दिया। वहां मौजूद एसीबी के डीएसपी विजय कुमार महतो ने रिश्वत लेते आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# राष्ट्र निर्माण से लेकर व्यक्ति निर्माण में भी है मीडिया की अहम भूमिका : डीसी

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पद संगोष्ठी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2022 के मौके पर गुरूवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त रमेश घोलप एवं पत्रकारों ने संयुक्त रूप से भगवान नारद मुनि की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर किया। मौके पर डीसी रमेश घोलप ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की राष्ट्र निर्माण से लेकर लोगों के व्यक्तिगत जीवन निर्माण में भी अहम भूमिका है। यदि किसी के सकारात्मक कार्य अथवा प्रयासों को मीडिया के माध्यम से पूरे समाज को जानकारी दी जाती है तो और बेहतर कार्य करने के लिए लोगों का मनोबल बढ़ता है तथा वे और भी बेहतर काम कर पाते हैं। साथ ही समाज के अंतिम लोगों की



कार्यक्रम में डीसी एवं अन्य

समस्या को मीडिया में उजागर होने के बाद वैसी समस्याओं को दूर किया जाता है तथा वैसे लोगों के लिए सरकार भी योजनाएं बनाकर लागू करती है। डीसी ने कहा कि पत्रकारिता समाज का आइना है। मीडिया के माध्यम से उजागर किये गये मुद्दे पर प्रशासन एवं सरकार भी कार्रवाई करती है। सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं लोगों को अपने हक, अधिकार के लिए जागरूक करने का काम भी मीडिया ही करती है। उन्होंने कहा कि समाज को मीडिया पर अधिक भरोसा है इसलिए मीडिया की गुणवता एवं विश्वसनीयता बनाये रखना बेहद जरूरी है। गढ़वा जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि पत्रकार की भुमिका ऐसी होनी चाहिए कि किसी की जिंदगी बदल दे। जैसे नारद मुनि ने रत्नाकर की जिंदगी बदल दी थी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता को चौथा स्तंभ माना जाता है। यह चौथा स्तंभ सरकार ने नहीं बल्कि समाज ने बनाया है। पत्रकारों के उपर समाज की बहुत ही बड़ी जिम्मेवारी है। सच्चाई को कभी छुपने नहीं दें। अच्छे कार्यों को हमेशा बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में मीडिया की बहुत बड़ी भूमिका है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय ने कहा कि मीडिया को लोकतंत्र में चौथा स्तंभ माना जाता है। किसी भी राष्ट्र एवं समाज की उन्नति के लिए मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। आज के समय में मीडिया का काफी विकास हुआ है। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और अब सोशल मीडिया का भी प्रचलन बढ़ गया है। परंतु मीडिया के कार्यों में भी कुछ गिरावट आयी है। कभी-कभी लोग सबसे पहले की होड़ में खबरों की सत्यता की परख नहीं कर पाते हैं। गढ़वा जिला पत्रकार संघ के महासचिव धीरेंद्र चौबे ने कहा कि आज के समय में तमाम आरोपों के बाद भी पत्रकारिता मिशन है। कभी भी कोई पत्रकार राष्ट्र विरोधी खबर प्रकाशित नहीं करता। पत्रकार विनय पांडेय ने गजल के माध्यम से पत्रकारिता की स्थिति को प्रस्तुत किया। नित्यानंद दुबे ने भी अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से जिला पंचायती राज पदाधिकारी दिनेश सुरीन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत पांडेय, गढ़वा जिला पत्रकार संघ के सचिव संजीव शर्मा, विजय प्रताप देव, चंदन कश्यप, धमेंद्र सिंह, प्रताप तिवारी, लव दुबे, विकास कुमार, अभिमन्यू पाठक, सुधीर कुमार, राजा पांडेय, अतुल धर दुबे, आयुष तिवारी सहित कई अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

## एक नजर में

## प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई के सदस्यों की घेराव कार्यक्रम में भाग लेने की अपील


अपील करते संघ के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** सरकारी शिक्षकों द्वारा मुख्यमंत्री के घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला इकाई के सदस्यों ने कांडी प्रखंड का दौरा कर शिक्षकों से मिलकर घेराव कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। जानकारी देते हुए संघ के जिला अध्यक्ष सुनील दुबे ने बताया कि राज्य सरकार से चार सूत्री मांगों के लिए 19 नवम्बर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का राज्य स्तरीय घेराव का कार्यक्रम है, जिसको सफल बनाने के लिए गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंडों का दौरा कर शिक्षकों से मिल कर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की जा रही है। बताया कि राज्य सरकार से चार सूत्री मांगों में अन्य राज्य कर्मियों की भांति शिक्षकों के लिए भी एमएसीपी लागू करने, छठे वेतनमान की विसंगति दूर करने, अंतर जिला स्थानांतरण की कठिनाइयों को समाप्त करने व लिपिकीय एवं गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करने की मांग शामिल है। बताया कि शिक्षकों के हितों के लिए एकमात्र सक्रिय संगठन अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ही है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के दबाव के बदौलत ही स्कूलों में प्रत्येक माह तृतीय शनिवार को अवकाश व 9 से 4 बजे के समयावाि में एक घंटे की छुट मिली हुई है। मौके पर जिला इकाई के दिलीप श्रीवास्तव, पुरूषोत्तम कच्छप, शांतुन चौबे, कांडी प्रखंड अयक्ष शंभु शरण, राकेश कुमार, सतीश कुमार, देवेंद्र तिवारी, बैजनाथ यादव, अभय दुबे सहित अन्य कई शिक्षक मौजूद थे।

## सत्या आजीविका सखी मंडल की सदस्य ने लोन लेकर कांडी में शुरू की आजीविका


सत्या के साथ सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कोइरी मोहल्ला की रहने वाली सत्या देवी ने सत्या आजीविका सखी मंडल से एक लाख रूपए का लोन लेकर कांडी प्रखंड कार्यालय के चहारदीवारी के समीप आजीविका का साधन शुरू की है। यहां जेरोक्स करने के साथ-साथ आय, जाति, निवास व राशन कार्ड के लिए अनलाइन करने सहित सभी बैंको में राशि जमा-निकासी का कार्य किया जाएगा। मौके पर पहुंचे कांडी सीओ अजय दास, सांसद प्रतिनिाि राणा गुड्ड् सिंह व विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह ने महिला को प्रोत्साहित किया। कांडी सीओ ने कहा कि जेएसएलपीएस के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना काफी लाभप्रद है। सत्या देवी से अन्य महिलाओ को सीख लेते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ लेना चाहिए ताकि उन्हें भी घर परिवार चलाने में सहुलियत हो। मौके पर बाबू खान, अजीत सिंह, गोरख चौबे, चन्दन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## खेलो झारखण्ड के प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गांधी उच्च विद्यालय में खेलो झारखंड के तहत विभिन्न तरह के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी यादव रमेश हर्षधर एवं विशिष्ट अतिथि मानिकचंद सेठ, निवर्तमान वार्ड पार्षद बालगोविंद मोदी, आरागारो पंचायत मुखिया सारो देवी एवं दिलीप वर्मा उपस्थित थे। विद्यालय के शिक्षक डॉ. प्रवीण शंकर ने बताया कि खेलो झारखण्ड के अवसर पर विद्यालय की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। वहीं भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए गुरुवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि यादव रमेश हर्षधर ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया, साथ ही विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया। मौके पर मुख्य अतिथि यादव रेमश हर्षधर ने कहा कि बच्चों में खेल की भावना जितने के लिए नहीं बल्कि सीखने के होनी चाहिए। प्रतिभागियों में सभी जीतते नहीं है, जीतता तो कोई एक ही है,



जितने के लिए आपको अनेक अवसर मिलेंगे, इसलिए हमें सीखने के लिए खेलना चाहिए, आने वाले दिनों में आप ही विजेता बनेंगे। साथ ही श्री हर्षधर ने विद्यालय के सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना किया। बतादें की खेलो झारखंड 2022 में कुल 18 प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रचार्य विनोद दास, डॉ.प्रवीण शंकर, प्रभा कुमारी, अरुण कुमार पाल, शिव शंकर भगत, रामाधीर यादव एवं समस्त बीएड प्रशिक्षु मौजूद थे।

## कोडरमा की विनीता व श्रेया का चयन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** रांची में 17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया नेशनल वुशु प्रतियोगिता में कोडरमा की विनीता पांडेय व श्रेया गुप्ता का चयन हुआ, यह खेल वुशु खेल प्रतियोगिता खेलगांव रांची में आयोजित किया जा रहा है। विनीता के इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए वालीबॉल एसोसिएशन के सचिव राकेश पांडेय ने कहा कि विनीता पांडेय इसके पूर्व भी राज्य स्तरीय हैंडबॉल, वालीबॉल व वर्ष 2019 में नेशनल थ्रो बॉल प्रतियोगिता में शामिल हो चुकी है। विनीता की इस सफलता पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, विनय सिंह, मनोज पांडेय, प्रिंस मिश्रा, कुमार अभिषेक, अमर कुमार ने बधाई दी है।

## दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन


उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि बीडीओ मुकेश मछुआ ने दीप प्रज्जवलित कर, फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत किया। मौके पर बीडीओ श्री मछुआ ने कहा कि आज पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। खेल में भी अपना भविष्य बना सकते हैं। आज क्रिकेटर महेंद्र सिंह ाोनी को खेल के मायम से पूरा हिंदुस्तान जानता है। बस जरूरत है तो कड़ी मेहनत और लगन की। इस प्रतियोगिता में प्रखंड के सरकारी विद्यालय एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय के कक्षा 6 से 8 के अययनरत छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

मौके पर बीपीएम रवि कुमार वैद्य, सीआरपी श्यामकिशोर सिंह, राकेश चौबे, रमेश रजक, प्रदीप सिंह, अक्षय कुमार सिंह, देवेन्द्र, कुमार, नरेश प्रसाद गुप्ता, धर्मनाथ पासवान, नवीन प्रकाश, संतोष कुमार, दीनानाथ मेहता, मेघनाथ प्रजापति, प्रेमकुमार गुप्ता, विनोद पाल, उदयशंकर वैद्य, अनुज कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## लापता युवती रांची से बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र धरगांव निवासी विनोद पाण्डेय की पुत्री को पुलिस ने 16 नवंबर को सकुशल रांची से बरामद कर लिया। ज्ञात हो की विगत 12 नवंबर को युवती अपहरण को लेकर उसके पिता ने नवलशाही थाना में मामला दर्ज कराते हुए कहा था की 12 नवंबर को समय करीब 03 बजे उनकी 17 वर्षीय बेटी अपने घर से शौच करने के लिए खेत की ओर निकली थी, जो शाम तक घर वापस नहीं आई। तब उन लोग सभी परिवार अगल-बगल खोजबीन किये थे। आवेदन में युवती के पिता विनोद पाण्डेय ने आरोप लगाया था की मेरे हीं गांव के 20 वर्षीय परमानंद गिरी पिता संतोष गिरी अपने परिजन के सहयोग से अपहरण किया। वहीं उक्त मामले को लेकर तत्वरित कार्रवाई करते हुए रांची से युवक-युवती को नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा ने बरामद कर मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं जाँच पड़ताल के बाद 164 बयान हेतु माननीय न्यायालय भेजा जाएगा।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक

## सौर ऊर्जा चलित मिनी कोल्ड रूम के निर्माण स्थल को लेकर निर्देश




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के लैम्पस, पैक्सों में सौर ऊर्जा चलित मिनी कोल्ड रूम के निर्माण को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया की सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा राज्य अन्तगर्त लैम्पसो, पैक्सों में 60 यूनिट 05 एमटी क्षमता के सौर ऊर्जा चलित मिनी कोल्ड रुम का निर्माण प्रस्तावित है, इसके तहत जिले के लैम्पसो, पैक्सों में उक्त कोल्ड रूम की स्थापना किया जाना है। इस पर डीसी श्री रंजन ने योजना के क्रियान्वयन को लेकर स्थल चयन करने और प्रथम चरण में टेहरो बगड़ो, झुमरीतिलैया व डोमचांच बाजार पैक्स, लैम्पस में सौर ऊर्जा चलित मिनी कोल्ड रूम के निर्माण को लेकर सहमति प्रदान किया गया। बैठक के दौरान श्री रंजन ने सभी पैक्स अध्यक्षों को धान अधिप्राप्ति को लेकर अधिक से अधिक किसानों का निबन्धन करवाने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी लोकेश मिश्र, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, विभिन्न पैक्सों के अध्यक्ष आदि मौजूद थे।

## भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में गुरुवार को अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक बीडीओ जयपाल महतो की अध्यक्षता में की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रस्ताव पारित किया गया।

जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिजिटल एक्स-रे मशीन लगाने, सभी चिकित्सको व कर्मियों को बायोमैट्रिक उपस्थिति बनाने, ड्रेसकोड का अनुपालन करने, प्रसूति गृह वार्ड में एसी लगवाने, मरीजों को सुविधा के


बैठक करते लोग

लिए बाहर में फ्रीजर लगाने, अस्पताल में सखी मंडल से भोजन व समान क्रय करने सहित अन्य कई बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से चिकित्सा पदाधिकारी डा. दिनेश सिंह, प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद रजनी शर्मा, डा. अभिनीत विश्वास, डा.प्रियंका कुमारी, प्रदीप पाठक, अनूप कुमार गुप्ता, जी प्रसाद, अनुज कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## पीएम आवास में चल रहा है गजब का खेल, पति-पत्नी दोनों को मिला आवास


अधूरा पड़ा पीएम आवास

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास के नाम पर अजब गजब खेल खेले जा रहे हैं। मामला मकरी पंचायत के बरवारी गांव के सूरजमानी देवी एवं बलराम सिंह दोनों पति-पत्नी को प्रधानमंत्री आवास दे दिया गया है। जबकि सूरजमानी देवी को प्रधानमंत्री आवास 2019-20 पहले मिला हुआ है। उसके बावजूद बलराम सिंह को 2021-22 में भी प्रधानमंत्री आवास दे दिया गया। लेकिन प्रधानमंत्री आवास अब तक पूर्ण नहीं हुआ है। जबकि सूरजमानी देवी को प्रधानमंत्री आवास आूरी आवास को पूर्ण दिखा करके पैसा निकाल दिया गया है। वहीं सूरजमानी देवी के पति बलराम सिंह का भी प्रधानमंत्री आवास में एक लाख 25 हजार रूपये का निकासी कर दिया गया है जो कि अभी भी अधूरा है। इस पर कहीं ना कहीं सरकारी महकमे में बैठे प्रखंड से लेकर के पंचायत लेवल के पदाधिकारियों के मिली भगत से ऐसे ऐसे खेल खेले जा रहे हैं। इससे लाभुक का मनोबल बढ़ा हुआ है। प्रधानमंत्री आवास आवंटन से लेकर लाभुकों को राशि भुगतान करवाने में रैकेट काम करता है। जो लाभुकों से पैसा कि उगाही कर प्रखंड स्तर के कर्मियों को देता है और अपनी मनमर्जी से आवास आवंटन से लेकर राशि का भुगतान करवाता है। जबकि प्रखंड में कई गरीब और असहाय लोग आवास आवंटन कराने के लिए दौड़ते रहते हैं। इसके पूर्व में भी पंडरिया पंचायत के करमाही में आदिम जनजाति के बिरसा आवास को प्रधानमंत्री आवास दिखाकर लाखों रुपए का गबन किया जा चुका है। बीडीओ जयपाल महतो करमाही गांव जाकर जांच किया गया था। जहां मामला सत्य पाया। लेकिन कार्रवाई के नाम पर बीडीओ द्वारा स्वयंसेवक को बर्खास्त किया गया। इस संबंध में बीडीओ जयपाल महतो ने पूछे जाने पर बताया कि मामले की जांच करवाते हैं। इस मामले में जो भी दोषी होंगे पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डीटीओ ने ट्रक मालिकों व फाइनेंसरों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला परिवहन पदाधिकारी भगीरथ प्रसाद की अध्यक्षता में ट्रक मालिकों की बैठक हुई। बैठक में ट्रक मालिकों को विभागीय निर्देश की जानकारी देते हुए बताया कि सचिव सह राज्य परिवहन आयुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया है कि जो झारखण्ड राज्य के निवासी है और उनका व्यवसाय क्षेत्र भी झारखण्ड है, परन्तु वाहनों का निबन्धन दूसरे राज्य से है, ऐसे वाहनों की जांच कर राज्यकर वसूलते हुए वर्तमान पता झारखण्ड राज्य में दर्ज करवाने को कहा गया है, ऐसे में जिनका वाहन दूसरे राज्यों से निबंधित है, वे जरूरी प्रक्रिया अपनाकर वाहनों का पता झारखण्ड राज्य करवाएं, इस पर ट्रक मालिकों ने बताया कि उनके वाहन का क्रय फाइनेंसर के माध्यम से किया गया था, जिसके कारण वाहन के वर्तमान पता में परिवर्तन के लिए उनके द्वारा एनओसी नही दिया जा रहा है, इस पर डीटीओ ने फाइनेंसरों के साथ बैठक किया गया, जिसमें फाइनेंसर के द्वारा उपरोक्त अड़चनों को दूर करने को लेकर एनओसी के लिए निर्धारित शर्त रखी गई और कहा गया कि शर्तों के अनुपालन करने वाले वाहनों का पता में परिवर्तन किया जा सकता है।

## भाजपा ने नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को खत्म करने के विरोध में निकाला मशाल जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के द्वारा नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को खत्म करने के विरोध में गुरुवार की शाम को मशाल जुलूस निकाला। मशाल जुलूस का नेतृत्व भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद वर्मा ने किया। मशाल जुलूस डोमचांच टैक्सी स्टैंड से शुरू हुआ जो कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग होते हुए शहीद चौक तक निकाला गया। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता हाथों में मशाल लेकर हेमंत सरकार हाय हाय, नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देना होगा आदि नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। वहीं महेंद्र प्रसाद वर्मा ने कहा कि झारखंड सरकार का ओबीसी



आरक्षण सिर्फ कागज तक ही सीमित रह गया है। सरकार सिर्फ ओबीसी को छलने का कार्य कर रही है। सरकार एक तरफ ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का बात करती है, वहीं दूसरी ओर आगामी होने वाले नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म करती है। सरकार अगर आगामी होने वाले नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नही देगी तो पुरजोर आंदोलन होगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि वीरेंद्र प्रसाद मेहता, मुकेश राम, त्रिपुरारी सिंह, भरत नारायण मेहता, मनोज मेहता, सुनिल भारती, सुनील सिन्हा, कुलदीप राम, मुकेश कुमार, महेश वर्मा, मन्नू साव, वीरेंद्र यादव, कार्तिक दास, महादेव साव सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# युद्ध का युग नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत में जो संदेश दिया था उसकी गूंज जी-20शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र में भी सुनाई दी। घोषणापत्र में नेताओं ने यूक्रेन युद्ध को तत्काल खत्म करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज का युग, युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के अंत में एक विज्ञप्ति जारी की गई जिसमें यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और दुनिया के लिए इसके प्रभावों पर व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया गया। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो का कहना है कि जी20 घोषणापत्र में रूस-यूक्रेन पैराग्राफ पर गहन चर्चा हुई थी। जी 20 बाली घोषणापत्र में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर मतभेदों की बात स्वीकार करते हुए कहा गया कि अधिकांश सदस्यों ने इसकी कड़ी निंदा की है। घोषणापत्र के मुताबिक अधिकतर सदस्यों का कहना है कि यूक्रेन युद्ध भारी मानवीय पीड़ा का कारण बना जिसने वैश्विक अर्थव्यवस्था में मौजूदा कमजोरियों को बढ़ायाय अधिकांश सदस्यों ने कहा कि यूक्रेन युद्ध से विकास बाधित हुआ, मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई और ऊर्जा और खाद्य असुरक्षा बढ़ी। बाली घोषणापत्र में यह भी कहा गया कि शांति और स्थिरता की रक्षा करने वाले अंतरराष्ट्रीय कानून और बहुपक्षीय व्यवस्था को कायम रखना जरूरी है. इसमें सशस्त्र संघर्षों में नागरिकों की सुरक्षा सहित अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने का आह्वान भी किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि इन स्थितियों में विश्व में युद्ध की बात कभी नहीं की जानी चाहिए और पूरे वैश्विक स्तर पर शांति के लिये प्रयास किया जाना चाहिए। हम इस बात को रेखांकित करते हैं कि ऐसी स्थिति के जारी रहने से खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण में गिरावट के साथ-साथ टिकाऊ विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

# हिंसक पंजाब

सीमावर्ती राज्य पंजाब ही नहीं, पूरे देश में पंजाब में जारी हिंसक गतिविधियों को लेकर चिंता महसूस की जा रही थी। खासकर पुलिस सुरक्षा के बीच मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला, शिवसेना नेता सुधीर सूरी और डेराप्रेमी प्रदीप की सरेआम हत्या के बाद तो यह फिक्र ज्यादा बढ़ी। दरअसल, इन हत्याओं ने न केवल पंजाब बल्कि पूरे देश को विचलित किया है। कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के बीच बचाव की मुद्रा में आई पंजाब सरकार ने अब फैसला लिया है कि अगले तीन महीने तक नये हथियारों के लाइसेंस नहीं बनेंगे। बहरहाल, गन कल्चर पर लगाम लगाने के लिये मान सरकार भले देर से ही सही, हरकत में तो आई है। अब जब राज्य का माहौल खराब करने की कोशिशें परेशान कर रही हैं तो कुछ फौरी कदम उठाये गये हैं। अब राज्य के आला अधिकारी तीन महीने तक इस बात की पड़ताल करेंगे कि विगत में जो लाइसेंस दिये गये थे, क्या उनकी वजह तर्कसंगत थी। क्या वास्तव में लाइसेंस लेने वाले व्यक्ति की जान को खतरा था? निश्चित रूप से मौजूदा हालात में राज्य की कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिये ऐसे कदम तत्काल उठाने की जरूरत थी। इसके साथ ही उस सामाजिक व्यवहार पर नकेल डालने की कोशिश हुई है जो गन कल्चर को बढ़ावा देता है। मसलन सोशल मीडिया पर हथियारों का महिमामंडन रोकने, शादियों व सामाजिक समारोहों आदि में हथियारों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर भी रोक लगाने के निर्देश दिये गये हैं। राज्य हथियारों के लाइसेंसों के मामले में उत्तर प्रदेश व जम्मू-कश्मीर के बाद तीसरे नंबर पर आता है। लेकिन इससे बड़ी चिंता इस बात की है कि राज्य में दो लाख से ज्यादा अवैध हथियार मौजूद बताये जाते हैं। सूत्रों के अनुसार पंजाब में इस समय चार लाख के करीब एक्टिव आर्म्स लाइसेंस हैं। पंजाब हिंसक दौर से गुजर रहा है।

# 22 साल 11 सरकार : खंडित जनादेश झेलता झारखंड

**खंडित जनादेश के कारण I22 साल में बनी 11वीं सरकार**

**राजनीतिक अस्थिरता के कारण राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी नहीं कर पाये थे अपना कार्यकाल पूरा**

**निर्दलीय मधु कोड़ा 709 दिनों तक मुख्यमंत्री रह कर भ्रष्टाचार की लिखी कलंक कथा**





-उदय चौहान

आंदोलनकारी स्व. जस्टिस एलपीएन शाहदेव ने कहा था कि यहां के खदानों में काम करने वाले मजदूरों व विस्थापितों को आर्थिक न्याय देने के लिये अलग राज्य आवश्यक है। लंबी लड़ाई व कुर्बानियों के बाद 15 नवंबर 2000 को झारखंड अस्तित्व में आया। 22 साल पहले बिहार से अलग होकर खनिज-संपदाओं व प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण झारखंड का उदय हुआ था।

झारखंड में तीन बार राष्ट्रपति शासन 19 जनवरी 2009 से 29 दिसंबर 2009, एक जून 2010 से 10 सितंबर 2010 और 19 जनवरी 2013 से 12 जुलाई 2013 लगा, अमीर झारखंड के गोद में पल रही गरीबी

आंदोलनकारी स्व. जस्टिस एलपीएन शाहदेव ने कहा था कि यहां के खदानों में काम करने वाले मजदूरों व विस्थापितों को आर्थिक न्याय देने के लिये अलग राज्य आवश्यक है। लंबी लड़ाई व कुर्बानियों के बाद 15 नवंबर 2000 को झारखंड अस्तित्व में आया। 22 साल पहले बिहार से अलग होकर खनिज-संपदाओं व प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण झारखंड का उदय हुआ था। तत्कालीन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़, उत्तराखंड के साथ झारखंड का निर्माण किया था। लेकिन, सक्षम राजनैतिक नेतृत्वकर्ता के अभाव में राज्य में विकास की नहीं, पॉलिटिक्स की रेखा बड़ी होती गयी। अमीर झारखंड की गोद में अब भी गरीबी पल रही है। इसके विकास में भ्रष्टाचार व सत्ता लोलुपता बाधा बन रही है।

बावजूद इसके दूसरी बार सीएम बनने वाले हेमंत सोरेन ने यहां की पुरानी मांगों पर त्वरित फैसला लेना शुरू किया है। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने के लिये विधानसभा से पारित किया है। इससे स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरी में आरक्षण मिलेगा। यहां के लोगों के लिये बेरोजगारी व पलायन सबसे बड़ी समस्या है। वहीं, हेमंत सरकार ने ओबीसी आरक्षण की सीमा 27 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके अलावा नियुक्ति वर्ष के अंतर्गत हजारों की संख्या में विभिन्न वर्ग में बहाली की गयी है। नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज को भी रद्द कर दिया गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ भी मुहिम शुरू की गयी है। शिक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। कई पॉलिसी बना कर राज्य को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की कवायद की जा रही है। लेकिन, ईडी ने अवैध माइनिंग मामले में सीएम को समन भेज कर फिर से राजनीतिक अस्थिरता की कहानी लिख दिया है। वहीं, ऑफिस ऑफ प्रोफिट मामले में चुनाव आयोग के अनुशंसा पत्र का राजभवन में दबे रहने से भी राजनीति गरमायी है। फिर एक बार राज्य में विकास योजनायें ठप हो गयी।

**खंडित जनादेश के कारण 22 साल में बनी 11वीं सरकार**

झारखंड गठन के 22 वें वर्ष में रविवार को 11वीं सरकार का गठन हुआ है। राजनीतिक अस्थिरता के कारण राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाये थे। निर्दलीय मधु कोड़ा 709 दिनों तक मुख्यमंत्री रह कर भ्रष्टाचार की कलंक कथा लिखी। राज्य में तीन बार राष्ट्रपति शासन 19 जनवरी 2009 से 29 दिसंबर 2009, एक जून 2010 से 10 सितंबर 2010 और 19 जनवरी 2013 से 12 जुलाई 2013 लगा। इससे अमीर झारखंड के गोद में पल रही गरीबी जस की तस बनी रही। राज्य में दूसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। लेकिन, सुचारू रूप से काम-काज नहीं चल पा रहा है। इसके पहले भाजपा के रघुवर दास ने पांच साल शासन करने का रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले 14 साल तक बंटे हुए जनादेश के कारण झारखंड में सरकार बनाने का खेल चला। अराजक राजनीति हावी रही। चार से पांच विधायकों के कुनबे ने अपने हिसाब से सरकार बनायी और गिरायी। झारखंड की सत्ता को चंद निर्दलीयों ने अपने हिसाब से हांका। नौ दिन में सरकार गिरी तो निर्दलीय भी मुख्यमंत्री बने। 22 वर्षों में तीन बार राष्ट्रपति शासन भी लगा। राज्य गठन के बाद बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पहली सरकार बनी थी। लेकिन 28 महीने बाद ही पॉलिटिकल ड्रामा शुरू हो गया। 2002 में ही इस एनडीए सरकार के दो सहयोगी दलों जदयू व समता पार्टी के विधायकों ने बगावत कर दी। तब के विधायक लालचंद महतो, स्व. मधु सिंह, स्वर्गीय रमेश सिंह मुंडा व जोबा मांझी सहित अन्य इसमें शामिल थे। इसके बाद भाजपा के अर्जुन मुंडा ने सत्ता संभाली थी। श्री मुंडा अपेक्षित विकास कार्य नहीं कर पाये। तीसरी सरकार नौ दिन में शिबू सोरेन को देना पड़ा इस्तीफा। वर्ष 2005 में झारखंड गठन के बाद पहला विधानसभा चुनाव हुआ। जनादेश किसी के पक्ष में नहीं था। यूपीए ने सरकार बनाने के लिए जोड़-तोड़ शुरू कर दी। तत्कालीन राज्यपाल सैयद सिब्ते रजी ने शिबू सोरेन को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया, शिबू के पास बहुमत नहीं था। एनडीए ने राज्यपाल के इस कदम को असंवैधानिक बताते हुए अपने विधायकों की दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में परेड करा दी। पासा पलटता देख नौ दिन मुख्यमंत्री रहे शिबू सोरेन ने विधानसभा में बहुमत साबित करने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था।

चौथी सरकार जदयू, आजसू व निर्दलीयों की मदद से अर्जुन मुंडा बने फिर सीएम। वर्ष 2005 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को एनडीए का साथ मिला था। भाजपा ने 30 सीटें जीती थी। वहीं जदयू को छह सीटें मिली थी। आजसू के पास दो सीटें थीं। इसके बाद भाजपा ने निर्दलीय विधायक एनोस एक्का, कमलेश सिंह व हरिनारायण राय को साथ लेकर सरकार बनायी। यह सरकार 555 दिनों तक चली। पांचवीं सरकार निर्दलीय मधु कोड़ा को आगे कर यूपीए ने बनायी। मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की कार्यशैली से नाराज हो कर निर्दलीय विधायकों ने एनडीए का साथ छोड़ दिया। इसके बाद कांग्रेस ने निर्दलीय मधु कोड़ा को मुख्यमंत्री पद का ऑफर देकर सरकार बनाने का पासा फेंका। मधु कोड़ा सरकार को तीन निर्दलीय विधायकों के साथ कांग्रेस झामुमो व राजद ने साथ दियाण मधु कोड़ा 709 दिनों तक मुख्यमंत्री रहे। निर्दलीय विधायकों की ओर से समर्थन वापस लेने के कारण मधु कोड़ा की सरकार गिरी। इन्हीं राजनीतिक कारणों में उलझ कर यहां की समृद्धि को ग्रहण लगा।

जारी...

(लेखक खबरमन्त्र के ब्यूरो चीफ हैं।)

## खास बात
### मोदी करें पहल

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने दिल्ली में एक संगोष्ठी में कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच भारत की मध्यस्थता की बात बहुत अपरिपक्व है यानी अभी कच्ची है। यह उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा है। यह सवाल किसी ने इसलिए उनसे पूछ लिया था कि वे 7-8 नवंबर को मास्को गए थे और उस वक्त यही प्रचारित किया जा रहा था कि वे रूस-यूक्रेन युद्ध को रुकवाने और दोनों राष्ट्रों के बीच मध्यस्थता करने के लिए जा रहे हैं।

ऐसा लग भी रहा था कि भारत एकमात्र महत्वपूर्ण राष्ट्र है, जो दोनों की बीच मध्यस्थता कर सकता है और इस युद्ध को रुकवा सकता है। ऐसा लगने का एक बड़ा कारण यह भी है कि भारत ने इस दौरान निष्पक्ष रहने की पूरी कोशिश की है। उसने संयुक्तराष्ट्र संघ के सभी मंचों पर यूक्रेन के बारे में यदि मतदान हुआ है तो किसी के भी पक्ष या विपक्ष में वोट नहीं दिया। वह तटस्थ रहा। उसने परिवर्जन किया। युद्ध के पिछले 8 महीनों में यदि उसने यूक्रेन को अनाज और दवाइयां भेजी हैं तो रूस का तेल भी खरीदा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के नेताओं से सीधा संवाद भी कायम किया। रूस के दबाव में आकर यूक्रेन की मानवीय सहायता से अपना हाथ नहीं खींचा और अमेरिका के दबाव में आकर यूरोपीय नाटो राष्ट्रों की तरह रूस के तेल और गैस को अस्पृश्य घोषित नहीं किया।

मोदी ने न सिर्फ यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर झेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति पूतिन से ही बात नहीं की बल्कि युद्ध रुकवाने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस के नेताओं से भी अनुरोध किया। उन्होंने शांघाई सहयोग संगठन की बैठक में पूतिन से दो-टूक शब्दों में कहा कि यह युद्ध का समय नहीं है। लेकिन क्या वजह है कि भारत के इस एकदम सही आह्वान को कोई क्यों नहीं सुन रहा है?इसका सबसे बड़ा कारण तो मुझे यह दिखाई पड़ता है कि इस वक्त सारी दुनिया एक नए शीतयुद्ध के दौर में प्रवेश कर रही है। एक तरफ अमेरिकी खेमा है और दूसरी तरफ रूस-चीन खेमा है। यही स्थिति कोरिया-युद्ध और स्वेज-नहर के मामले में भी कई दशक पहले पैदा हुई थी लेकिन तब नेहरु जी इन मामलों में मध्यस्थता करने की क्षमता रखते थे।

झारखंड के युवाओं,यहां की महिलाओं में असंभव को हासिल करने की क्षमता है।झारखंड के लोग कर्मठ,मेहनती और स्वाभिमानी हैं।जरूरत है तो इन्हें उचित मंच प्रदान करने की।खेल और पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं।हमारे होनहार खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर रहें।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

## रोचक ट्वीट

मुझे उम्मीद है की सामाजिक सुरक्षा के दायरे को बढ़ाने एवं उसे और मजबूत करने में यह नीति मील का पत्थर साबित होगी।

**–हेमंत सोरेन, सीएम**





देश बीते 75 वर्षों में जिस गति से आगे बढ़ा है, उससे कई गुना गति से देश को आगे बढ़ाने का मंत्र है- कर्तव्य।

अगले 25 साल की हमारी कार्यशैली के हर पहलू में कर्तव्य को ही सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

**–नरेन्द्र मोदी**

# भरत का उत्तर

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**जब** चित्रकूट में राम जी ने भरत से पूछा कि आगे क्या होना चाहिए। तब भरत ने कहा कि ये मेरा दुर्भाग्य नहीं तो और क्या है कि इतने महान लोगों की उपस्थिति में मुझसे मेरे भगवान श्री राम यह पूछ रहें हैं। इतना सुनते ही वसिष्ठ जी ने बात को सम्हाला। उन्होंने कहा नहीं अगर आपके अंदर ये भावना है कि रामजी लौट जाए तो वह भी आप बोल सकते हैं। जो कुछ बोलना है वह बोलिए। अगर आप ये चाहते हैं कि राम, लक्ष्मण अयोध्या चले जाए तो हो सकता है ये कोई बड़ी चीज नहीं है। थोड़ा सा ये है कि ऐसा राजनियम है कि राजा के शरीर रहते उसके सम्मुख जो व्यवस्था बनी थी वही व्यवस्था आगे बना रहना चाहिए। उसमें कोई परिवर्तन नहीं होना चाहिए। तो उनके सम्मुख दो भाई जंगल चल दिये थे। दो भाईयों को वहां रहने की बात थी वही व्यवस्था आगे बनी रहनी चाहिए। जब आप दोनों भाई भरत और शत्रुध्न जंगल आयेंगे तब यह संभव होगा कि राम और लक्ष्मण अयोध्या जा सके। चौदह वर्षो के लिये जंगल जाने को आप तैयार हैं तो राम लक्ष्मण को लौटाया जा सकता है।

इतना सुनने के बाद भरतजी ने तुरंत उत्तर दिया कहा महाराज यह जितना जल्दी हो संभव किया जाए। चौदह वर्ष कम लगे तो भरत संपूर्ण जिंदगी वन में बिताने को तैयार है। मेरे प्रभु वापस लौट जाए यह मेरे लिये सौभाग्य की बात है। मैं लौटकर कभी अयोध्या की ओर नहीं देखूगा। जब भरत जी ने यह जबाव दे दिया तो वसिष्ठ जी निरुत्तर हो गये। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### नकारात्मक सोच

**जेइइ** ओर नीट को लेकर दुनिया भर की निगाहें, प्रतिक्रियाएं और अपने दावे हैं। कुछ का कहना है कि कोरोना वायरस के इस दौर में जहां सारे स्कूल-कॉलेज व गतिविधियां सरकारी आदेश के कारण बंद हैं. वहीं, देश के बड़े हिस्से में बाढ़-बारिश का कहर है। ऐसे में इन परीक्षाओं का आयोजन कराना गलत होगा। लेकिन नकरात्मक लोगों को कौन समझायें। **–प्रकाश सिंह, रांची**

### सही सूचना दे सरकार

**सरकार** अभी तक एक नकली आशावादी स्थिति की धारणा बनाने की कोशिश कर रही थी जो कि अब धीरे धीरे टूट कर गिर रही है। उन्होंने डीडब्ल्यू से बातचीत में कहा कि सबसे पहली बात तो यह है कि भारत इस वक्त बहुत ही गहरी आर्थिक मंदी की चपेट में है यह बताये सरकार। केन्द्र और राज्य के एक दूसरे के दोषारोपण से आमलोगों की समस्या हल नहीं हो सकती है। **–सुनील, हजारीबाग**

# बिरसा मुंडा : पराक्रम के एकलव्य

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**

## गौरव सप्ताह


मातृभूमि में जल, जंगल और जमीन से बेदखल किये जाने के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले जननायक बिरसा मुंडा का अवतरण 15 नवंबर 1875 को माता करमी व पिता सुगना बिरसा पुर्ती (मुंडा) के घर झारखंड में खूंटी जिले के उलीहातू गांव में हुआ। साल्गा गाँव में प्रारम्भिक पढ़ाई के बाद इन्होंने चाईबासा में गोस्नर एवंजिलकल लुथार विद्यालय में पढ़ाई की। इनका मन हमेशा अपने समाज लगा रहता था। ब्रिटिश शासकों द्वारा की गई बुरी दशा पर सोचते रहते थे। बिरसा मुंडा लोगों को अंग्रेजों से मुक्ति पाने के लिये अपना नेतृत्व प्रदान किया। बिरसा मुंडा ने पूरे मनोयोग से अपने लोगों की सेवा की। अंग्रेजी हुकूमत, जमींदारी प्रथा और सूदखोर महाजनी व्यवस्था के खिलाफ बिरसा मुंडा के नेतृत्व में 19वीं सदी के आखिरी दशक में किया गया मुंडा विद्रोह उन्नीसवीं सदी के सर्वाधिक महत्वपूर्ण जनजातीय आंदोलनों में से एक है। इसे उलगुलान (महान हलचल) नाम से भी जाना जाता है। मुंडा विद्रोह झारखण्ड का सबसे बड़ा और अंतिम रक्ताप्लावित जनजातीय विप्लव था, जिसमें हजारों की संख्या में मुंडा आदिवासी बलिदानी हुए।

बिरसा मुंडा ने 1895 से 1900 तक आदिवासी अस्मिता, स्वतंत्रता और संस्कृति को बचाने के लिए विद्रोह किया। दरअसल, 1894 में छोटानागपुर में मानसून की बारिश नहीं हुई। इसके बाद इलाके में भीषण अकाल और महामारी फैली। इस दौरान बिरसा मुंडा ने लोगों के बीच काफी काम किया और उन्हें एकजुट किया। बिरसा मुंडा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की गाथा लिखी। उन्होंने हिन्दू धर्म और ईसाई धर्म का बारीकी से अध्ययन किया तथा इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि आदिवासी समाज मिशनरियों से भ्रमित है। बिरसा मुंडा सही मायने में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य और स्वामी विवेकानंद थे। बिरसा मुंडा की गणना महान देशभक्तों में की जाती है।साल 1900 तक मुंडाओं और अंग्रेज सिपाहियों के बीच युद्ध और टकराव होता रहा। साल 1897 में बिरसा मुंडा ने तीर-कमान से लैस अपने चार सौ साथियों के साथ खूंटी थाने पर हमला कर दिया। 1898 में भी अंग्रेजी सेना के साथ बिरसा मुंडा का टकराव हुआ। जनवरी 1900 में डोम्बरी पहाड़ पर एक और ऐसा ही संघर्ष हुआ, जब बिरसा मुंडा एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस टकराव में कई औरतें और बच्चे भी मारे गए। लगभग महीने भर बाद फरवरी में चक्रधरपुर के जमकोपाई जंगल से अंग्रेजों ने खतरे का संकेत समझकर बिरसा मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें दो साल की कैद की सजा सुनाई गई और रांची कारागार में रखा गया। जहां 07 जून 1900 को अंग्रेजों ने धरती के पिता को जहर देकर हमसे छिन लिया। इस बर्बरता का परिणाम हुआ कि आबा की संतानों ने अंग्रेजों का अपनी मातृभूमि से नामोनिशान मिटा दिया।

देश के एक बड़े हिस्से के जनमानस में इस महान विद्रोही नायक को भगवान की तरह पूजा जाता है। उन्होंने अपने जीवनकाल में ही महापुरुष का दर्जा पाया। उन्हें उस इलाके के लोगों ने धरती आबा के नाम से पुकारा और उनकी पूजा की। उनके प्रभाव की वृद्धि के बाद पूरे इलाके के मुंडाओं में संगठित होने की चेतना जागी। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय और सरोकार प्रेरणादायी है। शत-शत वीरांजलि!

(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)

# जीव के अस्तित्व पर जल संकट का असर



**नागेन्द्र सिंह**

## सामयिक

**किसी** को कोई परवाह नहीं, सरकारें आ रही हैं और चली जा रही हैं। कागजों में योजनाएं बनती हैं और विश्व जल दिवस जैसे विशेष दिनों पर पानी सहेजने को लंबे-चौड़े भाषण होते हैं और अगले ही सबकुछ भुला दिया जाता है। इस प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा और गंभीरता से पानी को बचाने के लिए मंथन करना होगा, तभी समस्या का निदान होगा। वरना, वह कहावत कभी भी चरितार्थ हो सकती है जो बेपानी पर कही गई है। कहावत है "रहिमन पानी राखिए, पानी बिन सब सून, पानी गये ना उबरे, मोती मानस सून"। पानी बचाने और उसे सहजने को जो कुछ साधन हुआ भी करते थे, वह सब चौपट हो गए हैं। बात ज्यादा पुरानी नहीं है। कोई एकाध दशक पहले तक छोटे-छोटे गांवों में नदी-नाले, नहर, पौखर और तालाब अनायास ही दिखाई पड़ते थे, वह अब नदारद हैं।

गांव वाले उन जगहों को पाटकर खेती किसानी करने लगे हैं। एक जमाना था जब बारिश हो जाने पर गांववासी उन स्थानों का जलमग्न का दृश्य देखा करते थे। गांव के गांव एकत्र हो जाया करते थे। पर, अब ऐसे दृश्य दूर-दूर तक नहीं दिखते। जल संरक्षण के सभी देशी जुगाड़ कहे जाने वाले ताल-तलैया, कुएं, पौखर सबके सब गायब हैं। कुछेक बचे हैं तो वह पानी के लिए तरसते हैं, सूखे पड़े हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि बीते दस सालों में देशभर में करीब दस पंद्रह हजार नदियां गायब हो गई हैं। करीब इतने ही छोटे-बड़े नालों का पानी सूख गया है, जो अब सिर्फ बारिश के दिनों में ही गुलजार होते हैं।


नदी-तालाबों के सूखने से बेजुबान जानवरों और पक्षियों को भारी नुकसान हुआ है। कहा जाता है ग्रामीण क्षेत्रों में अब दुर्लभ पक्षी दिखाई नहीं पड़ते, लेकिन उनके न रहने के मूल कारणों की नब्ज कोई नहीं पकड़ता। ऐसे पक्षी बिना पानी के चलते बेमौत मरे हैं। कालांतर से लेकर प्राचीन काल तक दिखाई देने वाले पक्षी बिना पानी के ही मौत के मुंह में समाए हैं। ऐसी प्रजातियों के खत्म होने का दूसरा कोई कारण नहीं है, पानी का खत्म होना है। ध्यान भटकाने के लिए भले ही कोई कुछ भी दलीलें दे।

पक्षियों की भांति अब इंसान भी साफ पानी नहीं मिलने से मरने लगे हैं। विश्व में कई सारे देश ऐसे हैं, जहां पीने का स्वच्छ जल न होने के कारण लोग जीवन त्याग रहे हैं। स्वच्छ जल संरक्षण और इस समस्या का समाधान खोजने के लिए ही विश्व जल दिवस पर हम सबको प्रण लेना होगा। ये तय है कि पानी संरक्षण का काम सिर्फ सरकारों पर छोड़ देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। सामाजिक स्तर पर भी चेतना हम सबको मिलकर जगानी होगी। इस मुहिम में आमजन अपनी भूमिका निभा सकेंगे। जल भंडारण की स्थिति पर निगरानी रखने वाले केंद्रीय जल आयोग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि मानसून के मौसम में भी देश के तकरीबन जलाशय सूख गए। इससे साफ है कि वर्षाजल को एकत्र करने की बातें भी कागजी हैं। वर्षा का पानी भी अगर हम बचा लें तो संभावित खतरों से बचे रहेंगे। लेकिन बिल्ली के गले में घंटी बांधे कौन? याद आता है, वर्षा जल संरक्षण के लिए पूर्ववर्ती सरकारों ने अभियान भी चलाया था, जो बाद में बेअसर साबित हुआ। समूचे भारत में 76 विशालकाय और प्रमुख जलाशय हैं। आज उनकी हालत पर चर्चा अनिवार्य है जो नहीं हो रहा है। (लेखक काउंसलर सह दीक्षा संस्थान आजमगढ़ से जुड़ें हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## पुलिस केंद्र में मेडिकल कैंप का किया गया आयोजन



**रामगढ़।** पुलिस केंद्र रामगढ़ में 17 नवंबर को मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सदर अस्पताल रामगढ़ के चिकित्सक डॉ अभिजीत कुमार व शुभम श्रीवास्त्व द्वारा आंख से संबंधित परेशानियों का निदान किया गया। प्राइम अस्पताल के डॉ ऋषिराज द्वारा बीपी, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबीन आदि की जांच की गई। जबकि डॉ मीनू ने स्त्री रोग से संबंधित मामलों की जांच की। वहीं, डॉ मनोज कुमार ने हर्ट एटैक पर बेसिक लाइफ सपोर्ट की जानकारी दी। मेडिकल कैंप में जिला पुलिस बल के पदाधिकारी, कर्मी, महिला कर्मी उपस्थित थे।

## इचाक से आभार यात्रा रांची के लिए रवाना

**इचाक।** हजारों हजार की संख्या में इचाक से गुरूवार को रवाना हुए । 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं ओबीसी 27 प्रतिशत, एससी 28 प्रतिशत, एसटी 12 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा पुरा करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को आभार व्यक्त करने रांची रवाना मनोहर राम 20 सूत्री अध्यक्ष इचाक के नेतृत्व में आभार यात्रा में मुख्य रूप से दिगम्बर कुमार मेहता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य इचाक रामप्रवेश सिंह प्रखंड सचिव इचाक बाबूना हश्ता सुरेंद्र मेहता रामफल मेहता राजेन्द्र ठाकुर बिक्रम कुमार लकि कुमार राजेंद्र प्रसाद मेहता मुकेश कुमार जगरनाथ यादव महेश मेहता पिंटू कुमार चन्द साव सरिता देवी अनर देवी किरण देवी रेखा कुमारी कंचन देवी गिरज देवी आशा देवी मामत देवी विमला देवी विलाश देवी समर यादव समीर यादव शांति देवी सुनीता देवी रीना देवी के साथ दर्जनो लोग शामिल थे ।

## भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस की बैठक

**चरही।** चरही कांग्रेस कार्यालय में चुरचू प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कमेटी की बैठक की गई। जिसके मुख्य अतिथि हजारीबाग जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि चुरचू मंडल प्रभारी शारदा कुमार दुबे उपस्थित हुए। भारत जोड़ो यात्रा चुरचू प्रखंड के सभी पंचायतों में सफल रुप किया जाऐगा। जिस पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष नौशाद आलम ने की। बैठक में चुरचू मंडल अध्यक्ष पद के लिए सर्व समिति से भानु प्रताप सिंह को चुना गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला के पदाधिकारी निसार खान, केडी सिंह, चन्द्र देव महतो, सहित कई लोग शामिल हुए।

## ग्राम जल स्वच्छता समिति का हुआ चयन

**चरही।** चुरचू प्रखंड़ हेन्देगढा पंचायत के टोला कारुखाप मे ग्राम जल स्वच्छता समिति का चयन किया गया जिसकी अध्यक्षता पंचायत कि मुखिया गिरजा कुमारी व संचालन उप मुखिया दशरथ महतो ने किया। मुख्य अतिथि मो उशमान थे। प्रखंड समन्वय प्रवचन कुमार,राहुल कुमार ग्राम शभा मे सर्व समिति से 12 सदस्यों का चयन किया गया। अशोक तुरी शंकर तुरी शुशीला देवी रिता देवी देवनाथ महतो जोधा ठाकुर सिता देवी सोनिया देवी रिणा कुमारी पार्वती देवी ममता देवी रिणा देवी जिसमे अध्यक्ष गिरजा कुमारी उपाध्यक्ष मालती देवी कोषाध्यक्ष कुशुम देवी का चयन हुआ।

# नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों की हकमारी के विरोध में आजसू ने किया धरना प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों की हकमारी के विरोध में 17 नवंबर को आजसू पार्टी केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी एवं संचालन नगर परिषद कमेटी अध्यक्ष राजेश महतो ने किया। मौके पर विजय साहू ने बताया कि निकाय चुनाव में ओबीसी के हितों को लेकर आजसू पार्टी सरकार से अविलंब हक और अधिकार सुनिश्चित करने की मांग कर रही है।

राज्य में निकाय चुनाव कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके तहत ओबीसी के लिए आरक्षित विभिन्न स्तर के पदों को समाप्त किया जा रहा है। कहा निकाय चुनाव में ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) को आरक्षण से वंचित किया जा रहा है। इससे पिछड़ा वर्ग में भारी रोष है। पिछड़ा वर्ग के इस रोष से और प्रतिनिधित्व तथा भागीदारी के सवाल पर आजसू पार्टी लगातार आवाज उठाती रही है। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष मई महीने में बिना ओबीसी आरक्षण के झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ। इन चुनावों में ओबीसी को उनका हक और अधिकार मिले, इसके लिए सरकार कभी गंभीर और संवेदनशील नहीं रही। लगातार आवाज उठाए जाने के बावजूद ओबीसी के साथ भेदभाव करते हुए जिलों में निकाय चुनाव को लेकर सभी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।



कार्यक्रम में शामिल आजसू कार्यकर्ता

झारखंड में ओबीसी की आबादी लगभग 51 फीसदी है। अब अलग-अलग कारणों से ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों को भी अनारक्षित किया जा रहा है। यानी पंचायत और नगर निकाय में प्रतिनिधित्व करने का जो भी मौका था उसे छीना जा रहा है। इस हकमारी के खिलाफ ओबीसी में सरकार के खिलाफ रोष है। धरना प्रदर्शन के पश्चात आजसू पार्टी के प्रतिनिधि मंडल द्वारा उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम आवेदन पत्र सौंपा गया।

पंचायत चुनाव से पहले ट्रिपल टेस्ट कराने तथा पिछड़ों को उनका वाजिब हक दिलाने हेतु आजसू पार्टी ने विभिन्न स्तरों पर आवाज मुखर की। लेकिन सरकार ने ट्रिपल टेस्ट कराने के लिए कोई कदम नहीं उठाए। इससे पहले गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की। दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि अगले चुनाव के पूर्व ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया शुरू की जाए तथा ओबीसी के आरक्षण की व्यवस्था की जाए। लेकिन राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर भी ध्यान नही दिया और बगैर पिछड़ा आरक्षण के नगर निकाय चुनाव कराने की तैयारियां में जुटी है।

धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से भुनेश्वर महतो, नरेश महतो, लालबिहारी महतो, ब्रजनन्दन महतो, मदन महतो, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष हरीरत्नम साहू, कुलदीप वर्मा, अनुपमा सिंह, द्वारिका प्रसाद, झलकु आदि मौजूद थे।

## बड़कागांव के झामुमो कार्यकर्ता रांची रैली में हुए शामिल



**बड़कागांव।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची में आयोजित रैली में भाग लेने के लिए झामुमो कार्यकर्ता प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा के नेतृत्व में हुए रवाना। मौके पर मौके पर प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा ने कहा कि प्रदेश की हेमंत सरकार लगातार एक से बढ़कर एक जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है इसके साथ साथ झारखंड में बेहतर काम करके दिखा रही है।

रांची रैली में जाने वाले में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, पूर्व प्रखंड सचिव नंदकिशोर भुइयां, मोहम्मद हुसैन, विनोद यादव,टेकलाल प्रजापति, लालचंद यादव, निर्मल महतो, गजेंद्र महतो, हरि राम, परशुराम, विजय विश्वकर्मा, शुक्र महतो, कौशिक भुइयां, उमेश कुमार, मोहम्मद फाइबर, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद सैटलाइन, मोहम्मद रफीक, पवन पटेल, बालेश्वर राम,कोमल भुइयां, मिथुन राम, नरेश गंझू, बालेश्वर भुइयां सहित कई कार्यकर्ता सम्मेलन में सामिल हुए।

# पॉश मशीन नहीं कर रहा काम, उपभोक्ता परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में जन वितरण प्रणाली की दुकान से मिलने वाली लाभुको को राशन कार्ड धारियों को इन दिनों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अपने राशन की उठाव के लिए उपभोगता सुबह से लाइन लगा कर अपने बारी का इंतजार के घंटो कर रहे है। लेकिन जन वितरण प्रणाली के दुकानदार का पोस मशीन सही से काम नही करने से उपभोग्ता काफी परेशान हो रहे है। गुरुवार को प्रखंड के कपका में जन वितरण प्रणाली के दुकान में काफी भीड़ देखी गई। उपभोगता का कहना है को पोस मशीन सही से काम नही कर रहा है जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग घंटो इंतजार के बाद 8 घंटे के बाद एक पुर्जा कट रहा है। दुकानदार रघुबीर महतो ने बताया की सिस्टम में कमी है। सरकार द्वारा जो पोस मशीन दिया गया है। उसमे हमलोग काम कर रहे है। अगर पावती पुर्जा नहीं मिलेगा तब तक दूसरा पावती पुर्जा नहीं काट सकते है। जिससे उपभोगताओ का लंबी लाइन लग जा रही है। जरूरत है सरकार को सिस्टम को सुधारने की ताकि उपभोगताओं को इस समस्या से निजात मिल सके।



राशन लेने के लिए प्रतिक्षा करतीं महिलाएं

# लायंस का उद्देश्य ही समाज व जनहित में कार्य करना है: राजेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**भदानीनगर (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में 12 नवंबर से चल रहे निःशुल्क ब्लड शुगर जांच शिविर में छठे दिन गुरूवार को भी जांच के लिए दर्जनों ग्रामीण पहुंचे। यहां ग्रामीणों का ब्लड शुगर जांच कर डॉक्टर ने सबों को उचित परामर्श दिए। मौके पर क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, सचिव लायन विजयंत कुमार, कोषाध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, प्रोजेक्ट चेयरमैन माला शर्मा व अखिलेश शर्मा ने बताया कि 12 से चलने वाला यह शिविर 20 नवंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि समाजहित व जरूरतमंदों की सेवा ही क्लब का उद्देश्य है। क्लब अपने सामाजिक दायित्वों के तहत पौधारोपण, जागरूता अभियान, स्वास्थ्य सुविधाएं व गरीबों के सेवा के प्रति हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। अध्यक्ष श्री महतो ने कहा कि क्लब लोगों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के प्रति दृढ़संकल्पित है। नर सेवा नारायण सेवा होता है यही इंसानियत व मानव धर्म भी है। इधर राज नर्सिंग होम के संचालक लायन राजेंद्र महतो ने बताया कि लायंस क्लब के सौजन्य से आगामी 29 नवंबर दिन मंगलवार को मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया जायेगा। शिविर में पाये गये मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए 30 नवंबर को रांची निरामया अस्पताल के लिए रवाना किया जाएगा।



शिविर में स्वास्थ्य जांच करते डॉक्टर

## भुरकुंडा कोलियरी समिति की रोड सेल में हुई बैठक, प्रदर्शन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति की बैठक गुरूवार को रोड सेल में हुई। इसकी अध्यक्षता गिरधारी गोप व संचालन मुकेश पासवान ने किया। बैठक में 18 को बलकुदरा खुली खदान के समक्ष विशाल जन प्रदर्शन की सफलता को ले चर्चा की गई। कहा गया कि इस प्रदर्शन में रोड सेल के मजदूर, स्थानीय बेरोजगार सहित भारी संख्या में ग्रामीण शामिल होंगे। निर्णय हुआ कि सुबह 10 बजे सभी लोग रोड सेल में जुटेंगे। इसके बाद भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति के बैनर तले एक विशाल जुलूस के रूप में सेल सेंटर से बलकुदरा खुली खदान पहुंचेगे। जहां जुलूस रैली व आमसभा में तब्दील हो जायेगी। सभा के बाद सात सूत्री मांग-पत्र सीसीएल प्रबंधन व पीएलआर प्रबंधन को सौंपी जायेगी। मौके पर अजय सिंह, रेवती रमण शर्मा, बालेश्वर पासवान, दर्शन गंझू, सत्यनारायण पासवान, प्रेम कुमार, रॉवेल एक्का, रविन्द्र सिंह, हरिशंकर चौधरी, बालो बेदिया, उमेश नायक, अमरेंद्र प्रसाद, शंकर पासवान, रौबीन मुखर्जी, सुनील तुरी, कैलाश तुरी, अशोक तिवारी आदि मौजूद थे।

# हैंडलोडिंग व्यवस्था जल्द चालू कराने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा,तोपा के लंबे संघर्ष के बाद सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत तोपा परियोजना के रोड सेल में हैंड लोडिंग व्यवस्था चालू कराने का मार्ग प्रशस्त होता दिख रहा है। सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस, रांची से तोपा परियोजना के रोड सेल में हैंडलोडिंग व्यवस्था बहाल करने के जारी कार्यालय आदेश के बाद लंबे समय से इस मुद्दे को लेकर आंदोलनरत रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा के पदाधिकारियों तथा इससे जुड़े दंगल मजदूरों में आशा की नई किरण जगी है। गुरुवार को मोर्चा के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल तोपा परियोजना के रोड सेल में सुव्यवस्थित तरीके से हैंड लोडिंग व्यवस्था चालू कराने के लिए पदाधिकारी मनीष कुमार को मजदूरों की दंगल सूची तथा हैंड लोडिंग मजदूरों की देखरेख के लिए गठित निगरानी समिति की सूची सौंपा। जिसमें 295 दंगल सूची समेत निगरानी समिति की सूची शामिल है। प्रतिनिधिमंडल में परियोजना पदाधिकारी मनीष कुमार को उक्त सूची सौंपते हुए तोपा रोड सेल में हाथ लदाई कार्य अविलंब प्रारंभ करने की मांग की गई है। मौके पर परियोजना के डिस्पैच अधिकारी निलेश कुमार के अलावे प्रतिनिधिमंडल में रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा अध्यक्ष किशोर करमाली, सचिव मोहम्मद इस्लाम, इस्लाम अंसारी शामिल थे।

**क्या कहते हैं अध्यक्ष किशोर करमाली:** रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा अध्यक्ष किशोर करमाली ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना के बेरोजगार विस्थापित प्रभावित रैयतों/ मजदूरों के वैकल्पिक रोजगार के लिए कोलियरियों में रोड सेल खोला गया। लेकिन चंद स्वार्थी लोगों के कारण बेरोजगारों को आज तक रोजगार नहीं मिला। रोड सेल में हैंड लोडिंग व्यवस्था प्रारंभ होने से क्षेत्र के लगभग 5000 बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होगा। फिलहाल प्रबंधन को 295 दंगल की सूची सौंपी गई है। प्रत्येक दंगल में 15 मजदूर हैं। इस हिसाब से कोयला लोडिंग के लिए फिलहाल 4425 बेरोजगार मजदूरों को रोटेशन के हिसाब से रोजगार मिलेगा। वहीं इससे जुड़े निगरानी समिति सदस्यों को भी रोजगार प्राप्त होगा।



# पागल कुत्तों का आतंक, एक ही दिन में 9 बच्चों समेत 28 लोगों को काटा, दहशत

खबर मन्त्र संवाददाता

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड क्षेत्र में आवारा व पागल कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। बुधवार को पतरातू समेत सांकुल, जयनगर, बलकुदरा, सौंदा बस्ती, बरवाटोला, सयाल, पीटीपीएस न्यू मार्केट, कोतो आदि क्षेत्रों में 9 बच्चों समेत 28 लोगों को आवारा व पागल कुत्तों ने काट दिया। इससे लोगों में दहशत का माहौल है। बुधवार व गुरुवार को पतरातू प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने व उपचार के लिए घायलों की कतार लगी रही। बुधवार को जयनगर में 3 वर्षीय बच्ची आसिफा को एक आवारा कुत्ते ने काट लिया। आसपास घूम रहे ग्रामीणों ने बच्ची को बचाने के लिए दौड़ा तो कुत्ता वहां से भाग गया। बच्ची को लहूलुहान हालत में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कुत्ता जहां भी जा रहा है वहां लोगों को अपना शिकार बना ले रहा है। लोगों ने पागल कुत्ते को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन कुत्ता पकड़ में नहीं आ रहा है। लगातार कुत्ते के हमले से लोगों में दहशत का माहौल है।

इन लोगों को काटा- पागल वो आवारा कुत्तों ने आसिफा, अमीर जिया, रमेश साव, तुलेश्वर गंझू, दीपक कच्छप, वीरेंद्र महतो, चितरंजन कुमार, उपेंद्र सिंह, वंश कुमार, रूपेश कुमार, विश्वनाथ सोरेन, रूपा कुमारी, लक्की कुमार, लक्ष्मण उरांव, संजीत कुमार चौरसिया, हरेंद्र कुमार, बलबीर करमाली, इंद्रदेव कुमार, रोहित कुमार समेत 28 लोगों को काट लिया।

यहां है आवारा कुत्तों का आतंक- रात होते ही पतरातू ब्लॉक मोड़, शहीद भगत सिंह चौक, सिनेमा हॉल, न्यू मार्केट कटिया चौक, पीटीपीएस पोस्ट ऑफिस, खैरा मांझी द्वार आदि जगहों पर आवारा कुत्तों का झुंड बैठा रहता है। झुंड वहां से गुजर रहे राहगीरों पर हमला कर देता है। कुत्तों के कारण कई लोग सड़क दुर्घटना का भी शिकार हो चुके हैं।



## एक नजर में

## बरसोत मुखिया ने असहायों के बीच 150 कंबल का किया वितरण



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत में मुखिया मोतीलाल चौधरी ने पंचायत के 13 वार्ड सदस्यों के साथ मिलकर गरीब, लाचार, असहाय लोगों के बीच 150 कंबल का वितरण पंचायत सचिवालय में किया। इस अवसर पर मुखिया मोतीलाल चौधरी ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। कहा कि समय से जरूरतमन्दों के बीच कम्बल का वितरण होने से गरीबों को सर्दी से राहत मिल जाती है। उन्होंने कहा कि पंचायत की जनता के साथ उनका शुरू से लगाव रहा है। लोगों की सेवा करने के उद्देश्य से ही पंचायत की जनता ने उन्हें मुखिया बनाया है। कम्बल पाने वालों में मसोमात कौशल्या, मसोमात शांति, चंपा, जीवनी मो., यशोदा देवी, पार्वती देवी, मोती रजवार, महेंद्र रजवार, अरुण बक्शी समेत 150 व्यक्तियों को कंबल दिया गया। मौके पर मुखिया मोतीलाल चौधरी, पंसस बसंती देवी, उपमुखिया रीता कुमारी, वार्ड सदस्य रामप्रसाद कुशवाहा, पंचायत सचिव नेमधारी महतों, बीआरपी एसडी लीलावती देवी,किरण देवी, आरती देवी आदि मौजूद थे।

## जल संरक्षण को लेकर परियोजना पदाधिकारी को पंसस जीतू ठाकुर ने सौंपा ज्ञापन



**बरही।** नदी को प्रदूषित होता देखकर पसंस जीतू ठाकुर ने परियोजना पदाधिकारी भारतीय राष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण कन्हरी हिल रोड हजारीबाग को एक लिखित ज्ञापन सौंपते हुए जल संरक्षण के लिए नदी के जीर्णोद्धार हेतु लिखित ज्ञापन सौपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से परियोजना पदाधिकारी को अवगत करवाया कि एनएच-33 चौड़ीकरण के क्रम में बरही से करसो के मध्य में बरही नदी पर पुल का नवनिर्माण किया गया लेकिन पुराने पुल का कुछ अवशेष को ठेकेदार द्वारा छोड़ दिये जाने के कारण पानी का प्रवाह बंद हो गया है। जिसके कारण नदी का पानी प्रादुषित हो रहा है। जबकि उक्त नदी के पानी का उपयोग नहाने के अलावे अन्य कई कार्यो के लिए करते रहते है। साथ ही छठ जैसे पवित्र पर्व में छठव्रतियों को पानी मे रहकर पर्व करना एक कठिन प्रक्रिया है। जिससे उन्हें कई तरह की संक्रमण होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने पदाधिकारी से आग्रह किया की आप पुल निर्माण कार्य करने वाले कम्पनी को इस बात से अवगत कराते हुवे पुल के नीचे दबे मलबे को साफ करवाया जाए, जिससे उत्पन्न समस्या का हल हो सके।

## बीमारी और ठंड ने ली संतोष बिरहोर की जान, परिजनों का रो-रोकर है बुरा हाल

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र के झुमरा सब्जी बाजार में बुधवार की रात्रि करीब दस बजे संतोष बिरहोर (उम्र 40 वर्ष)पिता तितिर बिरहोर पिपचो दारू निवासीकी मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी रिंकी देवी ने बताया कि पिछले कई महीनों से इसे जॉन्डिस की बीमारी थी डॉक्टर से दिखाए भी थे परंतु दवा समय समय से नहीं खाने के कारण हाथ पांव सूजते चला गया और इसकी मृत्यु हो गई। यह परिवार पिछले कुछ महीने से अपने साथियों के साथ झुमरा सब्जी बाजार के लिए बने शेड में रहता था जहां बीमार संतोष बीमारी के साथ साथ ठंड का प्रकोप नही झेल पाया और उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि उसमें तीन छोटे-छोटे बच्चे भी हैं हम लोग भीख मांग कर जीते खाते हैं मेरा दोनों हाथ भी नहीं है अब हम इन बच्चों का लालन-पालन कैसे करेंगे । वह सरकार से गुहार लगाती है की उसकी और उसके परिवार की मदद मदद करें। मृतक के साथी राजू बिरहोर ने बताया कि रात्रि में तीन साथी शव छोड़कर भाग गए हालांकि बृहस्पतिवार के सुबह सभी वापस आए। जिला परिषद सदस्य गीता देवी के पुत्र अभिषेक कुमार ने बताया की बृहस्पतिवार की सुबह लगभग आठ बजे उन्हें इसकी सूचना मिली तो तुरंत मौके पर पहुंचकर उसने 108 एंबुलेंस और दारू थाना प्रभारी अमित कुमार को सूचित किया। सुचना पाते ही थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए शव को अंतिम संस्कार के लिए हजारीबाग खिरगांव भेजा वहीं परिजनों का आर्थिक स्थिति को देखते हुए अभिषेक कुमार ने शव के अंतिम संस्कार के लिए दो हजार रुपैये नगद सहायता पहुंचाई। इस मौके पर प्रकाश कुमार, कैलाश प्रसाद, प्रभात सिंह, एवम सब्जी मंडी के कई लोग मौजूद थे।

## भू रैयतों ने अवैध रूप से जमीन की रजिस्ट्री करवाकर हड़पने का लगाया आरोप

**दारू।** अंचल क्षेत्र के मेडुकरी खुर्द पंचायत के मेड़कुरी कला के भू रैयतों ने कुछ लोगों पर अवैध ढंग से रजिस्ट्री करवाकर उनकी जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। इस संबंध में प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष शशिमोहन सिंह के नेतृत्व में भू रैयत अंचलाधिकारी नीतू कुमारी से मिलकर लिखित आवेदन सौपा और उन्हें इस मामले की जानकारी दी। इस संबंध में बीस सूत्री अध्यक्ष ने भी अंचलाधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए उचित करवाई करने का आग्रह किया। रैयतों ने दिए गए आवेदन में बताया कि मेड़कुरी कला के मोकतामा में खाता संख्या आठ प्लाट संख्या 1505,1506,1507, 1508, व 1509 को मिठू कुम्हार, सोमर कुम्हार दोनो पिता गोविंद कुम्हार के नाम से गलत ढंग से रजिस्ट्री की गई है जिसकी जांच की मांग उन्होंने की है। अंचलाधिकारी ने जांच के बाद विधिसम्मत करवाई की बात कही है। आवेदन देने वालो में शिवशंकर पांडेय,तुलेश्वर पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, राजेन्द्र पांडेय,गौरी शंकर पांडेय,छोटी पांडेय आदि के हस्ताक्षर है।

## 150 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**बासल (रामगढ़)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए बलकुदरा पंचायत में गुरूवार को सरकार द्वारा प्राप्त 150 गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान स्थानीय मुखिया विजय मुंडा, पंचायत समिति सदस्य राजू मुंडा, उपमुखिया लक्ष्मी देवी, वार्ड सदस्य सुमंती देवी, चंदा रानी, राधा देवी, मुनी देवी, कलावती देवी, गुलचंद मुंडा, अनिल मुर्मू, कलावती देवी आदि वार्ड सदस्यों द्वारा 150 गरीब-असहाय, वृद्धा, विधवा व दिव्यांगों के बीच संयुक्त रूप से कंबल का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि हर हाल में गरीबों को ठंड से बजाया जायेगा।

## ईडी-सीबीआई से परेशान करवा रही केंद्र सरकार : मुकेश राउत

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 1932 का खतियान पास करने और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने से झामुमो कार्यकर्ताओं में हर्ष है। गुरूवार को भुरकुंडा कोयलांचल से झामुमो नेता मुकेश राउत के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने के लिए रांची रवाना हुए। मौके पर मुकेश राउत ने कहा कि हेमंत सोरेन ने 1932 का खतियान पास कराकर झारखंड के लिए ऐतिहासिक काम किया है। जिससे झारखंडियो में खुशी की लहर देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंडियों के इस सपने को झारखंड के लाल सीएम हेमंत सोरेन ने पूरा करने का काम किया है। हेमंत सोरेन की लोकप्रियता को देख केंद्र सरकार कभी ईडी तो कभी सीबीआई के द्वारा मुख्यमंत्री को परेशान करने का कार्य कर रही है। केंद्र सरकार के इस गलत नियत को झारखंड की जनता कभी सफल नहीं होने देगी। श्री राउत ने कहा कि झारखंड को अलग हुए 22 साल हो गये। 18 साल भाजपा की सरकार रही, लेकिन झारखंडियों के हित में कोई कार्य नहीं हुआ।



स्पीड न्यूज

## एसपी ने दो थाना का किया निरीक्षण



गुमला। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ऐहतेशाम वकारिव ने गुरूवार को कुरकुरा तथा कामडारा थाना का निरीक्षण भी किये। इस दौरान एसपी ने थानों में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों व कर्मियो को नक्सल आदि के बारे मे आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा कुरकुरा थाना में बन रहे नये भवन का निरीक्षण किया। कुरकुरा स्टेशन, पकरा स्टेशन और रेलवे पुल के कार्य का भी मुआयना किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बसिया, पुलिस निरीक्षक बसिया, कुरकुरा थाना प्रभारी तथा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## फांसी लगाकर ग्रामीण ने की आत्महत्या

**गुमला।** थाना क्षेत्र के पतिया सिकरिया टोली निवासी 55 वर्षीय राजकिशोर बड़ाईक अपने घर में बुधवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का छोटा भाई चंद्रमईन बड़ाईक ने बताया कि घटना की जानकारी मुझे तब हुई जब राजकिशोर बड़ाईक के खेत में काम किये लोग मजदूरी लेने आये थे। मृतक के घर का दरवाजा बंद देखकर मजदूरों ने आवाजा लगायी लेकिन उधर से कोई आवाजा नहीं आया तो घर का दरवाजा खोलकर देखा गया तो मृतक रस्सी के सहारे फांसी पर लटक रहा था। चंद्रमइन ने बताया कि पति-पत्नी में विवाद होने के कारण उसकी भाभी एक माह पूर्व अपने बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। जिसके बाद से लगातार मृतक राजकिशोर बड़ाईक नशापान करने लगा था।

## आग से गुमटी जलकर राख, 60 हजार की क्षति

**सिसई।** सिसई थाना क्षेत्र के छारदा गांव निवासी खुदी उरांव के गुमटी में बीते रात अचानक आग लग जाने से गुमटी सहित 60 हजार का समान जल कर राख हो गया। आग कैसे लगी है इसका पता नही चल पाया है। भुक्तभोगी का कहना है कि वह काफी गरीब और किसी तरह चौमीन, बिस्कुट, चिप्स आदि बेचकर जीवन यापन करता था। लेकिन गुमटी में आग लगने से सारा समान जल कर राख हो गया। बेचने के लिए गुमटी में रखा पेट्रोल और पांच लिटर वाला सिलेंडर भी ब्लास्ट होकर क्षतिग्रस्त हो गया। जिस कारण अब परिवार चलाना कटिन होगा। भुक्तभोगी ने प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है।

## घाघरा में दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

घाघरा। घाघरा पुलिस ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी हापामुनी ग्राम निवासी माजिद राय को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। अगस्त में माजिद ने एक नाबालिग युवती से दुष्कर्म किया था। इसके बाद आपसी समझौता कर निर्णय लिया गया था कि जब युवती का 18 वर्ष पूरा हो जायेगा तब माजिद के साथ उसका शादी करा दिया जाएगा। इस शर्त पर समझौता हुआ था पर माजिद राय चुपके से अपना शादी कर लिया। जिसके बाद नाबालिक के परिवार घाघरा थाना को लिखित शिकायत कर मामला दर्ज कराया। जिसके बाद घाघरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए माजिद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## समय पर राशन का वितरण करें डीलर : सीओ

घाघरा। सीओ प्रणव ऋतुराज ने प्रखंड सभागार में राशन डीलरों के साथ गुरुवार को बैठक की।सभी डीलरों को सीओ ने निर्देश देते हुए तय तारीख पर राशन का वितरण का निर्देश दिया। वहीं कई राशन डीलरों के कार्यो में लापरवाही बरतने को लेकर कठोर कार्रवाई की बात कही। सीओ ने कहा कि अगर राशन बांटने से संबंधित किसी भी डीलर द्वारा लोगों को परेशान किया गया तो निश्चित तौर पर उनके ऊपर कार्रवाई होगी। लाभुकों को पूरा लाभ राशन से संबंधित मिले ताकि किसी भी तरह की परेशानी उन्हें ना हो।राशन कम बाटने की शिकायत किसी भी डीलर का ना आये अन्यथा कार्रवाइ की जाएगी।


# दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत, एक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** डुमरी थाना क्षेत्र के उदनी पंचायत के हुटाप गांव में संचालित ईंट भट्ठे में कार्य करने के दौरान ईंट की दीवार गिरने से उसमें दबकर बुधवार को तीन मजदूरों की मौत हो गई जबकि एक महिला घायल हो गई।

मृतकों में चंदावल गांव निवासी 38 वर्षीय विजय मुंडा, हुटार गांव निवासी 31 वर्षीय अनिता देवी व नाबालिग 14 वर्षीय हीरामुन्नी कुमार के नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि ईंट भट्ठा में मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान एक ईंट रखा दीवार गिर गया। जिसमें काम कर रहे चार लोग दब गये। कुछ लोग ईंट गिरने की आवाज सुनकर वहां से भागकर बाहर जमा हुए। सारे मजदूरों के इक्ठा होने पर किसी ने बताया कि कुछ मजदूर ईंटों के नीचे दब गये हैं। जिसके बाद मजदूर भट्ठे में गये और ईंटों के नीचे दबे मजदूरों को निकालना आरंभ किया। ईंट के नीचे दबने से तीन मजदूर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इधर घटना के बाद गुरूवार को अनुमंडल के पदाधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ प्रीति किस्कू, बीडीओ एकता वर्मा, सीओ शिवपूजन तिवारी, जिप सदस्य मारियानुस तिग्गा, मुखिया डेविड मिंज, सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव सहित थाना प्रभारी मनीष कुमार शामिल थे। थाना प्रभारी मनीष कुमार हुटाप गांव पहुंचकर शवों को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है। इस संबंध में घटना में शामिल रेहाना बीबी ने कहा की हम चार लोग वहां ईंट हटाने का काम कर रहे थे कि अचानक दीवाल भरभराकर हमलोग के ऊपर गिर पड़ा। जिससे चोट लगने के बाद में बेहोश हो गई। मुझे घायल अवस्था में महुआडांड़ अस्पताल ले जाया गया। मेरे चेहरे, दाहिने हाथ एवं कमर में चोट लगी है। वहीं प्रत्यक्षदर्शी मजदूर जीवन मुंडा ने बताया कि वह ट्रैक्टर में ईंटा लोड कर रहा था और मृतक मजदूर ईंट देते जा रहे थे। उसी दरमियान अचानक भट्ठे का दीवार धंस गया। जिसमें चार लोग दब गए थे। जिन्हें निकालकर इलाज के लिए भेजा गया। इधर थाना प्रभारी ने बताया कि घटना को लेकर ईंट भट्ठा संचालक सीतारा साहू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### बीडीओ व सीओ ने गांव जाकर ली जानकारी



ईंट भट्ठा का निरीक्षण करते बीडीओ, सीओ व जिप सदस्य

### डुमरी में हादसा

▶▶ ईंट गिरते ही कई मजदूर भागे, भट्ठा संचालक के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी

**बिना सीटीओ व पर्यावरण प्रदूषण सर्टिफिकेट के हो रहा है भट्ठा संचालन :** भट्ठा का संचालन बिना सीटीओ व पर्यावरण प्रदूषण सर्टिफिकेट के अवैध रूप से किया जा रहा है। जिसपर पूर्व में गुमला जिला प्रशासन के द्वारा कार्रवाई भी आरंभ की गई थी लेकिन शायद डुमरी तक कार्रवाई की प्रक्रिया नहीं पहुंच पायी। जिसके कारण भी ईंट भट्ठे का संचालन बिना रोक टोक के जारी है। प्रखंड प्रशासन भी भट्ठे के संचालन को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। इधर घटना के बाद बीडीओ व सीओ मृतकों के गांव भी गये। जहां परिजनों को संत्वाना दी और सहयोग का भरोसा दिया। वहीं घटना के बाद हुटार व चंदावल गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश है और भट्ठा संचालक से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

**भट्ठा संचालक की लापरवाही से से हुआ हादसा : मुखिया**

मुखिया डेविड मिंज ने कहा कि ये दुखद घटना भट्ठा संचालक की लापरवाही से घटी है। जब भट्ठे की दीवार कमजोर और दरारनुमा थी तो मजदूरों को खासकर नाबालिक को जान जोखिम में डालकर कार्य में क्यों लगाया गया। कहा कि यहां इतने बड़े भट्ठे का संचालन होता है। जिसमें सैंकड़ों मजदूर कार्य करते हैं जबकि यहां न तो किसी भी तरह के प्राथमिक इलाज की कोई सुविधा है, न किसी मजदूर का निबंधन है न ही किसी का कोई बीमा ही है। मुखिया ने सरकार से मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की अपील की है।

# आदिवासी महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर : अन्नपूर्णा देवी

▶▶ जनजातीय महिला ग्रामीण उद्यमी प्रशिक्षण के तीसरे चरण का शुभारंभ



**गुमला।** स्कील इंडिया मिशन व विकास भारती विशुनपुर के संयुक्त तत्वावधान में संकुल विकास परियोजना अंतर्गत जनजातीय महिला ग्रामीण उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे चरण का गुरूवार को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पलायन रोकने व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्ण देवी, सांसद समीर उरांव, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा के संगठक डॉ. वी. सतीश, सीईओ एनएसडीसी और एमडी, एनएसडीसी इंटरनेशनल श्री वेद मणि तिवारी, विकास भारती बिशुनपुर के सचिव पद्मश्री अशोक भगत भी शामिल हुए।

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधान मंत्री के निर्देशानुसार आदिवासी समुदायों को उनके संबंधित भौगोलिक क्षेत्रों में रोजगार के लिए तैयार और प्रासंगिक बनाने के लिए एकीकृत विकास के लिए पहलों को लागू किया जा रहा है। इस दिशा में एक और कदम है और यह सुनिश्चित करेगा कि हम अपने आदिवासी युवाओं तक कौशल पहुंच का विस्तार करें। उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाना सर्वोपरि है और वास्तव में यह एक समावेशी भारत बनाने में मदद करेगा। आदिवासी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें उद्योग से संबंधित कौशल से लैस करने की सख्त आवश्यकता है ताकि वे अपनी आजीविका को बनाए रख सकें। मुझे विश्वास है कि ग्रामीण उद्यमी परियोजना आदिवासी युवाओं के कौशल को कुछ निश्चित रोजगारों में बढ़ाएगी और आजीविका के अवसर पैदा करेगी और समावेशी विकास को सक्षम करेगी। श्री वेद मणि तिवारी, सीईओ, एनएसडीसी और एमडी, एनएसडीसी इंटरनेशनल ने कहा कि गांवों का विकास समाज के समग्र विकास और हमारे देश की आर्थिक प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण उद्यमी परियोजना के माध्यम से भारत के आदिवासी युवाओं को कई अवसरों का पता लगाने और आत्मनिर्भर होने के लिए गुणवत्ता प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में संगठन महामंत्री भाजपा कर्मवीर सिंह, वनवासी कल्याण केन्द्र गिरीश कुबेर, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, महापौर आशा लकड़ा व अन्य मौजूद थे।

## पुल में गिरा ट्रैक्टर दो लोगों की मौत



**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के सिलम बाईपास में बुधवार की रात एक ट्रैक्टर अनियंतित्र होकर 30 फीट गहरे पुल के नीचे गिर गया। जिसे ट्रैक्टर चालक सोहरपाठ नेतरहाट निवासी 45 वर्षीय गणेश कंवर व डुमरी प्रखंड के हुटाप गांव निवासी 18 वर्षीय छोटेलाल खेरवार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के संबंध में ट्रैक्टर मालिक कुमार वीरेंद्र बल्लभ ने बताया कि सिलम के समीप भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमें दोनों मृतक काम कर रहे थे और काम समाप्ति के उपरांत दोनों ट्रैक्टर लेकर करमडीपा जा रहे थे। वहीं जाने के दौरान बाईपास सड़क के एक पुल में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर 30 फीट नीचे जा गिरा। जिसे दोनों की मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना राहगीरों ने दिया। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जहां देर रात्रि 10:00 बजे उन दोनों को घटनास्थल से सदर अस्पताल लाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। गुरूवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

# निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण से किया जा रहा है वंचित : दिलीप

आजसू ने राज्यपाल के नाम का उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



गुमला। निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण से वंचित किये जाने को लेकर गुरूवार को आजसू पार्टी के प्रतिनिधियों के द्वारा राज्यपाल के नाम का ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया। आजसू पार्टी के द्वारा निकाय चुनाव में ओबीसी के हितों की रक्षा को लेकर सरकार से अविलंब आरक्षण की मांग की गई। आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने कहा कि राज्य में निकाय चुनाव कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके तहत ओबीसी के लिए आरक्षित विभिन्न स्तर के पदों को समाप्त किए जा रहे हैं। यानी निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण से वंचित किया जा रहा है। इससे पिछड़ा वर्ग में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि इसी वर्ष मई में बिना ओबीसी आरक्षण के राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ। आजसू पार्टी का मानना है कि यह स्थिति पैदा करने के लिए सीधे तौर पर सरकार जिम्मेदार है। इन चुनावों में ओबीसी को उनका हक और अधिकार मिले, इसके लिए सरकार कभी गंभीर और संवेदनशील नहीं रही। इस हकमारी के खिलाफ ओबीसी में सरकार के खिलाफ रोष है। आजसू पार्टी निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक हक और अधिकार को सुनिश्चित कराने की सरकार से मांग करती है। मौके पर जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहु, केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहु, जिला महासचिव आनंद गुप्ता, देवेंद्र खेरवार, राजकुमार खड़िया, सचिव गोलु श्रीवास्तव, सह कोषाध्यक्ष, विक्की अग्रवाल, दीपक साहु, महिला अध्यक्ष किरण सिंह, वीणा देवी व अन्य मौजूद थे।

# बीकेबीके खिलाफ मजदूरों ने किया प्रदर्शन

फुट डालो और राज करो की नीति नहीं चलेगी : भगत



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** बिहार मिनरल्स मजदूर संगठन एवं तीन सीमानी पड़हा केंद्र हेंसल, जरियों,कुजी, के द्वारा सैकड़ों ग्रामीणों एवं मजदूरों के साथ मिलकर समाहरणालय मैदान से शुरू होकर रैली प्रदर्शन के रूप में हिंडाल्को ऑफिस होते हुए रैली बॉक्साइट डंपिंग यार्ड हेसल में बीकेबी कंपनी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से शामिल पूर्व मंत्री सधनु भगत ने कहा कि यहां के लोगों का सपना था कि अलग झारखंड राज्य मिलेगा तो अच्छे ढंग से शांतिपूर्वक रहकर और विकास करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कंपनी इस क्षेत्र में आई है तो यहां के लोगों को काम मिले हक और अधिकार मिले ।उन्होंने बीकेबी कंपनी को चेतावनी देते हुए कहा कि कंपनी यहां के लोगों को कमजोर और बेवकूफ समझती है ।हम कंपनी की फूट डालो और राज करो की नीति को नहीं चलने देंगे। हम गरीब मेहनत करना जानते हैं, मिलकर रहना जानते हैं, तो गद्दारों को का गर्दन काटना भी जानते हैं ।उन्होंने बीकेबी कंपनी को चेतावनी देते हुए कहा कि बोरिया बिस्तर समेट कर यहां से चले जाए। बहुत सारे ऐसे लोग झारखंड में है,जो इस काम को अच्छे ढंग से कर सकते हैं।

किसान नेता लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि यह लड़ाई अधूरी है ,आज पूरा झारखंड जानता है कि आंदोलन के बल पर ही अलग राज्य मिला है ।जब तक आंदोलन नहीं करेंगे तब तक हम लोगों का हक और हुकूक आपस में फूट डालो और राज करो हिसाब से चलता रहेगा। उन्होंने भी कंपनी को चेतावनी देते हुए कहा कि आपस में लड़ाने का कोशिश ना करें जो मजदूरों का हक बनता है, उसको समान रूप से दें।

प्रदर्शन में मजदूर संघ के स्थानीय अध्यक्ष रोहित भगत, मजदूर संघ के स्थानीय महामंत्री मनेश्वर उरांव, मजदूर संघ के स्थानीय कोषाध्यक्ष संदीप भगत, मजदूर संघ की स्थानीय महिला जिला अध्यक्ष निर्मला कुमारी और सदस्य रंथु उरांव, रामधनी भगत ,अमर कुजूर, दिलीप उरांव, ,राम उरांव, एतवा उरांव ,लाला भगत, राम भंडारी उरांव, नकुल भगत, एवं सैकड़ों की तादाद में महिला पुरुष उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल ने मांगो से संबधित ज्ञापन हिंडालको कंपनी प्रबंधक को सौंपा।

# लोहरदगा में खुला भाभा कोचिंग सेंटर

खबर मन्त्र संवाददाता




**लोहरदगा।** एससीए मद अंतर्गत गुरुवार को जिला प्रशासन लोहरदगा और इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड अप्लाईड न्यूट्रीशन, ब्रांबे, रांची के बीच एमओयू किया गया। वहीं, सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा लोहरदगा जिला में नीट व जेईई की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए डीएमएफटी मद से होमी जहांगीर कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया।

श्री भगत ने कहा कि अब लोहरदगा के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं, जो मेडिकल व इंजीरियरिंग की प्रवेश परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं उन्हें लोहरदगा जिला में ही तैयारी करायी जायेगी। नीट व जेईई प्रवेश परीक्षा के लिए लोहरदगा जिला में अब होमी जहांगीर भाभा कोचिंग सेंटर में तैयारी करायी जायेगी। यह यहां के छात्र-छात्राओं के सुअवसर प्रदान

**छात्रों को लोहरदगा में तैयारी करने का मिलेगा मौका: सांसद**
**40 छात्रों को भेजा जायेगा आइएचएम रांची : उपायुक्त**

किया जा रहा है कि इसी जिला में रहकर तैयारी की जा सकेगी। अब तक यहां के छात्र-छात्राओं को जेईई व नीट की तैयारी के लिए रांची जाना पड़ता था। सांसद ने कहा कि लोहरदगा जिला के छात्र-छात्राओं इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड अप्लाईड न्यूट्रीशन, ब्रांबे, रांची में होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई करने का मौका मिलेगा जो राज्य के सबसे बेहतर संस्थानों में से है। आज सरकारी नौकरियां कम हैं लेकिन निजी क्षेत्रों में भी संभावनाएं बढ़ी हैं। यहां पढ़ाई कर देश में कहीं भी इस कोर्स के जरिये रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

उपायुक्त ने जिला के युवक-युवतियों के लिए एक ऐसा कोर्स उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने निर्णय लिया था कि उसकी मान्यता पूरे भारत में हो। यहां के 40 छात्र-छात्राओं को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड अप्लाईड न्यूट्रीशन, ब्रांबे, रांची भेजा जायेगा जहां उन्हें होटल प्रबंधन की पढ़ाई करने का मौका मिलेगा।

## एक नजर में

### वृद्धों को कंबल देना पुण्य कार्य : बीके झा



**लोहरदगा।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग लोहरदगा द्वारा सीएसआर के तहत बगडू खनन क्षेत्र में ठंड से बचाव हेतु वृद्धजनों के बीच गुरवार को कंबल का वितरण किया गया। हिंडालको के अध्यक्ष बीके झा की अगुवाई में कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मानव संसाधन विकास विभाग के प्रमुख विनोदानंद ठाकुर, आपरेशन हेड प्रतीक कुमार, सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास विभाग के सुधीर चौधरी, सीएसआर हेड नीरज कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। श्री झा ने कहा कि ठंड से निजात दिलाने के लिए पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों के बीच वृद्धजनों को कंबल प्रदान करना पुण्य कार्य है। उन्होंने बताया कि सीएसआर के तहत हिंडालको द्वारा सभी खनन क्षेत्रों में कंबल वितरित किए जायेंगे। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर अधिकारी भास्कर सिन्हा ने की। कार्यक्रम में कोरगो, चांपी, दलदलिया, बांडी, भुसाड आदि 100 लाभुकों के मध्य कंबल का वितरण किया गया।

### शास्त्री विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**भंडरा।** खेलो झारखंड के तहत गुरवार को भंडरा लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिता शुरू हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन सीओ दिनेश गुप्ता, बीईईओ जयनाथ महतो ने किया। सीओ ने कहा कि केंद्र सरकार के अभियान खेलो इंडिया की तर्ज पर अब झारखंड सरकार भी खेलो झारखंड शुरू की है। खेलो झारखंड अभियान पांच नवंबर से 15 दिसंबर तक चलेगा। राज्य सरकार खेलो झारखंड के माध्यम से 50 लाख से अधिक स्कूली छात्रों के लिए एक मेगा स्पोर्टिंग इवेंट आयोजित करने की तैयारी कर रही है। इससे स्कूली स्तर पर नवोदित प्रतिभाओं की पहचान करने में सहायता मिलेगी । बीईईओ ने कहा की खेलो झारखंड प्रतियोगिता से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभा को निखरने का मौका मिलेगा । प्रथम दिन भला फेक,दौड़,उच्ची कूद, आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । शुक्रवार को फुटबॉल प्रतियोगिता होगा। विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर बीपीओ राम विजय खलखो,निशांत कुमार, राम सहाय उरांव,अजय कुमार,संजय उरांव,मनीष उरांव,सरोज उरांव, आदि मौजूद थे।

### सामूहिक अवकाश में गये जिले के वनरक्षी



**लोहरदगा।** जिले के सभी वनरक्षी ने रेंजर अरुण कुमार के कार्यकलापों से नाराज होकर सामूहिक अवकाश में जाने का निर्णय लिया है। गुरुवार को वन रक्षियो ने लोहरदगा रेंज ऑफिस पहुंच बैठक कर यह निर्णय लिया ,साथ ही इस निर्णय से डीएफओ को अवगत कराते हुए इस दिशा में ठोस करवाई की मांग की।मौके पर मौजूद वनरक्षियो का कहना था कि रेंजर अरुण कुमार लगातार वन रक्षियों की बात को अनुसूना कर काम कर रहे है गाड़ी मांगने से लेकर तेल देने तक में हमेशा आनाकानी करते है जिससे कार्य करना मुस्किल हो रहा है।डीएफओ को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है की वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी अरुण कुमार के रवैया इन विकट परिस्थितियों के बावजूद अत्यंत ही हैरान करने वाला रहा है। वे स्वयं एक फ्रंटलाइन स्टाफ हैं। किंतु आज तक वे न ही किसी टेरिटोरियल गतिविधि में खुद शामिल हुए हैं, न ही उनके द्वारा किसी प्रकार का विभागीय सहयोग प्रदान की जा रही है। बुधवार 16 नवंबर को उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र पाखर से अवैध लकड़ी तस्करी को सूचना पर जब रेंजर को इससे अवगत कराते हुए गाड़ी की मांग की गई तो उन्होंने इस पर कोई ध्यान नही दिया।साथ ही वाहन देने से इनकार कर दिया गया और छापेमारी के दौरान जब रेनफोर्समेंट हेतु सूचित किया गया तो उन्होंने रिप्लाई तक नहीं किया। मौके पर वनरक्षी एवम वनपाल पंकज कुमार सिंह,आदित्य गोप,विकी कुमार गुप्ता,किशोरनंद कुमार,गौतम राम, सी महतो,महावीर उरांव,राजेंद्र उरांव,रमेश भगत,सुमित लकड़ा,बुधदेव उरांव,सरिता खाखा,अनीता लकड़ा,प्रवीण कुमार भगत,विपिन टोप्पो सहित कई लोग मौजूद थे।

### बेसिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल मैदान में खेलो झारखंड अभियान के तहत दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ अंचलाधिकारी विजय कुमार ने किया। जिसमे प्रखंड के 27 मध्य विद्यालय तथा 9 उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग का मैच अलग-अलग आयोजित किया गया। जिसमे पहले दिन वर्व 06 से 08 के विद्यार्थी बालिका वर्ग में 100 मीटर 200 मीटर,400 मीटर,600मीटर,दौड़,100 मीटर रिले दौड़,गोला फेंक, चक्का फेंक, बालक वर्ग 100 ,200,400,600,मीटर दौड़,100 रिले दौड़, गोला फेंक, चक्का फेंक,वही 09 से 12 वर्ग के विद्यार्थियों बालक वर्ग में 100,200,400,800,1500, 3000 मीटर दौड़,100 मीटर रीलै दौड़, वही बालिका वर्ग में 100,200,400,800,1500, 3000 मीटर दौड़ एवं 100 व 400 मीटर रीलै दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शिक्षक अनिल उराँव,रंजु साहु, गणेश लाल, सारू उराँव के अलावे अन्य शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

### सेन्हा सीओ ने बीएलओ के साथ की बैठक



**सेन्हा-लोहरदग।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में अंचलाधिकारी सह प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी विजय कुमार ने पर्यवेक्षक तथा बी एल ओ के साथ बैठक कर मतदाताओं का नाम गरुडा एप्प में इन्ट्री करने के विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची विशेष पुनिरीक्षण मतदाता सूची में 1 अक्टूबर को 18 वर्ष पूर्ण नये मतदाताओं का नाम जोड़ने तथा मृत व्यक्तियों का नाम हटाने के विषय पर जानकारी दी। मौके पर उन्होंने बताया कि मतदाता का नाम जोड़ने के लिये प्रपत्र 6 इ को भर कर आधार सत्यापन का कार्य आगामी 5 दिन में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रपत्र 8 के द्वारा ब्लैक एंड व्हाइट फोटो को हटाकर रंगीन फोटो का संसोधन कर वोटर हेल्प लाइन पर पोर्टल कर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के लिये कहा गया। वही बीएलओ को निर्देश दिया गया है। कि बीएलओ के कार्यो को पर्यवेक्षण कर योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। मौके पर पर्यवेक्षक दुर्गा प्रसाद,रिजवान अख्तर,सीताराम टाना भगत,अधीश खाखा के अलावे टिंकी देवी,शान्ता मिंज,रजनी देवी,अनिता उराँव,निर्मला देवी,दिनेश उराँव, यशोदा कुमारी, किरण देवी,समेरुन खातून,प्रमिला कुमारी जहित सभी बीएलओ मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## खाद्य आपूर्ति विभाग के कांडी प्रखंड प्रतिनिधि बने रविकांत



रविकांत पांडेय

**कांडी।** क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कांडी प्रखंड के लिए रविकांत पांडेय को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का प्रतिनिधि बनाया है। विधायक ने पूर्व प्रतिनिधि रामलखन चंद्रवंशी के कार्य से असंतोष प्रकट करते हुए पीडीएस को सुदृढ़ करने एवं लाभुकों तक समुचित व समय राशन उपलब्ध कराने को लेकर मडरा गांव निवासी रविकांत पांडेय को प्रतिनिधि प्रतिनियुक्त किया है। श्री पांडेय ने विधायक द्वारा प्रतिनियुक्ति पत्र को कांडी सीओ सह एमओ अजय कुमार दास को सौंपा। इस सम्बंध में रविकांत ने कहा कि मैं विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के उम्मीदों पर खरा उतरूंगा। साथ ही सभी लाभुकों को समुचित एवं ससमय राशन दिलाने का हर संभव प्रयास करूंगा।

## मंत्री सत्यानंद भोगता के पहल पर मिजोरम में मृत श्रमिकों का शव पहुंचा गांव

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के दो श्रमिकों की मृत्य मिजोरम राज्य के हनथियाल के मौदढ़ में पत्थर खदान में खदान धँसने से हो गई। उक्त घटना में कई लोग मारे गए जिसमें दो श्रमिक खेमलाल कुमार पिता मुरली महतो और ओमप्रकाश कुमार पिता दलचंद महतो वशिष्ठनगर जोरी से थे। मामला संज्ञान में आते ही राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता ने त्वरित कार्यवाही करते हुए राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को श्रमिकों के शव को लाने और परिजनों को समुचित सरकारी लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया। मंत्री श्री भोगता के पहल पर कल दोनों श्रमिकों के शव को कलकत्ता एयरपोर्ट पर लाया गया। वहाँ से गुरूवार को एम्बुलेंस के द्वारा उनके पैतृक घर शव को पहुँचाया गया। शवों का परिजनों के द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया। मंत्री श्री भोगता ने चतरा जिला श्रम अधीक्षक को भी जिला प्रशासन स्तर पर सरकारी लाभ पहुँचाने के लिए निर्देशित किया है। इस दौरान मंत्री श्री भोगता ने कहा कि हम हमेशा जनसेवा के लिए तत्तपर हैं। मृतक श्रमिकों के आत्मा की शांति के लिए भगवान से कामना करते हैं। इस दु:ख की घड़ी में हम और श्रम विभाग परिजनों के साथ खड़े हैं। जो सरकारी मापदंड है उसके अनुरूप परिजनों को लाभ दिया जाएगा।

## तीन घायल

**रमना।** थाना क्षेत्र के कविसा से होकर गुजरी एनएच 75 सड़क पर बुावार की देर रात्रि ुरकी से रांची जा रही रिजर्व सवारी बस की दुर्घटना हो गई। जिससे ुरकी के अंबाखोरया निवासी 45 वर्षीय शंकर दयाल सिंह, 62 वर्षीय शमरथ सिंह व 35 वर्षीय निरंजन बेक घायल हो गए। सभी घायलों को यात्रियों ने इलाज के लिए रमना सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मे भर्ती कराया। जहां सभी घायलों के उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## गढ़वा को वन टू फाइव में पहुंचाना प्राथमिकता : डीईओ



अनिता पूर्ति

**गढ़वा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी पद पर अनिता पूर्ति ने योगदान दी। लंबे समय से दूसरे विभाग के पदाधिकारियों के प्रभार के भरोसे चल रहे इस पर पर बोकारो के क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अनिता पूर्ति को जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जेपीएससी छठे बैच की अनिता पूर्ति ने गढ़वा में योगदान देने के बाद कहा कि शिक्षा विभाग में गढ़वा की स्थिति काफी नीचले पायदान पर है। उनकी प्राथमिकता होगा कि वे उपर से पहले से पांचवे स्थान पर गढ़वा को पहुंचा दें। अब तक जो भी कार्य लंबित है उसे जल्द से जल्द निपटाया जाएगा।

# जन वितरण प्रणाली विक्रेता अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे

## छीन रहे राशन कार्डधारियों का हक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद जन वितरण प्रणाली विक्रेता अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आ रही हैं और इनके द्वारा खुलेआम गरीब राशन कार्डधारियों का हक मारा जा रहा है और यह बड़े ऐसे लोग बड़े आराम से कहते हैं कि जब हमें गोदाम से ही अनाज कम मिलता है तो हम क्या करें। आपको जहां शिकायत करना है आप करें कुछ होने वाला नहीं है। ताजा मामला जिला मुख्यालय से करीब 5 से 6 किलोमीटर की दूर पाण्डेयडीह पंचायत के गांव खरीडीह का है, जहां उजाला महिला मंडल एवं सावित्री महिला मंडल के द्वारा राशन कार्डधारियों को राशन कम दिया जा रहा है, जिसकी शिकायत पर गुरुवार को पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अब्दुल रऊफ़ आलम उक्त दोनों राशन डीलर के पास पहुंचे थे और लाभुकों को पूरा अनाज देने की बात कही, परंतु उक्त राशन डीलरों द्वारा पूरा अनाज ना देकर उन्हें कहा गया कि आपको जहां जाना है जाएं, राशन जो मिलते आया है वही मिलेगा। उक्त जानकारी मुखिया प्रतिनिधि अब्दुल रऊफ़ आलम के द्वारा दिए जाने के बाद उक्त गांव में देखा गया तो राशन डीलर के द्वारा सही में राशन कार्डधारियों को कम अनाज दिया गया था। उजाला महिला मंडल से राशन ले चुकी राशन कार्ड धारी मनती देवी से जब पूछा गया कि आपके राशन कार्ड में कितने लोगों का नाम है, उन्होंने बताया कि मेरे राशन कार्ड में कुल 6 लोगों का नाम है, और मुझे 30 किलो राशन दिया जाना था, परंतु मुझे 1 किलो राशन कम दिया गयाघ्। जब उक्त राशन कार्डधारी का राशन दोबारा उसी वेट मशीन पर तोला गया तो 30 किलो के जगह पर 28 किलो 920 ग्राम राशन पाया गया। एक अन्य राशन कार्डधारी गीता देवी से बात की गई तो उन्होंने बताया हमारे राशन कार्ड में कुल 7 लोगों का नाम है और मुझे 35 किलो अनाज दिया जाना है, उनसे पूछा गया कि आपको कितना अनाज मिला है तो उन्होंने कहा मुझे नहीं पता इस पर जब दोबारा वेट मशीन पर राशन तोला गया तो 35 किलो के जगह पर 32 किलो 940 ग्राम ही निकला, जब इस बात की जानकारी महिला मंडल की सदस्य से ली तो उन्होंने राशन कम होना स्वीकार किया एवं आगे कहा कि जब गोदाम से ही राशन कब मिलेगा तो हम राशन कार्डधारियों को पूरा राशन कहां से दे पाएंगे। उसी गांव खरीडीह में ही एक अन्य जन वितरण प्रणाली विक्रेता सावित्री महिला मंडल के द्वारा कम अनाज दिए जाने की शिकायत, वहां मौजूद राशन कार्डधारियों के द्वारा की गई, उन लोगो के द्वारा बताया गया कि सावित्री महिला मंडल के द्वारा जिस मशीन पर अनाज तौल कर दिया जा रहा है उसमे गड़बड़ है, जब उस वेट मशीन को देखा गया और महिला मंडल के अध्यक्ष को बोला गया कि आप मशीन पर 10 किलो का एक बाट चढ़ाए तो खुद ब खुद क्लियर हो जाएगा, जब 10 किलो का बाट मशीन पर रखा गया तो वेट मशीन के स्क्रीन पर 10 किलो 540 ग्राम अंकित हो गया, जिसके बाद उक्त महिला मंडल के अध्यक्ष से पूछा गया कि मशीन में गड़बड़ी क्यों है, तो वह उन्होंने बताया यह गड़बड़ी पूर्व से चला आ रहा है, जिसकी सूचना हमारे द्वारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को भी दी गई है, उन्होंने बताया कि आज सुबह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि भी आए थे, उन्हें पूरी जानकारी दी गई है, तत्पश्चात प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को भी इसकी सूचना दी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा था, कि आप अभी राशन वितरण नहीं करें, मैं दूसरा राशन तोलने के लिए वेट मशीन भेज दूंगा। वहीं मौके पर मौजूद स्थानीय राशन कार्डधारी ने आरोप लगाया कि राशन डीलर के द्वारा प्रत्येक कार्ड के पीछे 2 से ढाई किलो तक अनाज बराबर है कम दिया जाता है। इस पर सावित्री महिला मंडल के अध्यक्ष ने बताया कि गोदाम से ही अनाज कम मिलता है जिस कारण से प्रत्येक कार्ड धारियों को 1 किलो कम अनाज दिया जाता है।

**क्या कहते हैं जिला आपूर्ति पदाधिकारी :** उक्त मामले पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार राम के द्वारा कहा गया कि राशन डीलरों को अगर कम अनाज गोदाम से दिया जा रहा है तो इसकी शिकायत हमसे कर सकते हैं, जिसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वेट मशीन में फॉल्स रीडिंग की बात पर कहा कि अगर मशीन में किसी तरह की खराबी आ गई है, तो उस मशीन को बदल दिया जाएगा, उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि वेट मशीन पूरी तरह से सील है, अगर किसी के द्वारा सील को तोड़ा गया और मशीन के साथ छेड़छाड़ की गई, तो वह दोषी है, वैसे राशन डीलरों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## लोक अदालत शिविर में सौ मामलों का निपटारा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** गुरुवार को बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो के समीप लगाए गए लोक अदालत शिविर में लगभग 100 मामलों का निपटारा किया गया। बैंक अफ इंडिया मरकच्चो शाखा प्रबंधक संतोष कुमार आनंद ने बताया कि शिविर में लगभग एक सौ मामले का निपटारा किया गया, इसमें लगभग पचास लाख की रिकवरी की गई। इस दौरान खाताधारकों को भुगतान में भारी छूट दी गयी। शिविर में जज अमृत लाल यादव, आंचलिक प्रबंधक हजारीबाग जॉन वीवी के किशोर, एरिया मैनेजर विमल कांत झा, मनीष कुमार सिंह, गुज्जु कुमार, बीसी दशरथ यादव संजू, हंस राज, मोतीलाल पांडे विकास रजक समेत कई खाता धारक उपस्थित थे।

## जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के उत्तरी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार सिंह ने गुरुवार को पंचायत सचिवालय में शिविर लगाकर ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया तथा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे लोगों को जानकारी दी। कंबल वितरण करते हुए उन्होंने लोगों से ठंड से बचने के लिए सभी जरूरी एहतियात बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की कोई समस्या होने पर लोग तत्काल अस्पताल जाएं झाड़-फूंक के भरोसे नहीं रहे। उन्होंने लोगों को अपनी ओर से हरसंभव सहयोग का भी भरोसा दिलाया। मौके पर बीडीओ पप्पू रजक, प्रमुख विजय कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, विजय कुमार यादव समेत पंचायत के जरूरतमंद लाभुक उपस्थित थे।

एक नजर में

## एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर ने किया विद्यालय निरीक्षण




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** गुरुवार को डी ए वी पब्लिक स्कूल चतरा के तत्वावधान में एन सी सी 22 झारखंड बटालियन,हजारीबाग के कमांडिंग ऑफिसर हरमीत सिंह का डी ए वी विद्यालय में संचालित एन सी सी विंग के सफल संचालन के लिए निरीक्षण किया गया। श्री सिंह ने एन सी सी कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि एन सी सी का विशाल आयाम रोजगार के वृहत अवसर को प्रदान करता है अतः आप एन सी सी के नियमों का पालन करते हुए एकत्रित एवं अनुशासित रहे।

साथ ही कहा कि खेल एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने की सलाह दी। ज्ञात हो कि डी ए वी चतरा चतरा जिला का एक मात्र विद्यालय है जहाँ एन सी सी विंग को पूर्णकालिक मान्यता प्राप्त है। इस दौरान डी ए वी वी, चतरा के प्राचार्य सैयद एजाज अहमद,एन सी सी चेतन आनन्द, खेल शिक्षक अभिजीत सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## सीएससी सेंटर खुलने से लोगों को मिलेगी काफी राहत : पिंटू



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** हंटरगंज प्रखण्ड के पंचायत डुमरीकलां सचिवालय में सीएससी आधार सेंटर एवं प्रज्ञा केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। केन्द्र का उद्घाटन समाजसेवी सह मुखिया पति समरेश सिंह उर्फ पिन्टू सिंह, जिला परिषद सदस्य सुरेश पासवान, स्वयंसेवक रविंद्र प्रजापति, पिन्ट कुमार साव, केन्द्र संचालक रंजित कुमार यादव, सरदार मन्टू सिंह एवं पंचायत के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौका पर मुखिया पति समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने कहा की इस क्षेत्र में जनता का वर्षों से डिमांड था सीएससी सेंटर का जिसका आज विधिवत उद्घाटन किया गया।सेंटर के खुल जाने से क्षेत्र समेत कई पंचायत के ग्रामीण इस से लाभान्वित होंगे। ग्रामीणों को आधार सुधीकरण के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता था वहीं आर्थिक नुकसान तो होता ही था कई दिनों तक सीएससी सेंटर का चक्कर लगाना पड़ता था। इस कठिनाई से लोगों को अब निजात मिल जायेगा अब पंचायत सचिवालय में ही सीएससी सेंटर खुल जाने से लोग सभी तरह का ऑनलाइन कार्य करा पाएंगे वहीं बहुत ही रिजनेबुल चार्ज पर जनता हित में कार्य किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र से बिहार बॉर्डर दर्शनाला के समीप गुरुवार को बासोडीह से जा रहे टोटो जिस पर चार सवारी सवार थे। वहीं बासोडीह तरफ से जा रहे नवादा स्कॉर्पियो बीआर01 पीएन/2894 ने टोटो को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे टोटो में बैठे 4 लोग घायल हो गए। घायलों को प्रशासन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। मिली जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय मीना देवी पति मुन्ना प्रसाद ग्राम पोखरिया, 30 वर्षीय रूपा देवी पति रामबालक भुईयां ग्राम पचौरी, 35 वर्षीय रामबालक भुईयां पिता शिवनंदन भुईयां ग्राम पचौरी, 16 वर्षीय पम्मी कुमारी पिता नरेश यादव ग्राम पोखरडीहा सभी सतगावां निवासी थे।

# मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर में चार घायल

## बेहतर इलाज हेतु दो को भेजा गया मगध मेडिकल कॉलेज गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के प्रतापपुर मोड़ हीरो शोरूम के समीप एनएच 22 पर मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर में चार लोग बुरी तरह घायल हो गए। हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को बेहतर इलाज हेतु मगध मेडिकल कॉलेज गया बिहार रेफर किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर में जहां चार लोग बुरी तरह घायल हो गए हैं वहीं इस सड़क दुर्घटना में मोटरसाईकिल भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। सरदार मोनल सिंह 20 वर्षीय पिता सरदार प्रीतम सिंह ग्राम डुमरी निवासी राम नारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज के सेमेस्टर 4 का छात्र है जो हंटरगंज बाजार से अपना घर डुमरी गाड़ी न० खल02इ1178 से जा रहा था। विपरीत दिशा से दीपक दास 22 वर्षीय अपनी सगी बहन प्रीति देवी 28 वर्षीय एवं ज्योति देवी 25 वर्षीय तीनो पिता बालचंद दास ग्राम नागर निवासी गाड़ी नंबर इफ़24द -1518 से सीधी टक्कर हो गई जिसमें चारों लोग बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस को खबर मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए ददन दुबे के नेतृत्व में घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सरदार अनमोल सिंह और प्रीति देवी को बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस से मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। खबर मिलते ही स्थानीय मुखिया पति समरेश सिंह उर्फ पिंटू सिंह घायलों का हालचाल लेने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

### जिला परिषद द्वारा आवंटित दुकानों के बाकी किराया को लेकर दुकानों को किया गया सील

# किराया अदा नहीं करने वाले दुकान रहेंगे बंद : डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** डीडीसी सह जिला परिषद सचिव उकर्ष गुप्ता सदर एसडीओ मुहम्मद मुमताज अंसारी गुरुवार को जिला परिषद द्वारा निर्मित एवं आवंटित दुकानों के किराया वसूली को लेकर औचक निरीक्षण किया। हंटरगंज बाजार एवं डाक बंगला स्थित आवंटित दुकानों के किराया वसूली को लेकर औचक निरीक्षण एवं कई अहम पहलुओं पर निर्देशित किया गया।

निरीक्षण में दुकान मालिक जो किराया अदा कर पाए उनकी दुकानों को छोड़कर 14 दुकानों को सील कर दिया गया है। बताते चलें कि हंटरगंज बाजार स्थित 12 दुकानों को सील किया गया है वही डाकबंगला स्थित दो दुकानों को सील किया गया ।मालूम हो की 22 दुकानदारों पर किराया जमा करने का नोटिस दिया गया था जिस में कुल 8 दुकानदारों ने ही दुकान का किराया अदा किए शेष14 दुकान मालिकओ ने किराया अदा नहीं किया है। इस संबंध में स्पष्ट कहा गया है कि वर्षों से दुकानों का किराया बकाया चला आ रहा है जिस से सरकार के राजस्व को काफी छती हो रही है। इस लिए अति शीघ्र दुकान का किराया अदा करने का निर्देश दिया गया है। अन्यथा दुकानें सील रहेंगी। इस संबंध में यह भी जानकारी दिया गया है की जिनके नाम पर दुकान आवंटित है वह दुसरे को दुकान भाड़ा पर दे रखा है। जिन लोगों ने भाड़े पर दुकान लिया है उनलोगों ने तो किराया दुकान दार को अदा कर दिया परंतु जिला परिषद को दुकानदार अदा नहीं किए हैं ऐसे में दुकानदार भुक्तभोगी हैं जबकि आवंटित मैन किराया लेकर गटक गए हैं। इस अभियान में स्थानीय पुलिस निरीक्षक प्रमोद पांडे,सी ओ मिथलेश कुमार, एसआई निरंजन कुमार शामिल थे।

## दीनदयाल अंत्योदय योजना के 157 प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रमाण-पत्र

**कोडरमा।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत कौशल प्रशिक्षण एवं नियोजन घटक के अंतर्गत प्लम्बिंग जनरल एवं प्लम्बिंग प्रोडक्ट सेल्स ऑफिसर ट्रेड पर प्रशिक्षण प्राप्त 157 प्रशिक्षणार्थियों को नगर प्रशासक जितेंद्र कुमार जैसल के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान श्री जैसल ने कहा कि जल्द ही प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार से जोड़ा जाएगा, इसके अलावे जो प्रशिक्षणार्थी स्वयं का व्यवसाय करना चाहते है, उन्हें बैंकों से 7 प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर नगर मिशन प्रबन्धक संजीत कुमार साहू, रश्मि सिन्हा, दिलीप कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

## खेलो झारखंड के तहत खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** कस्तूरबा विद्यालय के प्रांगन में गुरूवार को खेलो झारखंड के तहत विद्यालय स्तर पर खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलो झारखंड खेल प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रा के बीच 100 मी, 200 मी, 400 मी की दौड, कबड्डी, लंबी-ऊँची कूद, फुटबॉल, भाला फेको, गोला फेंक समेत कई तरह के खेल-कूद कराया गया.मौके पर सभी खेलो में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय प्राप्त करने वाले प्रतिभागियो को मुखिया मनोज कुमार साहु,पूर्व जीप सदस्य पृथ्वी गंझु,अनिता देवी के हाथों द्वारा पुरस्कृत किया गया। आगामी 23 एवं 24 नवम्बर को प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उक्त प्रतिभागी भाग लेगे। मौके पर विद्यालय के वार्डेन इंदु भारती ने बताया कि विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता के बाद प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता मे चयनित प्रतिभागियो को जिला स्तर पर आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता मे भाग लेना होगा।

जिला से चयनित प्रतिभागियो को राज्य स्तर पर खेलो झारखंड प्रतियोगिता मे भेजा जाएगा.मौके पर मुखिया ने कहा कि इस विद्यालय के छात्रा यदि जिला स्तरीय खेलो झारखंड के लिए चयन की जाती है,तो उन्हे विशेष सुविधा दिया जाएगा।मौके पर अम्बिका सिंह भोक्ता, प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष बिलेन्द्र सिंह भोक्ता, रंजीत भोक्ता समेत विद्यालय के शिक्षक व छात्रा मौजूद थे।

# हाथियों के झुंड ने प्रखंड के कसारी और बानासाड़ी पंचायत में मचाया उत्पात

## हाथी के चपेट में आने से युवक घायल, रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** प्रखंड के कसारी और बानासाड़ी पंचायत में बुधवार की रात हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। जिससे कसारी पंचायत के टोला ईचागढा में काशीयातु निवासी जमाल मियां और इसराइल मियां के खेत में लगे धान लगभग 10 एकड़ को चट कर दिया है। और दौरान हाथियों के चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल युवक बानासाड़ी पंचायत के चंदिया गांव निवासी मोहन दांगी का पुत्र बिनोद दांगी है। ग्रामीणों की मदद से रेफरल अस्पताल लाया गया,जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के युवक हाथियों अंबाडीह जंगल में अपने साथियों के साथ हाथियों को देखने गया था।

इस दौरान छुपकर हाथियों के झुंड को देख रहा था। इस बीच छोटा हाथी ने देखा और चिल्लाने लगा। आवाज सुनकर बड़ा हाथी ने उसे सूंड से लपटा और दूर झाड़ी में फेक दिया।

जिससे वह घायल हुआ और उसकी जान बच गई। जबकि बानासाड़ी के जयराम बागी में हाथियों के झुंड ने भोला सिंह का चहारदीवारी तोड़ दिया। वही इचाक सीरिया गांव स्थित अंबाडीह में दो किसानों का फसल को बर्बाद कर दिया। जिसमे इजहार मियां का दो एकड़ में लगी टमाटर की फसल और अमेरिका राम के एक एकड़ में लगी टमाटर, बंधागोभी और बोदी की फसल को खाकर बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि देर रात को हाथियों का झुंड आ धमके और उत्पात मचाना शुरू कर दिया। किसी तरह जान बचाकर भागे और आसपास के लोगो को जानकारी दी। ढोल नगाड़े व मशाल जलाकर खदेड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि झुंड में सात से दस छोटे बड़े हाथी शामिल है। सभी हाथी जंगल में ही जमे हुए है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। वन विभाग के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर मुयायना किया और मुआवजा देने की बात कही। कहा कि पटाखा व मशाल उपलब्ध कराया जाएगा। कर्मियों ने ग्रामीणों आश्वस्त किया कि शाम को हाथियों के झुंड को दूसरे जंगल की ओर कर दिया जाएगा।

## प्रोजेक्ट रेल के तहत स्कूली बच्चों का लिया गया साप्ताहिक टेस्ट

**कोडरमा।** प्रोजेक्ट रेल के तहत जिले के सभी सरकारी स्कूलों में साप्ताहिक टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा षष्ठ, सप्तम और अष्टम वर्ग के छात्र छात्राएं शामिल हुए और सामाजिक विज्ञान की परीक्षा दी। गौरतलब हो कि उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिले के सरकारी स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने और वार्षिक परीक्षा में शतप्रतिशत रिजल्ट को लेकर पूर्व में दसवीं से 12वीं के वार्षिक परीक्षा में बेहतर रिजल्ट के लिए इस तरह की व्यवस्था की गई थी।

# अबुआ राज का सपना दिखा के झारखंड को लूट रहा है बबुआ मुख्यमंत्री : रघुवर दास

# रांची से मेदिनीनगर जाने के क्रम में चंदवा में रघुवर दास का हुआ जोरदार स्वागत

- स्वागत को लेकर उमड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम, पारम्परिक रीति रिवाज में हुआ स्वागत
- पूर्व विधायक प्रकाश राम का जलवा बरकरार, रघुवर के स्वागत में पहुंचे थे टाना भगत


रघुवर दास को सम्मानित करते पूर्व विधायक प्रकाश राम व अमित गुप्ता।


रघुवर दास का अभिनंदन करते भाजपा नेता व हजारो कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का चंदवा के बोरसीदाग में प्रदेश मंत्री नीलम देवी, जिलाध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, पूर्व विधायक प्रकाश राम, चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। रघुवर दास गुरुवार की दोपहर रांची से मेदिनीनगर जा रहे थे। रघुवर दास के आगमन को लेकर चंदवा में नेताओं के साथ-साथ कार्यकर्ताओं में जोरदार उत्साह देखने को मिला है, जैसे ही रघुवर दास चंदवा पहुंचे, नेताओ व कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया वहीं टाना भगत समुदाय की महिलाओं ने पारम्परिक रीति रिवाज में वाद्ययंत्र के साथ उनका अभिनंदन किया। इसके उपरांत जिलाध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह व चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने अंगवस्त्र प्रदान व पूर्व विधायक प्रकाश राम ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर रघुवर दास का अभिनंन किया। मौके पर मौजूद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, आज कार्यकताओं का जुटान बता रहा है कि हमसभी एकजुट हैं। अल्प समय में कार्यक्रम आयोजित होने के बाद भी कार्यकर्ताओं के महाजुटान पर रघुवर दास काफी खुश नजर आये।

## सपना दिखा के लूट रहा है मुख्यमंत्री : रघुवर दास

हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि 3 वर्षों के अंदर राज्य की स्थिति बदहाल हो गयी है। जनता से बड़े-बड़े वायदे कर अबुआ राज का सपना दिखाकर सत्ता में आने बाले अबुआ मुख्यमंत्री राज्य को लूटने का काम कर रही है। यहां के आदिवासी भाई बहनों ने अंग्रेजों से जिस खनिज संपदा की लूट के विरुद्ध लड़ाई लड़ा था उसे हेमंत सोरेन और सोरेन परिवार लूटने में लगा हुआ है। जल्द ही झारखंड से भ्रष्टाचार,भूखमरी और भय खत्म होने वाला है। इस भ्रष्टाचारी सरकार के दिन अब पूरे हो चुके हैं, आने वाला समय आपका होगा और झारखंड वासियों को डबल बेनिफिट मिलने वाला है। भाजपा की ताकत भाजपा के ऊजार्वान कार्यकर्ता हैं, उपस्थित भीड़ साबित करती है कि आने वाला समय में कार्यकताओं का झारखंड में राज होगा।

## कोरा कागज साबित हुआ है हेमंत सोरेन का घोषणा : प्रकाश राम

सभा को संबोधित करते हुये पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि चुनाव के समय जनता के साथ हेमंत सोरेन के द्वारा जो घोषणा व वादा किया गया था वह कोरा कागज साबित हुआ है। वर्तमान सरकार के राज्य की स्थिति बद से भी बदतर हो गयी है। पुरा सरकार ही भ्रष्टाचार की गोद में खेल रही है। वर्तमान सरकार की नाकामियों से राज्य की जनता में अभी से हीं रोष देखने को मिल रहा है। आने वाले चुनाव में राज्य की जनता इसका जवाब देगी।

## प्रकाश राम का जलवा बरकरार, एक हजार बाइक और दो सौ वाहनों का काफिला पहुंचा

वर्तमान में विधायक नहीं होने के वादजूद प्रकाश राम का जलवा बरकरार देखने को मिला। चंदवा प्रखंड के साथ लातेहार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी मंडलो से हजारो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का स्वागत रैली के लिए बोरसीदाग के मैदान पहुंचे थे। करीब 200 से अधिक चार चक्का वाहन और एक हजार से अधिक बाइक सवार के साथ युवा कार्यकर्ता स्वागत में शामिल थे। जय श्री राम, भारत माता की जय के नारों से मैदान गूंजता रहा। इस दौंरान सुरक्षा को लेकर लातेहार एसडीपीओ संतोष मिश्र व पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस पुरी तरह से मैश्तैद देखी गयी। मौके प्रवीण सिंह, छोटू राजा, पंकज सिंह, बंशी यादव, लक्ष्मण कुशवाहा, लव सिंह, मनीष जायसवाल, प्रमोद कुमार, रितेश कुमार, बिनय कुमार रिक्की, रोहित यादव, दीपक निषाद, शिकेश्वर यादव, रोहित शाहदेव, आशिष सिंह, राजेश यादव, अनिल यादव, राजू उरांव, सुरज साहू, मिनाक्षी देवी, सेट्टी सिंह, बैजू मुंडा समेत बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं को टारगेट किया जा रहा है

रघुवर दास ने कहा कि जब भ्रष्टाचारी हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी ने अपनी जांच तेज की तो भाजपा कार्यकताओं को टारगेट कर उन पर हमला किया जा रहा है। भाजपा के कार्यकताओं में भी दम है कि इसका मुंहतोड़ जवाब दे सकते हैं लेकिन हम सभी कानून का सम्मान करते हैं। आने वाले समय में सबका हिसाब किया जाएगा। उन्होंने चक्रधरपुर में हुई हत्या का भी जिक्र किया।

### महिलाओं और किसानों के साथ हो रहा है अत्याचार

रघुवर दास ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए वर्तमान सरकार पर महिलाओं और किसानों के विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाया। कहा कि हमने किसानों को 25 हजार रुपये तक देने का काम किया था। 50 लाख रुपये तक की जमीन को महिलाओं के नाम एक रुपये में करने वाली रजिस्ट्री वाली स्कीम को इस सरकार ने हटाकर महिलाओं के साथ अत्याचार किया है।


संबोधित करते भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास व मंचासीन नेता।

### राज्य में भ्रष्टाचार हावी, बिना चढ़ावे के नहीं होता है कोई काम

आज राज्य की जनता बिचौलियों से परेशान है। आज ब्लॉक जाइये बिना चढ़ावे के कोई काम नही होता। जब भाजपा की सरकार थी, जनता के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की थी, उसे आज वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया है। वहीं कार्यकताओं व मौजूद लोगों से आज से ही आगामी चुनाव की तैयारी में जुट जाने की बात कही।

### भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं हेमंत सोरेन

हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुये श्री दास ने कहा कि जब ईडी के द्वारा उन्हें समन मिला तो चोर लोग भिंड जुटा कर अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है। लेकिन हम बता देना चाहते हैं कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार के सामने कोई भ्रष्टाचारी नही बचेगा।

## स्पीड न्यूज

### थाना प्रभारी के रूप में अमित गुप्ता ने दिया योगदान



**चंदवा।** चंदवा थाना के छठे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी के रूप में अमित कुमार गुप्ता ने गुरूवार को योगदान दिया। निर्वतमान पुनि सह थाना प्रभारी ने उन्हे पदभार ग्रहण कराया व पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। पदभार लेने के बाद श्री गुप्ता ने चंदवा थाना में पदस्थापित पुलिस अधिकारियों एवं जवानो से शिष्टाचार मुलाकात की व पब्लिक के साथ बेहतर संबंध स्थापित कर अपराध नियंत्रण को लेकर कार्य करने की बता कही। मौके पर चंदवा थाना के अधिकारी व जवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### चकला प्लांट के फेज-टू क्षेत्र में लगी आग, पाया काबू

**चंदवा।** चंदवा के बाना चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत प्लांट पर गुरूवार की दोपहर अचानक आग लग गयी। आग प्लांट के फेज-टू क्षेत्र में लगा था। आग लगने की सुचना के बाद प्लांट के अधिकारियों एवं स्क्रैप कटिंग के कार्य में गली कंपनी के द्वारा लातेहार से अग्निशमन वाहन को बुलाया गया, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया, जिस कारण नुकसान नहीं हुआ, हलांकि आग कैसे लगी इसका पता खबर लिखे जाने तक नहीं चल पाया था। ग्रामीण अंदेशा जताते हुये बताया कि स्क्रैप कटिंग के दौरान सेफ्टी नहीं बरते जाने के कारण उक्त आग लगी होगी।

### आइसीटी कंप्यूटर क्लास का मुखिया व प्रधानाध्यापिका ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय में आईसीटी कंयूटर क्लास का शुभारंभ पंचायत की मुखिया सरिता देवी व बिद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनिता देवी ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलित व फीता काटकर किया। कम्प्यूटर क्लास का शुभारंभ के पश्चात मुखिया सरिता ने विद्यार्थियों से कही की कंप्यूटर क्लास क्लास में अच्छे से शिक्षा ग्रहण करे। कंप्यूटर क्लास के पढाई कराने के लिए प्रतिनियुक्त शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की ओर से डिजिटल इंडिया के तहत सरकारी मध्य विद्यालयो में कक्षा 06 से आठ तक मे अध्यनरत छात्र-छात्राओ को कंप्यूटर की शिक्षा नि:शुल्क दी जाएगी। कंप्यूटर शिक्षा के साथ साथ ऑनलाइन अन्य विषयों की पढ़ाई भी कर सकते है। कंम्यूटर क्लास प्रारंभ होने से कक्षा 06 से आठ तक के विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी दिखाई देने लगी। मौके पर शिक्षक संजीव कुमार, सोनम स्वेता तिर्की, राजेश्वर सिंह, एलिजाबेथ मिंज, महेंद्र प्रजापति, मधु कुजूर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## झारखंड के विकास को अवरूद्ध करने का साजिश रच रही है केंद्र सरकार: लाल मोतिनाथ शाहदेव

# इडी द्वारा मुख्यमंत्री से पूछताछ को लेकर जताया आक्रोश

- झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव की अगुवाई में रांची गये हजारों कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता


जिलाध्यक्ष की अगुवाई में रोषपूर्ण प्रदर्शन करते झामुमो कार्यकर्ता।

**लातेहार।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन में गुरूवार को लातेहार जिले के हजारो कार्यकर्ता झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ सहदेव के नेतृत्व में राजधानी रांची के मोरहाबादी पहुंचे। जहां ईडी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ को लेकर रांची स्थित ईडी ऑफिस बुलाये जाने को लेकर रोष प्रकट किया। जिलाध्यक्ष लाल मोतिनाथ शाहदेव ने कहा कि केन्द्र सरकार साजिश चरकर झारखंड के विकास को अवरूद्ध करना चाह रही है। जिसको लेकर पूरे झारखंड के कार्यकर्ताओं में उबाल है। उन्होने आगे कहा कि विकास की गति को कमजोर करने की साजिश केंद्र सरकार के द्वारा रची जा रहे है, और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। हमारी सरकार ने राज्य में 1932 का खतियान को विधान सभा में पारित करने, ओबीसी आरक्षण को 14 से बढाकर 27 प्रतिशत करने का काम हेमंत सरकार ने किया है। पारा शिक्षको, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं को सम्मान देने का काम हेमंत सरकार के द्वारा किया गया है। जिसे विपक्षी दल पचा नहीं पा रहे है व षड़यंत्र के तहत चुनी गयी सरकार को अस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है। रांची रवाना होने वाले कार्यकर्ताओं में बिस सूत्री जिलाउपाध्यक्ष अरूण दुबे, केन्द्रीय सदस्य दीपू सिन्हा, जिला सचिव शमशुल होदा, पपन खान, रिंकू कच्छप, सुनैना कुमारी, उपेन्द्र यादव, गोपाल सिंह, चंदवा बिस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु, उपाध्यक्ष मनोज चौघर, सितमोहन मुंडा, मो. सरफराज, रसीद खान, मो. इजहार, रंजीत उरांव, सुभम गिरी, ईश्वरी उरांव, रामवृक्ष गंझू, राजेन्द्र गंझु, सुरेश गंझू, महेन्द्र गंझु, जनाब हुसैन, अशोक पांडेय, समेत सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता शामिल थे।

## एक नजर में

### मनिका थाना प्रभारी को पुलिसकर्मियों ने दी विदाई



**मनिका।** मनिका थाना प्रभारी शुभम कुमार का तबादला होने के बाद थाना परिसर में दिन गुरुवार को थाना प्रभारी शुभम कुमार के विदाई समारोह कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मनिका थाना के पुलिस कर्मी, प्रखंड क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति व अन्य के द्वारा शॉल, बुके व गुलदस्ता देकर शुभम कुमार को सम्मानित किया गया। शुभम कुमार मनिका थाना में लगभग 2 वर्षों तक कार्यरत रहे। अभी उनका तबादला कर हेरहंज थाना का प्रभारी बनाया गया है। लोगों की समस्याओं को सुन जल्द से जल्द समाधान करना, प्रखंड वासियों के दुख सुख में हमेशा शामिल रहना इन्हीं कार्यों की वजह से शुभम कुमार ने लोगों के दिलों में अपने लिए जगह बनाया है। वे हमेशा निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहे। जिसका परिणाम स्वरूप आज उनके विदाई समारोह कार्यक्रम में सभी की आंखों में आंसू आ गए। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि थाना प्रभारी शुभम कुमार ने 2 वर्षों के कार्यकाल में कभी भी हमलोगों को शिकायत का मौका नहीं दिए। मौके में एसआई प्रदीप राय, एएसआई परमानंद सिंह, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत प्रसाद साहू,सुजीत कुमार साहू, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी, तस्लीम अंसारी, कांग्रेसी अजा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष नरेश राम, आनंद सिंह, नारायण यादव, बरतु उरांव, चौकीदार अनिल पासवान समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### बालूमाथ में भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस



**बालूमाथ।** झारखंड में हो रहे नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने की मांग को लेकर बालूमाथ प्रखंड भाजपा ओबीसी मोर्चा के द्वारा मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर चेक पोस्ट होते हुये थाना चौक पहुंचकर राज्य सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। मशाल जुलूस में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन हाय-हाय झारखंड सरकार हाय-हाय ओबीसी के साथ अन्याय बंद करो ओबीसी को आरक्षण देना होगा आदि नारे लगा रहे थे। मशाल जुलूस का नेतृत्व कर रहे भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ओबीसी को ठगने का कार्य कर रही है। सोरेन ने झारखंड में 27% आरक्षण ओबीसी को देने का घोषणा भी किया है। लेकिन नगर निकाय चुनाव में यह घोषणा का पालन नहीं की जा रही है। जिसका हम भाजपा के सिपाही इसका पुरजोर विरोध करते हैं। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज कुमार शाह, ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सत्यम कुमार, ओबीसी मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी विजय प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, शिव नारायण साव, राम कुमार गुप्ता, सुनील पांडे संजीव सिन्हा, अशोक प्रसाद, नामेश्वर गुप्ता, अनूप वर्मा, अजीत कुमार, पंकज केसरी, देवनंदन प्रसाद समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### करोड़ो के हाईटेंशन तार मामले में 6 गिरफ्तार

**लातेहार/चंदवा।** सिमरिया व कटकम सांडी पुलिस ने लातेहार व चंदवा पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर लगभग एक करोड़ रूपये के कीमती हाई टेंशन तार चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुये जिले के चंदवा व लातेहार से छः लोगो को गिरफ्तार किया है। जिसमें पांच गिरफ्तारी चंदवा क्षेत्र से हुये है। गिरफ्तार लोगो में केदार गंझु पिता लाली पाहन, पोलिकर गुड़िया पिता जेम्स गुड़िया (दोनो चिरो चंदवा), मो. इरशाद उर्फ सोनू पिता मिस्टर मियां, रसीद आलम पिता सफीक आलम (दोनो तिलैयाटांड़ चंदवा) व अजय कुमार उर्फ फंटूश साव शामिल है। वहीं लातेहार से विजय सिंह नामक एक व्यक्ति के गिरफ्तारी की बात सामने आ रही है। गिरफ्तार सभी लोगो को कटकमसांडी व सिमरिया पुलिस अपने साथ ले गयी है। मामले में पुलिस ने बताया कि उक्त सभी के खिलाफ सिमरिया थाना में कांड संख्या 197/22 व कटकम सांडी थाना कांड संख्या 176/22 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। इन सभी पर लगभग एक करोड़ रूपये का हाईटेंशन वायर चोरी में संलिप्त होने का आरोप है। अभियान में चंदवा थाना के पुअनि दिव्य प्रकाश, सअनि अरविंद सिंह व भीम कुमार समेत दल बल के जवान शामिल थे।

**चंदवा थाना क्षेत्र से 5 व लातेहार से 1 की हुई है गिरफ्तारी**

## विधायक बैद्यनाथ राम की माता नागो कुंवर का अंतिम संस्कार औरंगा नदी मुक्तिधाम में किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता


शव को लेकर मुक्तिधाम की ओर जाते विधायक व अन्य।

**लातेहार।** झामुमों विधायक वैद्यनाथ राम की मां नागो कुंवर उम्र 97 वर्ष का अंतिम संस्कार गुरुवार को चटनाही में औरंगा नदी मुक्तिधाम में किया गया। उनके कनिष्ठ पुत्र प्रकाश राम ने मुखाग्नि दी। वैदिक मंत्रोच्चारण पंडित त्रिभुवन पांडेय ने किया। इससे पहले पूर्वाह्न दस बजे विधायक आवास से शव यात्रा निकाली गई। इसमें लातेहार व अन्य प्रखंडों के काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। वहीं जिला प्रशासन की ओर से अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव एवं अंचलाधिकारी रूद्र प्रताप मुक्तिधाम पहुंचकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में प्रमोद सिंह, लक्ष्मण यादव, मोहर यादव, प्रमोद पाण्डेय, जय कुमार सिंह, नागेंद्र प्रसाद, सुदामा प्रसाद, राजन तिवारी, पंकज तिवारी, आशिम बाग, विनोद महलका, विशाल भास्कर, विरेंद्र प्रसाद, राजकुमार साहू, अंकित पांडेय, मनीष पाठक, मदन सिंह, विशाल कुमार, अशोक प्रसाद, विरेंद्र पाठक, कन्हाई पासवान, विवेक चंद्रवंशी, महेंद्र गुप्ता, लक्ष्मी प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, कौशल पाण्डेय, उत्तम प्रसाद, राजू विश्वकर्मा, अशोक यादव, सुनील प्रसाद, शुभम गुप्ता, पंकज दास, संतोष प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बीस सूत्री समिति ने संचालित योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने का विभागों को दिये निर्देश

# मनमानी बंद करें नहीं तो होगी कारवाई : नसीम

खबर मन्त्र संवाददाता


बीस सूत्री समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारी व अन्य।

**बरवाडीह।** प्रखंड बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक गुरुवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ राकेश सहाय, बीईईओ नागेंद्र प्रसाद, सीएचसी प्रभारी आशीष रंजन, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, एमओ अनुज शरण और एसडीपीओ अनिता कुमारी समेत सभी विभागों के पदाधिकारी और बीस सूत्री के सदस्य उपस्थित हुए। जहां बीडीओ ने पहली बैठक में शामिल हुए सभी विभागों के पदाधिकारियों को सरकार की ओर से बीस सूत्री कमेटी के गठन के उद्देश्य की जानकारी दी। वहीं अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि सरकार की जितनी भी योजनाएं चल रही हैं, उनको शत प्रतिशत धरातल पर उतारना आपका दायित्व है। कहा कि विकास के कार्य धरातल पर होने चाहिए कागजों पर नहीं। इस दौरान बारी-बारी से सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। जहां स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सभी पंचायतों में संचालित उप स्वास्थ्य केंद्र को प्रतिदिन खोलने के निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को मिलने वाले भोजन का मेनू चार्ट लगाने और दस प्रतिशत जीएसटी के साथ फर्जी बिल भाउचर की चल रही व्यवस्था को तत्काल बंद करने के निर्देश सीडीपीओ को दिए। वहीं पीएचडी विभाग को गुणवतापूर्ण नल जल योजना का कार्य करने, जेएसएलपीएस द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी बीडीओ और जनप्रतिनिधियों को देने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग में विद्यालय विकास मद की राशि से हो रहे कार्य की उपयोगिता प्रमाण पत्र और एकाउंटेट और सप्लायर की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर हो रही सरकारी पैसों की बंदरबांट की जांच कराने के निर्देश बीईईओ को दिए। इसके अलावा मनरेगा, 15वें वित्त, पीएम आवास, पशुपालन विभाग सहित सभी विभागों से संचालित योजनाओं की गहनता से समीक्षा की गई। जहां बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की सभी व्यवस्था दुरुस्त हो, यह बीस सूत्री का प्रयास है। उन्होंने साफ किया कि बरवाडीह प्रखंड में चल रही मनमानी को बंद किया जाए अन्यथा अधिकारी कार्रवाई को तैयार रहें। बैठक में प्रमुख सुशीला देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई सिंह, रंजित कु राजू, शशि भूषण तिवारी, प्रिंस गुप्ता और आरती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# आजसू पार्टी ने पिछड़े वर्ग को आरक्षण से वंचित किये जाने के विरोध में दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता


धरना में बैठे आजसू कार्यकर्ता।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में गुरुवार को आजसू पार्टी जिला कमेटी के द्वारा नगर निकाय चुनाव में पिछड़े वर्ग को आरक्षण से वंचित किए जाने के विरोध में एक दिवसीय धरना दिया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह एवं बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय सचिव केके मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव वीरेंद्र ठाकुर ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में निकाय चुनाव कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके तहत ओबीसी के लिए आरक्षित विभिन्न स्तर के पदों को समाप्त किया जा रहा है यानी चुनाव में ओबीसी को आरक्षण से वंचित किया जा रहा है। इससे पिछड़ा वर्ग में भारी रोष है। पिछड़ा वर्ग के इस रोष से और प्रतिनिधित्व तथा भागीदारी के सवाल पर आजसू पार्टी लगातार आवाज उठाती रही है। जनता परेशान है और सरकार अपनी चोरी का हिसाब देने में व्यस्त है। मौके पर विभिन्न वक्ताओं ने अपना मंतव्य दिया कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता नितेश पांडे, जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान, जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष बिजेंदर दास, सदर प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव, बरियातू प्रखंड अध्यक्ष विनोद राम, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष राजा दुबे, बरवाडीह प्रखंड कृष्णा सिंह, अभिजीत कुमार, मोहम्मद ईशा, जय प्रकाश कुमार, सूरज पासवान, महेंद्र सिंह, सरवन उरांव, रोहित गंझू दिनेश उरांव अजय लकरा सूरज दीपक लोहरा अजीत लोहरा शंभू गंझू, राम अवतार सिंह, राहुल दुबे, राजूराम, सुरेश गंझू समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## अंकित ने जेपीएससी में चौथा स्थान प्राप्त कर नाम किया रोशन



धनबाद। अंकित कुमार जयसवाल ने जेपीएससी मे चौथा स्थान प्राप्त कर धनबाद का नाम रोशन किया। मुख्यमंत्री द्वारा मंगलवार को राज्य कार्यक्रम के दौरान अंकित कुमार को नियुक्ति पत्र दिया गया। रमेश कुमार जयसवाल और वेदवती जयसवाल के पुत्र गोविंद पुर के निवासी है तथा वर्तमान में अंकित अभी गिरिडीह मे बिजली विभाग में एसडीओ पद पर कार्यरत हैं। प्रभात कुमार, बी.सुधीर, राजु सिंह एवं उनके समस्त परिवार एवं मित्रों ने बधाई देकर कर खुशी जताई।

## युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या की

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी निवासी सतेन्द्र कुमार उम्र लगभग 32 वर्ष पिता स्व0 बिभीषन महतो ने घर मे छत के ऐंगल से चादर का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। अगल,बगल के लोगो ने बताया कि कल बृहस्पतिवार को दोपहर तक देखा गया था।लेकिन शुक्रवार को दोपहर तक कोई नही देखा तो स्थानीय लोगो के द्वारा नही देखे जाने का चर्चा होने लगा तभी गण्यमान लोग पँहुचे ओर घर का दीवाल फांद कर आँगन में धुसा ओर मेन दरवाजा खोलकर अंदर आये।घर का दरवाजा खुला हुआ था।और पर्दा गिरा हुआ था।परदा हटा कर देखा तो फंदा के सहारे लटका हुआ है।तभी स्थानीय थाना को सूचना दिया।मोके पर सबइंस्पेक्टर विकाश कुमार दलबल के साथ पँहुचे।शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।कर जांच पड़ताल में जुटी।मृतक तीन भाई है।भाई में मंझला है प्राइवेट कम्पनी में कार्य करता था।मृतक शादी शुदा ओर एक दो साल का बच्चा है,माता,पिता नही है।

## नहाने के क्रम में कुआं में गिरने से मौत



**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरहुलसुदी पंचायत के पिरगुल निवासी अजय महतो उर्फ लोचन महतो की मिर्गी बीमारी से ग्रसित 27 वर्षीय पत्नी प्रमिला देवी की नहाने के क्रम में कुएं में गिर जाने से मौत हो गई।नहाने के लिए कुएं से रस्सी बाल्टी के सहारे पानी उठाते समय मिर्गी का दौरा उठा और वह सीधे कुएं में जा गिरी।आवाज सुनकर लोग दौड़े और कुएं के पास पहुंचे तब तक वह डूब चुकी थी। सूचना पाकर मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो ने घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी ली तथा ग्रामीणों ने कसमार थाने को सूचना दी ।पुलिस ने पिरगुल गांव पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हर्ल प्रबंधन निष्पक्ष होकर स्थानीयों को दे नियोजनः अरविंद

**सिन्दरी।** हर्ल गेट पर झामुमो द्वारा स्थानीय को नियोजन को लेकर बीते 23 दिनों से चल रहे धरना का विरोध करते हुए भाजपा सिन्दरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि हर्ल को निष्पक्ष भाव से स्थानीयता को वरीयता देते हुए नियोजन दे। उन्होंने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए भी कहा है कि किसी के दबाव में प्रबंधन झुककर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाती है तो भाजपा इससे भी बड़ा आंदोलन करेगी। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार झामुमो हर्ल के उत्पादन कार्य में बाधा बन रही है। प्रबंधन द्वारा 75 प्रतिशत स्थानीयों को रोजगार के बावजूद उद्योग विरोधी माहौल बनाया जा रहा है। झामुमो गठबंधन सरकार केन्द्र द्वारा किए जा रहे विकास कार्य को बाधित कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे लोग हर्ल सिन्दरी खाद कारखाना में वर्चस्व को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

# 3 मतदान केंद्र हटाने पर विरोध प्रदर्शन

## बूथ दूर ले जाने पर करेंगे वोट का बहिष्कार

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोयाबाद।** लोयाबाद के तीन मतदान केंद्र हटाये जाने के प्रस्ताव के विरोध में गुरुवार को लोयाबाद में वोटरों का प्रदर्शन हुआ और बूथ को दूर ले जाने के वरोध में वोट बहिष्कार करने के चेतावनी दी है। बदले जा रहे पंचायत भवन के उस मतदान केंद्र पास सुबह 11बजे जमा होकर वोटरों ने जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि किसी एक को फायदा पहुचाने के लिए,मतदान केंद को यहां से डेढ़ किलोमीटर दूर ले जाया जा रहा है।जबकि यहां पास में स्पोर्ट्स क्लब के पास सामुदायिक है,जिसमे दो बूथ बनाया जा सकता है।लोयाबाद सात नंबर में उर्दू प्राथमिक विद्यालय है।यहां भी बूथ बनाया जा सकता है।लेकिन इस सब वैकल्पिक सुविधाओं को दरकिनार करते हुए,सजीश के साथ लोयाबाद बीजीएस हाई स्कूल में तीनों बूथों को शिफ्ट करने के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया,ये गलत है,अन्याय है।सम्बंधित अधिकारी की मिली भगत से तीनों बूथ को वहाँ शिफ्ट करने के प्रक्रिया शुरू की गई है।जब कि वहां तीन बूथ पहले से है,अगर प्रस्ताव में बदलाव नही किया गया तो, बीजीएस हाई स्कूल में कुंल छह बूथ हो जाएगा।और फिर भीड़ को सम्भलना भी मुश्किल होगा । वोटरों ने कहा कि अगर प्रस्ताव वापीस नही किया गया तो ,वोट का बहिष्कार करेंगे। प्रदर्शन में बतीता सरोज,पूजा कुमारी,पुनम देवी,मोती देवी, गिरजा देवी, प्यारी देवी, गीता देवी, डब्लू पासवान, कारू गुप्ता, शमशाद अंसारी, मो आजाद, विलास साहनी, शक्ति गोप, महेन्द्र शर्मा, सिराज मंसुरी, विक्की रवानी, मनोज पासवान, विक्की कुमार, रवि गुप्ता, मिंटू चौधरी मौजूद थे।

## निचीतपुर को स्टेशन का दर्जा देने की मांग पर मासस का प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास ।** निचीतपुर स्टेशन के दर्जे के मांग को लेकर एवं विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। जिनका नेतृत्व मासस के केंद्रीय महासचिव हलधर महतो कर रहे थे । जिसमें सैकड़ों ग्रामीण मजदूर किसान छात्र नौजवान उपस्थित हुए। धरना प्रदर्शन के शामिल होने वाले कॉमरेड साथी कार्तिक महतो सुनील महतो,, शेख रहीम महतो ठाकुर महतो दिलीप महतो अमरदीप महतो चेतू शाव ,भीम कार्तिक महतो बीएन सिंह राजकुमार चौहान रेखा देवी, रविंद्र महतो अजय महतो पप्पू महतो विशाल महतो याकूब अंसारी शुभम सिंह आकाश कुमार शुभम कुमार विशु बाउरी, शुभम महतो उत्तम बाउरी, काजल महतो राजकिशोर कुंभाकार, लखन कुंभकार अमर बाउरी माधव बाउरी , अमित बाउरी राहुल बाउरी रोहित कुमार स्वपन बाउरी सुनील ठाकुर विक्रम बाउरी , सुनील, मानिक महतो, बलदेव सिंह मुन्ना सिंह, रणधीर शर्मा, दीपक महतो ,समर बाउरी , शकुंतला देवी ब्लू देवी गंगा देवी सरस्वती देवी बासनी देवी सरिता देवी सपना देवी हे मोला देवी मा धारी देवी रीता देवी झाली देवी मंजू देवी भारती देवी आदि मौजूद थे।

## बोकारोः राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर सेमिनार

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जिला परिषद कार्यालय परिसर में सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा मीडिया समाज का दर्पण है विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस प्रतिवर्ष भारत में स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।उन्होंने अपने बोकारो कार्यकाल में प्रेस के साथ अपने अनुभवों को साझा किया तथा सभी मीडिया प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं दी।मौके पर एसपी चंदन झा ने कहा कि आम जन मानस की राय को टटोलने का प्रेस सशक्त एवं महत्वपूर्ण माध्यम है।डीडीसी कीर्तीश्री जीण ने प्रेस के इतिहास की संक्षिप्त जानकारी दी।मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अजय अश्क ने पत्रकारों की नई पीढ़ी को पत्रकार की बजाय पक्षकार न बनने की नसीहत दी तो विजय झा ने पत्रकारिता के विभिन्न आयामों के पहलुओं पर प्रकाश डाला।शशि एवं अरुण पाठक ने गीत व कविता के माध्यम से प्रेस के समक्ष चुनौतियों को प्रस्तुत किया।संचालन डीपीआरओ राहुल भारती ने व धन्यवाद ज्ञापन एडीपीआरओ अविनाश कुमार ने किया।सेमिनार में जिला प्रशासन के पदाधिकारियों सहित प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने निकाला मशाल जुलूस

### सरकार की वादाखिलाफी का विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा ने झारखंड सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध मशाल जुलूस निकाला । जुलूस हरदेवराम स्मृति भवन से शुरू होकर सुभाष चौक तक गया। नेतृत्व ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष महादेव कुमार ने किया। मुख्य अतिथि विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी ने कहा कि झारखंड सरकार की करनी और कथनी में आकाश जमीन का फर्क है। सरकार 27 प्रतिशत आरक्षण की बात करती है परंतु नगर निकाय चुनाव ओबीसी को आरक्षण दिए बगैर करा रही है। जिला ग्रामीण के प्रभारी रीता प्रसाद, बलदेव महतो, सुमिता दास, निताई रजवार, रतिरंजन गिरि, राजेश दास, जग्गू साव, शंकर चंद्र दा, तारकेश्वर प्रसाद साह, विश्वनाथ पाल, अजय गिरि, वीरेंद्र गिरि, अनूप साव, अनिल कुमार, समीर साहू, उत्तम मंडल, हरी प्रसाद महतो संजय भगत हेमलाल पंडित शंकर महतो, कुणाल शर्मा , संजीव सिंह, कृष्णा साहू अयोध्या प्रसाद, रोहित महतो, संजय भगत आदि शामिल थे।

## बीएसएल और सीएसआईआर एनएमएल के बीच समझौता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सेल.बोकारो स्टील प्लांट के ईडी ;वर्क्स द्ध बी के तिवारी और सीएसआईआर. राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला के प्रमुख डॉ एस के पाल के हस्ताक्षर से दोनों के बीच एक एमओयू हुआ। मौके पर बतौर गवाह सीजीएम ;अनुरक्षणद्ध शरद गुप्ता एवं सीजीएम ;ईएमडीद्ध पी के बैसाखियाए सीजीएम ;सीए एंड सीद्ध बिपिन सरतापेए सीनियर साइंटिस्टए एमएनपी डिवीजनए सीएसआईआर.एनएमएल डॉ गणेश चलवाडीए वैज्ञानिकए एएमपी डिवीजनए सीएसआईआर. एनएमएल डॉ सुमन तिवारीए सीनियर साइंटिस्टए एमटीई डिवीजन, सीएसआईआर. एनएमएल बिराज कुमार साहूए सौरभ सिंहए एजीएम ;ईएमडीद्ध सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस एमओयू का उद्देश्य सीएसआईआर. एनएमएल जमशेदपुर और सेल.बीएसएल के बीच नवाचारए मौलिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास से संबंधित संयुक्त अनुसंधान और विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाना है। बी के तिवारी ने विश्वास जताया कि बीएसएल का इस क्षेत्र में अनुभव और सीएसआईआर. एनएमएल के वैज्ञानिकों की तकनीकी ज्ञान का लाभ वर्तमान चुनौतियों के लिए इनोवेटिव समाधान निकालने की दिशा में मदद करेगा।

## तीन गांव में हाथियों ने फसलों को रौंद डाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/फुसरो।** जंगली हाथियों के झुंड ने बुधवार की देर शाम अंगवाली के बंद खदान स्थित जंगल से फुसरो नगर क्षेत्र का रुख कर लियाए इस झुंड में शामिल दर्जनो हाथियों ने जारंगडीहए खेतकोए कथारा में उत्पात मचाने के बाद बुधवार को तड़के बंद पड़ी अंगवाली खदान में शरण ले ली थीए जहां से शाम को झुंड ने दामोदर नदी को पारकर फुसरो नगर अंतर्गत कदमाडीह व सिंगारबेड़ा के बीच स्थित जंगल में डेरा डाल दियाए बुधवार की देर रात सूचना मिलते ही बेरमो थाना की पुलिस टीम पहुंची और वन विभाग के कर्मचारियों के साथ हाथियो को जंगल ले जाने का प्रयास कियाए तब झुंड में शामिल हाथी दो समूह में विभक्त होकर आसपास विचरण करने लगेए उस दौरान कुछ हाथियों ने सिंगारबेड़ा व कदमाडीह के आबादी वाले क्षेत्र सहित आंबेडकर कालोनी के प्रवेश पथ व रीजनल कालोनी के पीछे स्थित झाड़ियों की ओर रुख कर लियाए जिन्हें वनरक्षियों ने पुनः स्थानीय जंगल की ओर खदेड़ दियाए इस दौरान फुसरो नगर अंतर्गत दामोदर नदी की निकटवर्ती सिंगारबेड़ाए कदमाडीहए रेहवाघाटए आंबेडकर कालोनीए घुटियाटांड़ए भेड़मुक्का आदि क्षेत्र के लोगों में काफी दहशत रहीए हाथियों से बचाव करने के लिए कई जगह टार्च व मशाल जलाकर स्थानीय युवाओं ने रात. भर पहरेदारी कीए समाचार लिखे जाने तक प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार हाथियों का झुंड फुसरो नगर अंतर्गत रीजनल कालोनी के पीछे स्थित जंगल में था। इन लोगो की खेत मे लगे फसलो को रौंद कर बर्बाद कर दिया।



## पुलिस को स्कूली बच्चों ने बांधा सुरक्षा बैंड

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** सहयोगिनी संस्था द्वारा आयोजित दोस्ती कार्यक्रम में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने कसमार थाना के एसआई रमेश बरनवाल एवं अनिल कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मियों को सुरक्षा बैंड बांधकर चाइल्ड लाइन का संदेश दिया। बच्चों को संबोधित करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बच्चों की किसी भी तरह की समस्या या परेशानी पर पुलिस हर समय तत्पर है।इधर कसमार अस्पताल में भी चाइल्ड लाइन से दोस्ती कार्यक्रम के तहत डॉ तनवीर फातमा एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को भी सुरक्षा बैंड बांधकर चाइल्ड लाइन की सेवा की विस्तृत जानकारी दी।चाइल्ड लाइन सब सेंटर सहयोगिनी के कोऑर्डिनेटर सरोज कुमार अड्डी ने बताया कि कोई भी बच्चा अगर मुसीबत में हो तो बेहिचक चाइल्ड लाइन या पुलिस अधिकारियों को सूचना देंए सूचना मिलते ही बच्चे की सहायता की जाएगी। मौके पर सहयोगिनी के कुमारी किरण, शेखर, सूर्यमणि देवी, अविनाश रंजन, राजू चटर्जी, नयनेन्दू मुखर्जी आदि मौजूद थे।

## प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन में बोकारो जिला के सदस्यों का हुआ चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** मारवाड़ी पंचायत चास के सभागार में आयोजित झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सम्मान समारोह में बोकारो जिला के कर्मठ अध्यक्ष शिवहरि बंका का वरीय प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं चास के उपाध्यक्ष विकास अग्रवाल का स्थायी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में चयन किया गया है।समारोह के अध्यक्ष चास शाखाध्यक्ष विनोद गर्ग ने उन्हें गुलदस्ता देकर तथा डॉ रतन केजरीवालए मारवाड़ी पंचायत अध्यक्ष अनिल गोयलए संरक्षक शिवकुमार महेरियाए ओम प्रकाश अग्रवालए सज्जन जैनए हनुमान पिलानियाए निरंजन पीपुरियाए प्रदीप पीपुरियाएरितेश लोधाए संजय अग्रवालए सुशील गर्गए टिंकू तापड़ियाए मुकेश भगेरियाए राज केजरीवालए प्रिया केजरीवालए वर्षा पिपुरियाए सतीश जैनए नवीन गर्गए पवन मित्तलएमुकेश केजरीवालए अनूप अग्रवालए आनंद अग्रवालए राजेंद्र जालानए पंकज बंसलए बैजनाथ केडियाए नरेश अग्रवालए मनीष गोयलए दीपू अग्रवालए प्रमोद तापड़ियाए श्याम पोद्दारए गोपाल टमकोरियाए मनोज मानकसियाए श्याम अग्रवाल शामिल हैं।

## महिला फुटबॉल टीम को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिजुआ।** शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज महिला में महाविद्यालय महिला फुटबॉल टीम के सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ अरूण कुमार महतो ने सभी खिलाड़ियों को पुष्पमाला,मेडल एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया। गौरतलब हो की प्रो मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में महाविद्यालय की महिला फुटबॉल टीम,बीबीएम कॉलेज मदईडीह में प्रखंड स्तरीय फुटबॉल मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था इसमें यह टीम विजेता रही। इस टीम ने सेमी फाइनल के बाद फाइनल राउंड में 2-0 से जीत हासिल की एवं ट्रॉफी महाविद्यालय के नाम की है।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार महतो ने कहा की बच्चों ने अपनी प्रतिभा साबित की है। बहुत कम समय के प्रयास और मेहनत से बच्चों ने जीत हासिल किया। खेलकूद का हमारे जीवन में बहुत महत्व है । स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। बच्चे स्वस्थ रहे सकारात्मक रहे तभी पढ़ाई में भी आगे जा सकते हैं ।महाविद्यालय बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में अपनी प्रतिभा साबित करने का मौका प्रदान करती है।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर प्रोङ्ग बिरबल महतो, नागेंद्र नाथ महतो, मौकित उद्दीन , रमेश प्रसाद , राखोहरी महतो ,अविनाश कुमार, राकेश कुमार महतो ,मेघनाथ महतो ,कल्पना कुमारी ,राजू महतो, राजकुमार प्रसाद ,कमलाकांत महतो ,पीके ठाकुर ,मनोज कुमार महतो, पंचानन सिंह चौधरी ,दिनेश मद्धेशिया, तेंदुलकर भट्ट ,शेखर महतो ,नेहा कुमारी ,इंदु कुमारी, राजकुमारी ,राहुल कुमार महतो ,मोहित कुमार महतो ,जितेंद्र प्रसाद, चक्रधर महतो ,शंकर महतो ,फुल मनी देवी ,लालू महतो,शांति देवी, राजवंती देवी ,पंकज कुमार महतो ,प्रदीप कुमार महतो, भुनेश्वर महतो ,गणेश महतो ,दिलीप महतो ,सचिन महतो आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### षडयंत्रकारियों को राज्यपाल ...

यही कारण है कि वे सरकार के खिलाफ षडयंत्र पर उतर आये हैं। कार्रवाई की वजह क्या है : सीएम ने कहा कि देश के लोकतंत्र का सम्मान होना चाहिए। लोकतंत्र में काम करने वाले लोगों को निष्पक्ष तरीके से काम करना चाहिए। मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं। पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मैं इडी के कार्यालय में जा रहा हूं। इस बात पर निश्चित रूप से जोर दूंगा कि इस कार्रवाई की वजह क्या है। आज गिट्टी-बालू देश में सबसे बड़ी रेवेन्यू व्यवस्था है। मैं तो कहता हूं कि गिट्टी ,बालू, पत्थर-चिप्स को भारत सरकार मेजर मिनरल में शामिल कर दे। कोयला, लोहा को माइनर मिनरल बता कर उसे राज्य सरकार के हवाले कर दे।

दरअसल, अवैध खनन मामले में पूछताछ के लिए मुझे ईडी ने बुलाया है। मैंने ईडी को पत्र भेजा है। 1000 करोड़ रुपये के घोटाले की बात आ रही है। उन्होंने कहा कि साल में पूरे राज्य में स्टोन चिप्स से 1000 रुपये की भी आमदनी भी नहीं होती है। ऐसे में इस घोटाले के आरोप का आधार कैसे बना, यह समझ से परे है। 1000 करोड़ रुपये का घोटाला करने के लिए कितने करोड़ का खनन हुआ होगा, उसका ट्रांपोर्टेशन कैसे हुआ। पिछले दो साल को अगर हम देखें, तो जो आरोप केंद्रीय एजेंसियों ने लगाये हैं, वो कहीं से संभव प्रतीत नहीं होता है। कहीं न कहीं एजेंसियों को पूरी विस्तृत जांच पड़ताल करने के उपरांत ही किसी ठोस निर्णय पर पहुंचना चाहिए था।

**कोई नेता देश छोड़ कर नहीं भागता :** सीएम ने कहा, मेरे खिलाफ जिस ढंग से कार्रवाई हो रही है, ऐसा लगता है कि मैं देश छोड़कर भाग रहा हूं। व्यापारियों को छोड़ कोई राजनीतिक नेता देश छोड़कर नहीं भागा। कार्यपालिका निरंकुश हो सकती है। सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र कहा जा सकता है। इस अवसर पर मंत्री जगन्नाथ महतो, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, चंपई सोरेन, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव, अनुप सिंह, इरफान अंसारी, सबिता महतो, नमन विक्सल कोंगाडी आदि उपस्थित थे।

### सिर्फ साहिबगंज में ...

इस प्रकार भारित औसत के आधार पर राज्य को 120 प्रति मेट्रिक टर्न रोटी पत्थर खनन से प्राप्त होता है। दो सालों में हजार करोड़ रुपए के रॉयल्टी के नुकसान के लिए करीब 8 करोड़ मैट्रिक टन पत्थर का अवैध खनन साहिबगंज जिले में करने की आवश्यकता होगी, जो उस जिले में हुए अवैध खनन का 4 गुना होता है। साथ ही, दो सालों में 8 करोड़ मीट्रिक टन पत्थर के परिवहन के लिए 20,000 से अधिक रेलवे रैक या 33 लाख से अधिक ट्रक की आवश्यकता पड़ेगी। एक रेलवे रैक की क्षमता चार हजार मैट्रिक टन और एक ट्रक की क्षमता 25 मीट्रिक टन ही होती है। रेलवे बगैर माइनिंग मिनिरल चालान के लोडिंग की अनुमति नहीं देता है। ऐसा प्रतीत होता है कि आपने एक भी रेलवे रैक बगैर चालान के नहीं पाया है। अभी तक आपने किसी भी रेलवे कर्मचारी अधिकारी पर कोई कार्यवाही नहीं की है। आपने बताया है कि पिछले 2 सालों में 6500 रैक साहिबगंज जिले से पत्थर खनन के लिए उपयोग किए गये हैं। यदि यह सारे 6500 रेलवे रैक केवल अवैध रूप से खनन किये गये पत्थर का परिवहन भी किया जाता है,जो संभव नहीं है। तो भी यह 8 करोड मीट्रिक टन अवैध खनन किये गये पत्थर का परिवहन नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 2 सालों में 8 करोड़ मीट्रिक टन अवैध पत्थर के परिवहन के लिए हर दिन 4500 ट्रक की आवश्यकता होगी। जबकि पूरे साहिबगंज जिला में करीब 800 ट्रक मात्र ही निर्बंधित और चालू अवस्था में है। उपलब्ध सभी रेलवे रैक, जहाज मिलकर भी आठ करोड़ मैट्रिक टन अवैध रूप से खनन किया गया पत्थर का परिवहन नहीं कर सकते थे। मात्र साहिबगंज में हजार करोड़ रुपए के अवैध पत्थर खनन का क्लेम कर रहे हैं, जबकि, जैसा कि मैंने पहले कहा है कि पूरी झारखंड राज्य में पत्थर खनन से पिछले 2 सालों में समय के रूप से कुल 750 करोड रुपए रॉयल्टी के रूप में प्राप्त हुए हैं। मुझे लगता है कि आपने उक्त तथ्यों एवं आंकड़ों को साहिबगंज में हजार करोड़ रुपये के अवैध खनन का आरोप लगाने से पहले संज्ञान में नहीं लिया है। ईडी को बगैर तथ्यों एवं आंकड़ों का सत्यापन किए हजार करोड़ रुपए का अवैध खनन संबंधी सनसनीखेज बयान जारी करना शोभा नहीं देता है। वह भी तब जब पिछले करीब एक साल से जांच की जा रही है और 50 से अधिक रेड किए जा चुके हैं।

### नीट काउंसलिंग के ...

राउंड 2 का 9 दिसंबर से रजिस्ट्रेशन : नीट एसएस राउंड 2 के रजिस्ट्रेशन 9 से 14 दिसंबर, 2022 तक होंगे। सीट अलॉटमेंट 15 से 16 दिसंबर तक होगा, जिसके रिजल्ट 17 दिसंबर को घोषित किए जायेंगे। चयनित उम्मीदवार अलॉटेड कॉलेज में 24 दिसंबर तक रिपोर्ट कर सकेंगे। अन्य सभी जानकारियां उम्मीदवार वेबसाइट पर जारी शेड्यूल में देख सकते हैं।

### शिवलिंग की पूजा...

हिंदू पक्ष ने कोर्ट के सामने दलील पेश करते हुए कहा था कि राइट टू प्रॉपर्टी के तहत भगवान को भी अपनी प्रॉपर्टी पाने का मौलिक अधिकार है। इसलिए नाबालिग होने के चलते वाद मित्र के द्वारा यह वाद दाखिल किया गया। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की 6 रूलिंग और संविधान का भी हवाला दिया गया था। वहीं इस मामले पर अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की ओर से मुमताज अहमद, तौहीद खान, रईस अहमद, मिराजुद्दीन खान और एखलाक खान ने अदालत में प्रतिउत्तर में सवाल उठाते हुए कहा था कि हिंदू पक्ष एक ओर कहता है कि वाद देवता की ओर से दाखिल है। जबकि इसमें पब्लिक भी जुड़ी हुई है। मुस्लिम पक्ष ने दलील देते हुए कहा था कि यह मामला सुनवाई योग्य नहीं है।

### रांची नगर निगम ...

मधुपुर नगर परिषद - अनारक्षित (महिला और पुरुष कोई भी लड़ सकते हैं चुनाव)
गोड्डा नगर परिषद - अनारक्षित (केवल महिला के लिए)
साहेबगंज नगर परिषद - अनुसूचित जाति (महिला और पुरुष कोई भी लड़ सकते हैं चुनाव)
पाकुड़ नगर परिषद - अनारक्षित (केवल महिला के लिए)
दुमका नगर परिषद - अनारक्षित (महिला और पुरुष कोई भी लड़ सकते हैं चुनाव)
मिहिजाम नगर परिषद - अनारक्षित (महिला और पुरुष कोई भी लड़ सकते हैं चुनाव)
चिरकुण्डा नगर परिषद - अनारक्षित (केवल महिला के लिए)
फुसरो नगर परिषद - अनुसूचित जाति (केवल महिला के लिए)
रामगढ़ नगर परिषद - अनारक्षित (महिला और पुरुष कोई भी लड़ सकते हैं चुनाव)
लोहरदगा नगर परिषद - अनुसूचित जनजाति (केवल महिला के लिए)
गुमला नगर परिषद - अनुसूचित जनजाति (महिला और पुरुष कोई भी लड़ सकते हैं चुनाव)
सिमडेगा नगर परिषद - अनुसूचित जनजाति (महिला और पुरुष कोई भी लड़ सकते हैं चुनाव)
चक्रधरपुर नगर परिषद - अनुसूचित जनजाति (महिला और पुरुष कोई भी लड़ सकते हैं चुनाव)
चाईबासा नगर परिषद - अनुसूचित जनजाति (केवल महिला के लिए)
कपाली नगर परिषद - अनारक्षित (केवल महिला के लिए)

### तीन माह में ...

इसके एक्टिव होने पर इसमें गैस सिलेंडर की चोरी, ट्रैकिंग और ट्रेसिंग, और बेहतर इन्वेंट्री मैनेजमेंट के कई मौजूदा मुद्दों को हल करने की क्षमता है। वर्ल्ड एलपीजी वीक 2022 के वीडियो में हरदीप पुरी अधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए और विचार की व्यवहार्यता के बारे में पूछताछ कर रहे थे। इसका आयोजन यूपी में हुआ था।

**क्या है क्यूआर कोड :** क्यूआर कोड का फुल फॉर्म क्विक रिस्पांस कोड है, जिसे मशीनें पढ़ सकती हैं। ये एक तरह के ऑप्टिकल लेबल होते हैं, जिनमें उस आइटम के बारे में विवरण होता है, जिससे वे जुड़े होते हैं।

## स्पीड न्यूज

### संध्या देवनाथन होंगी मेटा इंडिया की प्रमुख



**नयी दिल्ली।** फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा ने संध्या देवनाथन को भारत के लिए नया हेड और वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। संध्या अब अजीत मोहन की जगह लेंगी। संध्या देवनाथन 1 जनवरी 2023 से अपना कार्यभार संभालेंगी। संध्या को गेमिंग का एक्सपर्ट माना जाता है और वे महिलाओं को गेमिंग इंडस्ट्री में आने के लिए प्रेरित करती हैं।

### आजम खां का वोट देने का अधिकार खत्म

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता आजम खां का वोटर देने का अधिकार खत्म कर दिया गया है। वोटर लिस्ट से नाम हटाया गया। पांच दिसंबर को रामपुर उपचुनाव में अब आजम खां वोट नहीं डाल पाएंगे।

### सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से केजरीवाल के मंत्री सत्येंद्र जैन को झटका दिया है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन और दो अन्य की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। जैन को 30 मई को प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया था। आपको बता दें कि राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनावई करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सत्येंद्र जैन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में मुकदमा दर्ज है।

### सेंसेक्स 230 अंक टूटा

**मुंबई।** गुरुवार को वायदा कारोबार के एक्सपायरी के दिन घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स 230 अंक फिसलकर 61750 अंकों पर जबकि निफ्टी 65 अंक टूटकर 18344 अंक पर बंद हुआ।


### टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पशु तस्करी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल को सीबीआई के बाद अब ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच कर रहे इडी ने गुरुवार को आसनसोल सुधार गृह में बंद बीरभूम से टीएमसी नेता अनुव्रत मंडल से कड़ी पूछताछ की। ईडी ने अनुब्रत से करीब साढ़े पांच घंटे तक पूछताछ की, इस दौरान जांच एजेंसी उनके जवाबों से संतुष्ट नहीं हो सकी। पूछताछ के बाद ईडी ने उनको गिरफ्तार कर लिया। उनके जवाब में विरोधाभास मिलने के बाद ईडी ने गिरफ्तार किया।

## बीएसएफ ने तैयार किया खास लैब

# सीमा पार से आने वाले ड्रोन पर रहेगी नजर

**गृह मंत्रालय और विशेषज्ञ एजेंसी द्वारा खास लैब तैयार किया जा रहा है**



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन घुसपैठ के मामले दोगुने होने के बाद देश में पहली बार ऐसे खास लैब को गृह मंत्रालय और विशेषज्ञ एजेंसी द्वारा विकसित किया गया है। इस लैब में दो तरीके से घुसपैठी ड्रोन के बारे में तफ्तीश की जाएगी। पहला जिन्हे सीमा पर देखा जाता है, दूसरा जो मार गिराए जाते हैं। बीएसएफ की खास लैब, जिसे सुरक्षाबलों ने पिछले कुछ महीनों में विकसित किया है। वो भारतीय सीमा में घुसपैठ कर रहे ड्रोन पर नजर रखेंगे।

ड्रोन यूएवी साइबर फोरेंसिक लैब को विकसित करनेवाली एजेंसियों का मानना है कि मौजूदा ड्रोन खतरा, जो भारत पर मंडरा रहा है, उससे निपटने में ये लैब बहुत ही कारगर साबित होगी। इस लैब में ऐसी खास तकनीक होगी, जिससे ड्रोन में लगे जीपीएस के बारे में पता लगाया जा सकेगा। ड्रोन में मौजूद जीपीएस की मदद से सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां पता लगा सकती हैं कि गिराया गया ड्रोन कहां से भेजा गया है और कहां गया है। इसके अलावा इस लैब में मौजूद खास तकनीक से दुश्मन द्वारा भेजे गए ड्रोन की लोकेशन आएगी और ड्यूरेशन आएगी कि कितनी देर तक ये हवा में था। जब्त किए गए ड्रोन के हार्डवेयर से पाकिस्तानी डेटा को भी इस लैब में हैक किया जा सकेगा। बीएसएफ के डीजी पंकज सिंह ने बताया कि गृह मंत्रालय के सहयोग से ऐसी लैब को मौजूदा वक्त की जरूरत और खतरे के देखते हुए तैयार किया गया है। पाकिस्तान भारत में नशे की खेप और हथियारों की तस्करी के लिए नेविगेट टू होम ड्रोन इस्तेमाल कर रहा है। पाकिस्तान की बौखलाहट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल ड्रोन गिराए जाने के मामले और ड्रोन देखे जाने के मामले भारत-पाक सीमा पर दोगुने से भी ज्यादा हो गए हैं। साल 2021 में 109 बार ड्रोन सीमा पर मंडराते देखे गए थे। जबकि इस साल यह तादाद 224 को पार कर चुकी है।

## नेपाल ने भारत के सीईसी को अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक के रूप में किया आमंत्रित

**काठमांडो।** आगामी चुनाव के मद्देनजर नेपाल ने भारत के अनुभव का लाभ उठाने का फैसला किया है। नेपाल के निर्वाचन आयोग ने भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीइसी) राजीव कुमार को उनके देश में प्रतिनिधि सभा और प्रांतीय विधानसभा के होने वाले आगामी चुनावों में अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक की भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया है। नेपाल में संघीय संसद की 275 सीटों और सात प्रांतीय विधानसभाओं की 550 सीटों के लिए 20 नवंबर को चुनाव होना है।

## आतंक के खिलाफ एकजुट होंगे भारत समेत 80 देश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सत्तर से भी अधिक देश और दस से भी अधिक बहुपक्षीय संगठन दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन चुके आतंकवाद के वित्त पोषण पर अंकुश लगाने के लिए दो दिन तक अंतर्राष्ट्रीय मंत्री स्तरीय 'आतंक के लिए कोई धन नहीं' सम्मेलन में गहन विचार मंथन करेंगे जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उद्घाटन करेंगे। एनआइए के महानिदेशक दिनकर गुप्ता ने गुरूवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस तरह का यह तीसरा सम्मेलन है और इससे पहले दो सम्मेलन फ्रांस में 2018 में तथा आस्ट्रेलिया में 2019 में हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सम्मेलन में उद्घाटन भाषण देंगे और इसका समापन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के साथ होगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद-रोधी वित्तपोषण पर लगाम लगाने के लिए मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को प्रभावशाली बनाने के साथ साथ उभरती चुनौतियों के समाधान पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में मेजबान भारत के अलावा 78 देश तथा इंटरपोल और वित्तीय कार्रवाई कार्य बल जैसे करीब 15 बहुपक्षीय संगठन हिस्सा ले रहे हैं। इनमें से करीब 20 देशों के मंत्री सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान सम्मेलन में हिस्सा नहीं ले रहे हैं और चीन ने अभी तक पुष्टि नहीं की है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) संजय वर्मा ने कहा कि चीन को निमंत्रण भेजा गया था।



## राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों की रिहाई के खिलाफ केंद्र सरकार

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड के सभी दोषियों को रिहा करने के 11 नवंबर के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की है। इधर, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नलिनी समेत सात लोग जेल से बाहर आ गए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में इन सभी लोगों के 30 साल से अधिक समय से जेल में बंद रहने को आधार माना था।

## पंजाब पुलिस ने किया आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश, दो आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब में आतंकी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का पदार्फाश करते हुए अमृतसर पुलिस ने गुरुवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आतंकियों के पास से तीन हैंड ग्रेनेड, करीब एक लाख रुपये नकद और एक ब्रेजा कार बरामद की है।

सूत्रों का कहना है दोनों आरोपी फिरोजपुर के रहने वाले हैं और उनकी पहचान प्रकाश सिंह और अंगरेज सिंह के रूप में हुई है। दोनों को अमृतसर-पठानकोट रोड पर एक चौकी पर उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वे मकबूलपुरा की तरफ जा रहे थे। बताया जा रहा है कि पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इनका किस आतंकी संगठन से संबंध है।

## पूर्व आइएएस डॉ सीवी आनंद होंगे बंगाल के अगले राज्यपाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नए राज्यपाल के नाम का एलान हो गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी प्रेस रिलीज में बताया गया है कि डॉक्टर सीवी आनंद बोस बंगाल के अगले गवर्नर होंगे। डॉ सीवी आनंद बोस आईएएस के पूर्व अधिकारी हैं। वर्तमान मेघालय सरकार में वह सलाहकार हैं। वह लोक सेवक, आवास विशेषज्ञ, लेखक और वक्ता भी हैं। वे विवि के कुलपति से लेकर भारत सरकार के सचिव, मुख्य सचिव का पद भी संभाल चुके हैं।

## सिलीगुड़ी में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बीमार

**सिलीगुड़ी।** केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बीमार हो गए। हालांकि, कुछ देर बाद वे ठीक हो गए और अपनी कार से रवाना हो गए। भाजपा विधायक नीरज जिम्बा ने बताया कि कार्यक्रम खत्म होने के बाद गडकरी ने बेचैनी की शिकायत की थी। डॉक्टरों ने तुरंत संभाला व मंच के पीछे ले गए। दवाएं आदि लेने के कुछ देर बाद वे ठीक हो गए। अधिकारियों के अनुसार गडकरी को दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट के निवास पर ले जाया गया। बिष्ट भी कार्यक्रम में मौजूद थे। गडकरी इन दिनों बंगाल के सघन दौरे पर हैं।

## श्रद्धा के हत्यारे आफताब का होगा नार्को टेस्ट



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के श्रद्धा वॉकर मर्डर केस के आरोपी आफताब की 5 दिन की कस्टडी और बढ़ गई है। दिल्ली की एक अदालत ने आफताब को 5 दिनों के लिए पुलिस कस्टडी में भेजा है। बता दें कि इससे पहले भी आफताब को 5 दिन की कस्टडी दी गई थी। साकेत कोर्ट में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आफताब की पेशी कराई गई। साकेत कोर्ट ने आफताब के नार्को टेस्ट की भी इजाजत दे दी है।

**आफताब को पुलिस ले जाना चाहती है उत्तराखंड :** बता दें कि पुलिस ने कोर्ट से 10 दिन की हिरासत मांगी थी। अदालत ने पुलिस को नार्को टेस्ट की भी इजाजत दी है। पुलिस आफताब को उत्तराखंड और हिमाचल भी ले जाना चाहती है, जहां वह श्रद्धा को घुमाने ले गया था। मामले की सुनवाई से पहले साकेत कोर्ट के बाहर वकीलों ने श्रद्धा मर्डर केस के आरोपी के खिलाफ नारेबाजी की। वकीलों ने आफताब के लिए फांसी की मांग की।

**वकीलों का खौला खून**

वहीं आफताब की पेशी के दौरान कोर्ट के बाहर वकीलों ने जमकर हंगामा किया। वकीलों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। वकीलों की मांग थी कि आफताब को मौत की सजा दी जाए। वकीलों ने आरोपी के लिए फांसी की मांग को लेकर नारेबाजी की।

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने अग्निपथ योजना को बताया बेहद खतरनाक

**नयी दिल्ली।** मेघालय के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने गुरुवार को एक बार फिर सेना भर्ती योजना अग्निपथ को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। पूर्व राज्यपाल ने कहा कि सेना भर्ती की अग्निपथ योजना देश के लिए बेहद खतरनाक है। उन्होंने केंद्र सरकार से सैन्य बलों में संविदा नियुक्ति की इस प्रक्रिया को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि अग्निपथ योजना देश के लिए बेहद खतरनाक है। उन्हें नहीं पता कि वे देश को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। अग्निपथ एक बहुत ही खतरनाक योजना है। केंद्र को इसे तुरंत वापस लेना चाहिए।

## स्पोर्ट्स

### न्यूजीलैंड और भारत के बीच पहला टी20 आज



**वेलिंग्टन।** वर्ल्ड कप से शर्मनाक विदाई के बाद भारतीय टीम शुक्रवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ नई शुरूआत करने उतरेगी। अगला टी-20 विश्व कप अभी दो साल दूर है और ऐसे में टीम इंडिया अपने नए नगीनों की तलाश में जुट चुकी है। अगले टी-20 विश्व कप में टीम के संभावित कप्तान हार्दिक पंड्या की कप्तानी में भारतीय टीम पूरी तरह तैयार है। बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए टी-20 विश्व कप 2022 टीम के अधिकांश सदस्यों को आराम दिया है।

**टीम इस प्रकार हैं : न्यूजीलैंड :** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्युसन, डेरिल मिशेल, एडम मिल्ने, जिमी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, टिम साउथी, ईश सोढ़ी और ब्लेयर टिकनर।

**भारत :** हार्दिक पांड्या (कप्तान), ऋषभ पंत, इशान किशन, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, हर्षल पटेल, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक।

**समय :** मैच दोपहर 12 बजे से शुरू होगा।

### पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दी मात

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही 3 मैचों की वनडे सीरीज के पहले वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने ट्रैविस हेड और डेविड वार्नर की शानदार बल्लेबाजी के दम पर इंग्लैंड को 6 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टॉस ऑस्ट्रेलिया ने जीत कर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के सामने जीत के लिए 288 रन का लक्ष्य रखा। इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी, लेकिन डाविड मलान की 134 रन की शतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया के सामने एक मजबूत लक्ष्य रखा। उनकी पारी की बदौलत उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### ऑस्ट्रेलिया ओपन टेनिस: जोकोविच पर वीजा पाबंदी हटी

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया सरकार ने सर्बिया के नामी टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध उठा लिए हैं। इससे उनका आस्ट्रेलियाई ओपन टूर्नामेंट में खेलने का रास्ता खुल गया है। आस्ट्रेलिया के आव्रजन मामलों के मंत्री एंड्रयू जाइल्स ने गुरुवार को जोकोविच पर वीजा की पाबंदी हटाए जाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि जोकोविच को अस्थायी वीजा दिया गया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन आगामी 16-29 जनवरी तक आयोजित किया गया है।

## सऊदी अरब जाने वाले भारतीयों को नहीं देना होगा पुलिस क्लीयरेंस



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और सऊदी अरब के बीच लगातार मजबूत होते संबंधों में गुरुवार को एक नया अध्याय जुड़ा। सऊदी अरब ने फैसला किया है कि अब भारतीय नागरिकों को उसके देश का वीजा हासिल करने के लिए पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) जमा करने की जरूरत नहीं होगी। दिल्ली में सऊदी दूतावास ने ट्वीट किया, सऊदी अरब और भारत के बीच मजबूत संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को देखते हुए किंगडम ने भारतीय नागरिकों को पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट जमा करने से छूट देने का फैसला किया है। दूतावास की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि भारतीय नागरिकों को वीजा हासिल करने के लिए अब पीसीसी जमा करने की जरूरत नहीं होगी। ये फैसला दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को और बेहतर करने के लिए उठाया गया है। दूतावास सऊदी अरब में शांतिपूर्वक रह रहे 20 लाख भारतीय नागरिकों के योगदान की सराहना करता है।

## नीतीश के मंत्री समीर महासेठ के घर और दफ्तर पर आइटी का छापा

**पटना।** बिहार के सियासी गलियारों से एक बड़ी खबर सामने आ रही है जो कि नीतीश सरकार की मुश्किलें बढ़ा सकती है। बताया जा रहा है कि बिहार के उद्योग मंत्री समीर महासेठ के घर और दफ्तर पर आयकर विभाग का छापा पड़ा है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि आयकर विभाग साकार बिल्डर पर शिकंजा कसने की तैयारी में छापेमारी कर रहा है।

## बीपीएससी 67वीं पीटी का रिजल्ट घोषित

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) 67वीं पीटी के नतीजे घोषित कर दिए हैं। लंबे समय से उम्मीदवार रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे। 802 पदों के लिए ली गई परीक्षा में 11607 उम्मीदवारों को सफलता मिली है। लगभग 4.75 लाख उम्मीदवार परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे थे।

## राहुल गांधी का दावा : सावरकर अंग्रेजों के नौकर बने रहना चाहते थे



एजेंसी

**मुंबई।** भारत जोड़ो यात्रा पर निकले राहुल गांधी ने एक बार फिर सावरकर पर निशान साधा है। राहुल ने गुरुवार को अकोला में मीडिया के सामने एक चिट्ठी दिखाई। उन्होंने बताया कि सावरकर ने ये चिट्ठी अंग्रेजों को लिखी थी। उन्होंने खुद को अंग्रेजों का नौकर बने रहने की बात कही थी। साथ ही डरकर माफी भी मांगी थी। गांधी-नेहरू ने ऐसा नहीं किया, इसलिए वे सालों तक जेल में रहे। इधर, राहुल के इस बयान पर महाराष्ट्र का सियासी पारा भी चढ़ गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी उट देवेंद्र फडणवीस ने आपत्ति जताई है। वहीं पिछली सरकार में कांग्रेस के सहयोग से राज्य के सीएम रहे उद्धव ठाकरे ने राहुल के बयान से असहमति जताई है। बता दें कि इसी हफ्ते कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में आदित्य ठाकरे शामिल हुए थे।

**सावरकर के पोते ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई**

सावरकर के पोते रंजीत सावरकर ने मुंबई के शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन में राहुल गांधी और महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले की शिकायत की है। रंजीत ने बताया- राहुल कहते हैं कि सावरकर अंग्रेजों की नौकरी करते थे और उनसे पेंशन लेते थे। सावरकर देश के खिलाफ काम करते थे। राहुल ने ऐसा बोलकर वीर सावरकर का अपमान किया है।

## नाइट ड्रेस में मौनी रॉय का सिजलिंग अवतार



नागिन फेम मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपनी कई हॉट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं। अब एक बार फिर उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ बोल्ड फोटोज शेयर की हैं। जिसमें उनका सिजलिंग अवतार नजर आ रहा है। मौनी ने ब्लैक कलर की डीप नेक नाइट ड्रेस पहनी है। फोटोशूट के दौरान उन्होंने सेक्सी पोज दिए हैं। एक्ट्रेस का ये स्टनिंग अवतार देख यूजर्स हैरान रह गए। फैंस उनकी इन तस्वीरों पर फायर इमोजी और रेड हार्ट वाले पोस्ट कर रहे हैं। मौनी ने अपनी दमदार अदाकारी से कईयों का दिल जीत लिया। उन्होंने बॉलीवुड में टीवी से डेब्यू किया था। फैंस अब उन्हें देखने के लिए बेताब हैं। एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग भी तेजी से बढ़ रही है। लोग उनके नए लुक के भी दीवाने हो रहे हैं। मौनी ने इंस्टाग्राम पर अपनी ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें वह काफी डीप नेक फुल स्वाइल ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। इस लुक में मौनी बेहद ग्लैमरस और हॉट लग रही हैं। इस लुक को फ्लॉन्ट करते हुए उन्होंने कैमरे को इंटेंस लुक दिया है। उनका ये लुक फैंस के बीच वायरल हो रहा है।

### मारीच में पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आयेंगे तुषार

अभिनेता तुषार कपूर अपनी आने वाली फिल्म मारीच में पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आयेंगे। तुषार कपूर फिल्म मारीच में पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आयेंगे। इस फिल्म में तुषार के अलावा नसीरुद्दीन शाह भी नजर आएंगे, जो एक कैथोलिक पादरी के रोल में होंगे। तुषार ने कहा, मैंने मारीच के लिये बहुत तैयारी की क्योंकि मैं एक पुलिस वाले की भूमिका निभा रहा हूं और सभी भूमिकाओं की तुलना में बहुत अलग भूमिका निभा रहा हूं। मैं एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहा हूं। यह फिल्म बहुत दिलचस्प है। मैंने अपने चरित्र को साकार करने के लिये कुछ कार्यशालाएं कीं और एक फिट सिक्स-पैक पुलिस वाले के बजाय एक यथार्थवादी मुंबई कॉप की तरह दिखने के लिए मैंने कुछ किलो वजन भी बढ़ाया। मैं असली दिखना चाहता था।

## सूर्य की सतह पर नजर आया सांप! पलक झपकते ही पहुंचा एक से दूसरे कोने

**पेरिस।** यूरोपियन सोलर ऑर्बिटर सूर्य के भीतर छिपे रहस्यों को धरती पर वैज्ञानिकों तक पहुंचाता है। अब इस प्रोब ने हमारे सौर मंडल में एक अनोखी खगोलीय घटना को देखा है। सूर्य पर प्लाज्मा के एक बड़े विस्फोट से पहले एक अजीबोगरीब फिलामेंट को देखा, जो बिल्कुल किसी 'सांप' जैसा प्रतीत हो रहा था। यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने कहा कि यह 'सांप' दरअसल ठंडी वायुमंडलीय गैसों की एक ट्यूब है जो सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र के बीच से अपना रास्ता बना रही थी। अंतरिक्ष में इस घटना को 5 सितंबर को देखा गया था जब सोलर ऑर्बिटर 12 अक्टूबर को करीब से उड़ान भरने के लिए सूर्य की तरफ बढ़ रहा था। सूर्य की सतह पर इस तरह का नजारा पहली बार देखा गया है। खगोलविदों के लिए सोलर स्नेक की घटना और अधिक दिलचस्प इसलिए हो गई क्योंकि यह सूर्य पर एक बड़े विस्फोट से ठीक पहले हुई। इसकी शुरूआत एक सौर सक्रिय क्षेत्र से हुई जो बाद में विस्फोट हो गया जिससे अरबों टन प्लाज्मा अंतरिक्ष में बाहर निकला।



**प्लाज्मा विस्फोट का संकेतक था सोलर स्नेक**

खगोलविदों का अनुमान है कि सोलर स्नेक की घटना प्लाज्मा विस्फोट का संकेतक थी जिसे सोलर ऑर्बिटर ने देख लिया। प्लाज्मा पदार्थ की एक ऐसी अवस्था होती है जिसमें गैस इतनी अधिक गर्म होती है कि उसके परमाणु अपने कुछ बाहरी कणों को खोने लगते हैं जिन्हें इलेक्ट्रॉन कहा जाता है। इलेक्ट्रॉन के निकलने से इलेक्ट्रिकल चार्ज पैदा होता है जो सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र के साथ इंटरेक्ट करता है। सूर्य के वायुमंडल की सभी गैसें प्लाज्मा हैं क्योंकि यहां का तापमान दस लाख डिग्री सेल्सियस से अधिक है।

### इएसए के ऑर्बिटर ने कैद किया अद्भुत वीडियो

**105,000 किमी प्रति घंटे थी रफ्तार**

यूरोपीय स्पेस एजेंसी के ऑर्बिटर को 4.2 करोड़ किमी दूर से सूर्य पर नजर रखने के लिए फरवरी 2020 में लॉन्च किया गया था। एरअ की ओर से जारी वीडियो में सोलर स्नेक पलक झपकते ही एक से दूसरे कोने तक पहुंच जाती है। इस दौरान इसकी रफ्तार 105,000 किमी प्रति घंटे थी। इसके बावजूद गैसों को अपना सफर पूरा करने में 3 घंटे का समय लगा। मुड़े हुए चुंबकीय क्षेत्र से गैसों के गुजरने के चलते यह दूर से दिखने में सांप जैसा प्रतीत हो रहा था।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran - II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran - II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !